रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 15 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-114 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### पराली जलाने की समस्या के समाधान का आह्वान किया जगदीप धनखड़ ने




**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पराली समस्या के समाधान का आह्वान करते हुए कहा कि यह लापरवाही खतरे में डाल रही है। धनखड़ ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2024 समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पराली जलाने के लिए एक व्यवस्था आधारित समाधान खोजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसे केवल कुछ व्यक्तियों पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। धनखड़ ने कहा, हर साल राष्ट्रीय राजधानी पराली जलाने के कारण होने वाली खतरनाक पर्यावरणीय स्थितियों से प्रभावित होती है।

### इज़रायल ने बंगलादेशी हिंदुओं के साथ एकजुटता व्यक्त की

**मुंबई।** इजरायल ने बंगलादेश में रहने वाले हिन्दू समुदाय के लोगों के साथ गहरी एकजुटता व्यक्त की है तथा उनके साथ होने वाले उत्पीड़न और हिंसा की कड़ी निंदा की है। मुंबई स्थित इजरायल के महावाणिज्यदूत कोब्बी शोशनी ने शनिवार को सुबह विश्व हिंदू आर्थिक मंच (डब्ल्यूएचईएफ) 2024 के पूर्ण सत्र के दौरान अपने संबोधन में बंगलादेश में हिंदू समुदाय के साथ गहरी एकजुटता व्यक्त की और उनके साथ होने वाली हिंसा और उत्पीड़न की निंदा की। इज़रायली राजनयिक की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब बंगलादेशी हिंदुओं की दुर्दशा ने अंतरराष्ट्रीय ध्यान और चिंता आकर्षित की है। शोशनी ने कहा, वहां जो हो रहा है वह अस्वीकार्य है। उन्होंने इस अल्पसंख्यक समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

### मुकदमे वापस लेने के लिए तीन करोड़,बेटा देखने के लिए 30 लाख की थी मांग

**जौनपुर।** बेंगलुरु में अपनी पत्नी और उसके परिवार वालों से प्रताड़ित इंजीनियर अतुल सुभाष से



मुकदमा वापस लेने के लिए तीन करोड़ और इकलौते पुत्र से मिलने के लिए 30 लाख रुपए की मांग उसकी पत्नी निकिता की तरफसे की गई थी। यही वजह और मुकदमों से परेशान होकर इंजीनियर अतुल सुभाष ने बेंगलुरु में आत्महत्या कर ली थी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मृत इंजीनियर के भाई विकास ने पुलिस निरीक्षक मराठाहल्ली पुलिस स्टेशन बेंगलुरु को प्रार्थना पत्र दिया है कि नौ दिसंबर सुबह 2:45 बजे घटना के बारे में पता चला, जब मिस्टर जैक्सन का फोन आया उन्होंने मुझसे पूछा क्या वह अपने भाई से बात किए हैं।

# विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से

## रजत जयंती वर्ष में आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू हो रहा है जो कि 5 दिनों तक चलेगा। इस सत्र में कुल चार बैठकें होगी जिस पर 814 प्रश्न लगाए गए है। इनमें 420 तारांगित प्रश्न है और 394 अतारंगित प्रश्न विधानसभा के सदस्यों ने लगाया हैं। इस शीतकालीन सत्र को लेकर विपक्ष पार्टी की बीजेपी सरकार को घेरने की तैयारी जोरों पर है। विपक्ष के नेता डॉ. चरण दास महंत एक होटल में विधायकों की बैठक लेंगे। वही बीजेपी भी सदन में जवाब देने के लिए मुस्तैद नजर आ रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने नए निवास पर विधायक दल की बैठक ली और बैठक में विपक्ष के सवालों को किस तरीके से जवाब देना है कैसे विपक्ष को घेरना है क्या उपलब्धियां सरकार ने 1 साल पर किया है ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर विधायकों को दिशा निर्देश दिया है।

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा ने अपनी स्थापना के 24 वर्ष पूरे कर लिए हैं और इस ऐतिहासिक अवसर को रजत जयंती के रूप में पूरे वर्षभर मनाया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विधानसभा भवन में



आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रजत जयंती वर्ष के तहत विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधायकों का स्वागत पारंपरिक नृत्य से किया जाएगा। विधानसभा की स्थापना से लेकर अब तक की 24 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए स्लाइड शो का विमोचन किया जाएगा। डॉ. रमन सिंह ने बताया कि इस अवसर पर विधानसभा का एक विशेष वेब पेज भी लॉन्च किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ विधानसभा के सफर, उपलब्धियों और ऐतिहासिक क्षणों की झलक मिलेगी। रजत जयंती वर्ष का मुख्य आकर्षण नया विधानसभा भवन होगा। जिसका लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस कार्यक्रम को 2025 के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के संबोधन के साथ और भी भव्य बनाया जाएगा। रजत जयंती समारोह के तहत विधायकों के बीच सदभावना क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया जाएगा।

# केन्द्रीय गृहमंत्री शाह 3 दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह देर रात राजधानी रायपुर पहुंचे। अमित शाह आज पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रपति पुलिस कलर्स आवार्ड परेड कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद शाह जगदलपुर में राज्य की कानून व्यवस्था के साथ अन्य मामलों की समीक्षा करेंगे। वहीं बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में शामिल होगे। सरेन्डर करने वाले नक्सलियों तथा पीड़ितों से अमित शाह बातचीत कर सकते हैं। इसके साथ ही नक्सल घटना में शहीद जवानों के परिजनों से शाह मुलाकात करेंगें। बस्तर के एक कैम्प का भ्रमण करेंगे साथ ही जवानों के साथ रात्रि भोज भी करेंगे। शाह 16 दिसम्बर को शाम 4 बजे रायपुर लौटेंगे, शाम 6 बजे रायपुर से दिल्ली रवाना होंगे। ➤शेष पेज 10 पर

# सेकुलर सिविल कोड लागू करने की कोशिश करेंगे : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संविधान निर्माताओं और संविधान सभा की भावनाओं के अनुरुप हम देश में सेकुलर सिविल कोड लागू करने के लिए पूरी ताकत से लगे है। पीएम मोदी ने लोकसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर दो दिन चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि संविधान सभा में समान नागरिक संहिता को लेकर गहन चर्चा की गई थी। बाबा साहब आंबेडकर ने धार्मिक आधार पर बने पर्सनल लॉ को खत्म करने की जरूरत पर बल दिया था। संविधान सभा के सदस्य के एम मुंशी जी ने तब कहा था कि समान नागरिक संहिता देश की एकता के लिए अनिवार्य है। शीर्ष न्यायालय ने भी कई बार समान नागरिक संहिता लाने की




बात कही है। हम इसे लागू करने के लिए पूरी ताकत से लगे हैं। कांग्रेस के लोग संविधान निर्माताओं की भावना का अनादर कर रहे हैं। उनके लिए संविधान राजनीति का हथियार है। उन्होंने कहा कि 1951 में जब चुनी हुई सरकार नहीं तब भी अध्यादेश लाकर अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला कर दिया गया। यह संविधान निर्माताओं को घोर अपमान है। अपने मन की चीजें जो संविधान सभा में नहीं करवा पाये पिछले दरवाजे से किये। उनूहोंने कहा कि उसी दौरान उस समय के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा था कि अगर संविधान हमारे राह के बीच में आ जाए तो हर हाल में संविधान बदलना चाहिए। मोदी ने कहा कि संविधान संशोधन करने का एसा खून कांग्रेस के मुंह पर लग गया कि वह समय समय पर करती रही। करीब छह दशक में 75 बार संविधान बदला गया। जो बीज देश के पहले प्रधानमंत्री ने किया उसमें खाद-पानी देने का काम एक और प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया। मोदी ने कहा कि इंदिरा गांधी 1971 में संविधान में जो बदलाव किया उसने मौलिक अधिकारों को छीनने और न्यायपालिका पर नियंत्रण करने का उन्हें अधिकार दिया था। उन्होंने अपनी कुर्सी बचाने के लिए देश में आपातकाल लगाकार संविधान का दुरुपयोग किया। 1975 में 39 बार संविधान संशोधन किया।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथों छत्तीसगढ़ पुलिस को मिलेगा राष्ट्रपति पुलिस कलर अवार्ड

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ पुलिस को अपनी सत्यनिष्ठा, मानवीय गरिमा और पिछले 24 वर्षो के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड के लिए देश के सर्वोच्च पुलिस सम्मान राष्ट्रपति पुलिस कलर अवार्ड से आज सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक पुलिस परेड ग्राउंड, रायपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथों सम्मानित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा छत्तीसगढ़ पुलिस को यह सम्मान मिलना मेरे लिए गर्व का क्षण है। यह मेरे गृहमंत्री के कार्यकाल में हुआ है जिससे मैं और भी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह पुरस्कार हमारे पुलिस बल के कर्तव्य परायणता, मेहनत और ईमानदारी का प्रमाण है। राष्ट्रपति का पुलिस कलर अवार्ड छत्तीसगढ़ पुलिस के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ता है। यह सम्मान न केवल हमारे पुलिस बल के मनोबल को ऊंचा करेगा।

# 16 को पंजाब के बाहर ट्रैक्टर मार्च, 18 को पंजाब में रेल रोको

**चंडीगढ़।** किसान-मजदूर मोर्चा नेता सरवन सिंह पंधेर ने आरोप लगाया कि शंभू सीमा से दिल्ली कूच करने का प्रयास करने वाले 101 किसानों पर निर्मम बलप्रयोग किया गया, जिसमें 17 किसान जखमी हुए हैं। पंधेर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत की सरकार जो तीसरी, चौथी, पाँचवीं बड़ी आर्थिक महाशक्ति कहलाती है, उन्होंने 101 किसानों पर जिस तरह बलप्रयोग किया है, निंदनीय है। पंधेर ने आरोप लगाया कि अंबाला के उपायुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जब किसानों से बात कर रहे थे तब भी रसायन युक्त पानी मारा गया। बम फोड़े गए। आँसू गैस छोड़ी गई। उन्होंने कहा कि घायल 17 किसानों में से कुछ की हालत गंभीर है और वह पंजाब सरकार से भी अनुरोध करना चाहेंगे कि घायलों का ठीक से इलाज किया जाए। किसान नेता ने कहा कि सोमवार को पंजाब के बाहर ट्रैक्टर मार्च होगा जबकि बुधवार को पंजाब में रेल रोको होगा। उन्होंने समाज के हर वर्ग के लोगों से किसान आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की मांग की।

# विदेश मंत्री, यूएई उप उपप्रधानमंत्री ने डीपीएम ने आईएमईईसी, वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर पर काम पर चर्चा की

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री एस जयशंकर और संयुक्त अरब अमीरात के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद ने 15वीं भारत-यूएई संयुक्त आयोग की बैठक के दौरान भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर चर्चा की और हाल ही में वर्चुअल माध्यम व्यापार गलियारा, से काम शुरू होने का स्वागत किया। एक बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने एमएआईटीआरआई इंटरफ़ेस पर काम शुरू करने का भी स्वागत किया, और स्वीकार किया कि वीटीसी और एमएआईटीआरआई एक डेटा विनिमय प्रणाली के माध्यम से व्यापार प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करेंगे जो दोनों देशों के बीच कागज रहित लेनदेन की सुविधा प्रदान करेगा।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया मीडिया क्रिकेट लीग का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर के न्यू राजेंद्र नगर स्थित द्रोणाचार्य स्कूल में 2 दिवसीय मीडिया क्रिकेट लीग का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह आयोजन खेल प्रेमियों और मीडिया के खिलाड़ियों के लिए एक विशेष अवसर है। मीडिया के साथी अब तक खबरों की दौड़ में आगे निकलने के लिए आपस में प्रतियोगिता करते रहे हैं, लेकिन खेल के मैदान में खेल भावना के साथ आपस में प्रतियोगिता करते हुए देखना रोमांचकारी अनुभव है। उन्होंने इस आयोजन के लिए सभी आयोजकों और प्रेस क्लब के साथियों सहित प्रतिभागी के रूप में शामिल हो रहे मीडिया के सभी साथियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों के मध्य खेल भावना की प्रशंसा करते हुए आयोजन की सराहना की।

# 1 साल के भीतर चार-चार बार दाम बढ़ाने के बाद अब फिर से बिजली बिल में बढ़ोतरी जनता पर अत्याचार है : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बीते 1 साल के दौरान भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बिजली के दाम में चार-चार बार बढ़ोतरी किया गया, और अब नये साल में एक बार फिर से बिजली बिल की दरें बढ़ाने की तैयारी है। विगत एक साल के भीतर ही 17.31 प्रतिशत बिजली के दाम बढ़ाये गए और अब फिर से जनता की जेब में डकैती की तैयारी है। प्रदेश के 65 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को नए साल में महंगी बिजली का झटका देने जा रही है साय सरकार। प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ित है इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। पिछले 1 साल से बिजली के बिल दुगुने आ रहे है। पिछले माह के बिल में सुरक्षा निधि के नाम पर उपभोक्ताओं से बिल के साथ 30 प्रतिशत अतिरिक्त राशि वसूला गया था। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है। स्मार्ट मीटर लगा कर उपभोक्ता को लूटने की तैयारी भाजपा सरकार कर रही है, कांग्रेस इसका विरोध करती है। कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रु. तक की बचत हुई है।

## बस्तर और सरगुजा के सुदूर वनांचलों में भी बिछ रही नई रेल लाइनें

# डबल इंजन की सरकार में रेल नेटवर्क को मिल रही मजबूती

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की डबल इंजन की सरकार में रेल नेटवर्क का लगातार विस्तार हो रहा है। यहां नई रेल लाइन बिछाने की कई परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मजबूत हो रहे रेल नेटवर्क से आने वाले समय में न केवल माल परिवहन की सुविधाओं में इजाफा होगा, बल्कि यहां के लोगों को राज्य के भीतर और राज्य के बाहर भी सुविधाजनक यात्रा के कई नए विकल्प मिलेंगे। राज्य में रेल नेटवर्क के विस्तार से औद्योगिक और अधोसंरचना विकास को भी नई गति मिलेगी। छत्तीसगढ़ सरकार और रेल मंत्रालय के बेहतर समन्वय से राज्य में




नई रेल लाइनों के काम दुरुत गति से चल रहे हैं। रावघाट रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत दल्लीराजहरा से अंतागढ़ तक नई बिछी 77 किलोमीटर लाइन पर यात्री ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इस रेल लाइन के दोनों ओर बसे हजारों ग्रामीण अब अपने गांव से ही ट्रेन में बैठकर रोज दल्लीराजहरा, दुर्ग, भिलाई और रायपुर तक किफायती सफर कर रहे हैं। इस रेल लाइन को रावघाट तक बढ़ाने के लिए तुमापाल (ताहोकी) से कोसरोण्डा तक पांच पुल-पुलियों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। रेल पटरी बिछाने का कार्य भी प्रगति पर है। कोसरोण्डा से फुलपाड़ एवं फुलपाड़ से रावघाट तक अर्थ वर्क के साथ 21 पुल-पुलियों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। साथ ही 27 पुल-पुलियों का काम प्रगति पर है। सरगीपाल के पास रेलवे स्टेशन के भवन, प्लेटफॉर्म और आवासीय भवन का कार्य भी प्रगति पर है। रावघाट के भिलाई से रेल मार्ग से जुड़ जाने से भिलाई इस्पात संयंत्र को बड़े पैमाने पर लौह अयस्क की आपूर्ति हो सकेगी। साथ ही इस सुदूर क्षेत्र के लोगों को यातायात का एक सर्वसुलभ और किफायती साधन भी उपलब्ध होगा। बस्तर में के.के. (कोत्तावलसा से किरंदुल) रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना का काम भी तेजी से चल रहा है। इस 446 किलोमीटर लंबे रेल लाइन का 170 किलोमीटर हिस्सा छत्तीसगढ़ में है। बस्तर जिले में इसकी लंबाई 92 किलोमीटर और दंतेवाड़ा जिले में 78 किलोमीटर है। छत्तीसगढ़ में इस रेल लाइन के 148 किलोमीटर में दोहरीकरण का काम पूर्ण हो गया है, जिनमें बस्तर जिले में आने वाला 92 किलोमीटर और दंतेवाड़ा जिले का 56 किलोमीटर रेल लाइन शामिल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश की आर्थिक तरक्की के लिए रेल परिवहन के समुचित उपयोग पर जोर दे रहे हैं। भारत सरकार के सहयोग से राज्य में कई रेल परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहे हैं। साथ ही कई परियोजनाओं के विस्तार की तैयारी है।




# गडकरी ने कश्मीर में चार-लेन राजमार्ग परियोजना के लिये 827.98 करोड़ रुपये मंजूर किये

वार्ता ‹ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर को लेह से जोड़ने वाले चार लेन वाले राजमार्ग के निर्माण और उन्नयन के लिये करीब 827.98 करोड़ रुपयों के फंड की मंजूरी दी।



गडकरी ने कहा कि यह परियोजना महत्वपूर्ण क्षेत्रों तक पहुंच को सुव्यवस्थित करेगी, क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देगी और पर्यटन को बढ़ावा देगी। जम्मू-कश्मीर में वेइल ब्रिज के पास पांडच से मणिगाम तक 4-लेन राजमार्ग के निर्माण और उन्नयन के लिए 827.98 करोड़ रुपये मंजूर किए गये हैं। उन्होंने बताया कि 12.11 किलोमीटर तक फैली इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार करना है, जिससे पर्यटकों और लेह तथा कारगिल में रक्षा आवाजाही दोनों को लाभ होगा। गडकरी ने कहा, इस परियोजना में एक प्रमुख पुल, तीन छोटे पुल, तीन पुनर्सरेखण और 51 बॉक्स कलवर्ट शामिल हैं। साथ ही, गंदेरबल शहर से होकर गुजरने वाली 2.55 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड संरचना भी शामिल है। श्रीनगर रिंग रोड (चरण- द्वितीयए) का हिस्सा, यह राजमार्ग लेह और कारगिल की यात्रा करने वाले पर्यटकों और रक्षा वाहनों के लिए कनेक्टिविटी को काफी हद तक बढ़ाएगा।

## भजनलाल ने राजस्थान में विकास की परिकल्पना को किया साकार

**जयपुर ।** राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री बनने के बाद अपने पहले एक वर्ष के कार्यकाल में ही कई ऐतिहासिक फैसले एवं काम करके प्रदेश और समाज के सभी पहलुओं के विकास की परिकल्पना को साकार किया है। उन्होंने कहा राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार हर नागरिक के स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक, सामाजिक, और आध्यात्मिक विकास को महत्व दे रही है।

# हमारा संविधान सबसे बड़ा और खूबसूरतः रिजिजू

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने समानता को संविधान की आत्मा करार देते हुए लोकसभा में कहा कि इसमें सभी नागरिकों के लिए बराबरी का अधिकार और अवसर प्रदान किया गया, इसलिए यह दुनिया का सबसे बड़ा और खूबसूरत संविधान है।



संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने 'संविधान अंगीकार करने के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर आज दूसरे दिन चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि संविधान की भावना के अनुसार ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के साथ सरकार का कामकाज शुरू किया। उन्होंने कहा कि संविधान की बदौलत ही आज देश के सर्वोच्च पद पर एक आदिवासी महिला विराजमान है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा ही नहीं, बल्कि सबसे खुबसूरत भी है, जिसमें सभी के लिए प्रावधान है। इस संविधान को लेकर हम लोग गौरव महसूस करते हैं। रिजिजू ने कहा कि हमारे देश में अल्पसंख्यक आयोग है, जबकि अन्य देश में ऐसा नहीं है। अल्पसंख्यकों के लिए विशेष कानून बनाया गया है। अल्पसंख्यकों के लिए कई योजनाएं बनाई गई, जिसका उनको लाभ मिल रहा है।

## आडवाणी की तबीयत बिगड़ी अपोलो अस्पताल में भर्ती

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को शुक्रवार देर रात दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार 96 वर्षीय आडवाणी का न्यूरोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर विनीत सूरी की देखरेख में उपचार किया जा रहा है। उनकी हालत स्थिर है। इससे पहले इसी साल 04 जुलाई को भी आडवाणी को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उससे कुछ दिन पहले उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) उपचार के लिए ले जाया गया था। उन्हें एम्स में उपचार के बाद अगले दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी थी। इसके बाद 06 अगस्त को भी उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था।

## डूबने से दुनिया में हर साल 3 लाख मौत आधे 29 साल से कम के : डब्ल्यूएचओ

**नयी दिल्ली।** डब्ल्यूएचओ ने डूबने से मरने वालों की रोकथाम पर अपनी पहली रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें 2000 के बाद से विश्व में डूबने से होने वाली मृत्यु दर में 38% की गिरावट आयी है, लेकिन कम आय वाले देशों में यह जोखिम ऊंचा बना हुआ है।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म सुरक्षा प्रतिज्ञा लेंगे

**नयी दिल्ली।** ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से उत्पाद खरीदने वाले उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए इन प्लेटफॉर्म कंपनियों के लिए सुरक्षा प्रतिज्ञा -पत्र तैयार किया है। जिस पर इसी माह राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर हस्ताक्षर करेंगी।

## अतिरिक्त कृषि ऋण की सीमा बढ़ाकर दो लाख रुपए हुई

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिज़र्व बैंक ने कृषि संबंधी सहायक कार्यों के अतिरिक्त कृषि ऋण की सीमा 1.6 लाख रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपए करने की घोषणा की है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि किसान पर 1.6 लाख रुपये की वर्तमान ऋण सीमा को बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है। यह परिवर्तन एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगा।

मंत्रालय के अनुसार यह निर्णय मुद्रास्फीति और कृषि की बढ़ती लागत के कारण से किया गया है। इसका उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय पहुँच प्रदान करना है और यह सुनिश्चित करना कि उनके पास अपनी कृषि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन हों।

# ब्रिटेन, इटली, जापान ने सुपरसोनिक लड़ाकू विमान बनाने के लिए संयुक्त उद्यम शुरू किया

वार्ता ‹ लंदन
www.dailypioneer.com

ब्रिटेन की रक्षा ठेकेदार कंपनी बीएई सिस्टम्स, इटली की लियोनार्डो और जापान की एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रियल एन्हांसमेंट (जेएआईईसी) ने अगली पीढ़ी का सुपरसोनिक लड़ाकू विमान विकसित करने के



लिये संयुक्त उद्यम शुरू किया है। यह लड़ाकू विमान यूरोफाइटर टाइफन की जगह लेगा। संयुक्त बयान में कहा गया, बीएई सिस्टम्स (ब्रिटेन), लियोनार्डो (इटली) और जापान एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रियल एन्हांसमेंट कंपनी लिमिटेड (जेएआईईसी) ने ग्लोबल कॉम्बैट एयर प्रोग्राम (जीसीएपी) के लिए एक व्यावसायिक संयुक्त उद्यम के तहत एक नई कंपनी बनाने के लिए एक समझौता किया है। यह उद्यम अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के डिजाइन, विकास और वितरण के लिए जिम्मेदार होगा और इसके पूरे सेवा जीवन के दौरान रखरखाव प्रदान करेगा, जो 2070 से आगे तक बढ़ने की उम्मीद है। उद्यम 2025 के मध्य तक स्थापित होने की उम्मीद है। प्रत्येक कंपनी के पास इसमें 33.3 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जिसकी शाखाएं तीनों देशों में स्थित होंगी। इसका पहला मुख्य प्रबंध अधिकारी (सीईओ) इटली से होगा।

उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2022 में, जापान, इटली और ब्रिटेन के नेताओं ने जापान में एफ-2 जेट तथा इटली और ब्रिटेन में यूरोफाइटर टाइफन को बदलने के लिए एक नए फाइटर जेट के संयुक्त विकास पर सहमति व्यक्त की थी। बाद में, दिसंबर 2023 में, ब्रिटेन, इटली और जापान ने ग्लोबल कॉम्बैट एयर प्रोग्राम (जीसीएपी) सैन्य कार्यक्रम के भीतर एक अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर किए।

# अभिव्यक्ति और संवाद के संतुलन पर पनपता है लोकतंत्रः धनखड़

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र केवल प्रणालियों पर ही नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति और संवाद के संतुलन पर केंद्रित मूल मूल्यों पर भी पनपता है।


श्री धनखड़ ने यहां भारतीय डाक एवं दूर संचार लेखा और वित्त सेवा के 50वें स्थापना संबोधित करते हुए कहा कि आज की संस्थागत चुनौतियाँ भीतर और बाहर से अक्सर सार्थक संवाद और प्रामाणिक अभिव्यक्ति के क्षरण से उत्पन्न होती हैं। विचार की अभिव्यक्ति और सार्थक संवाद दोनों ही लोकतंत्र के अनमोल रत्न हैं। अभिव्यक्ति और संचार एक दूसरे के पूरक हैं। दोनों के बीच सामंजस्य ही सफलता की कुंजी है।

इस अवसर पर संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, डिजिटल संचार आयोग के वित्त सदस्य मनीष सिन्हा और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। श्री धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र केवल व्यवस्थाओं पर नहीं, बल्कि मूल मूल्यों पर पनपता है। इसे अभिव्यक्ति और संवाद के नाजुक संतुलन पर केंद्रित होना चाहिए। अभिव्यक्ति और संवाद, ये जुड़वां ताकतें लोकतांत्रिक जीवन शक्ति को आकार देती



हैं। उनकी प्रगति को व्यक्तिगत पदों से नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक लाभ से मापा जाता है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक यात्रा इस बात का उदाहरण है कि विविधता और विशाल जनसांख्यिकीय क्षमता राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा दे सकती है।

मैं हूँ बदलता बस्तर







Samvad-42449/60

# चिराग परियोजना के तहत 'पोषण सखी' महिलाओं के लिए 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## गांव में 'पोषण सखी' बनकर बेहतर परिणाम देगीं जिले की महिलाएं

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com





जिले के समस्त विकासखंडों में चिराग परियोजना अन्तर्गत ग्रामीण आदिवासी परिवारों की आय बढ़ाने और वर्षभर पोषित आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चिराग परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह परियोजना छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विभाग द्वारा वर्ल्ड बैंक और आई.एफए.डी. के सहयोग से संचालित की जा रही है। परियोजना के तहत चयनित ग्रामों में पोषण आधारित गतिविधियों को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए ''पोषण सखी'' के रूप में महिलाओं का चयन किया गया है, जो अपने ग्रामों में इस महत्वपूर्ण कार्य को बेहतर परिणाम देंगी। इसी क्रम में 13 से 15 दिसंबर तक चयनित महिलाओं ''पोषण सखी'' के रूप में कार्य करने के लिये तकनीकी सहयोगी संस्था पी.सी.आई. के सहयोग से आश्रय भवन दंतेवाड़ा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान चयनित महिलाओं को चिराग परियोजना का परिचय, कुपोषण, संतुलित आहार, कृषि एवं पोषण में संबंध के द्वारा दैनिक भोजन में आहार विविधता के लिये सामाजिक व्यवहार परिवर्तन हेतु संचार किये जाने के लिये पीसीआई मास्टर ट्रेनर भीषम लाल देशमुख एवं संतोषी गेंदले, सुपरवाईजर, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य चयनित महिलाओं को पोषण सखी के रूप में प्रशिक्षित कर उन्हें चिराग परियोजना के तहत् कुपोषण से निपटने, संतुलित आहार और कृषि-पोषण के संबंध के बारे में जानकारी प्रदान करना है। ताकि वे अपने ग्रामों में सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के लिए संचार के माध्यम से आहार विविधता के महत्व को प्रसारित कर सकें। परियोजना के तहत, किसानों को समन्वित कृषि प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। साथ ही, पोषण आधारित गतिविधियों के लिए ग्रामों से महिलाओं का चयन किया जाता है और उन्हें ''पोषण सखी'' के रूप में काम करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

# 2 साल पहले पति की हत्या करने के आरोपिया पत्नी को आजीवन कारावास





पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

ताड़ोकी अंतर्गत ग्राम कुरसेल में 2 साल पहले महिला की अपने पति के साथ लड़ाई-झगड़ा होने पर गुस्सा में आकर घर में रखे कुल्हाड़ी से अपने पति के गले, बांह, सिर को मार दिया है जिससे उसके पति की मौत हो गई। 2 साल पुराने मामले में आरोपिया पत्नी को शनिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही अर्थदंड भी लगाया है अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास से दंड की सजा सुनाई गई है।अपर सत्र न्यायाधीश भानुप्रतापपुर के द्वारा आरोपिया जानकी मण्डावी पति राजकुमार मण्डावी उम्र 32 वर्ष निवासी कुरसेल थाना ताड़ोकी जिला कांकेर के खिलाफ धारा 302 भादवि. के तहत आजीवन कारावास व पाँच सौ रूपए अर्थदंड व्यतिक्रम 02 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास से दंड की सजा सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार गुप्ता ने सजा सुनाई है। अभियोजन की तरफ से पैरवी टीएस यादव अपर लोक अभियोजक द्वारा किया गया। घटना थाना ताड़ोकी अंतर्गत ग्राम कुरसेल की है 27 जून 2022 को प्रार्थी रमेश मण्डावी निवासी कुरसेल द्वारा थाना उपस्थित होकर बताया की 26 जून 2022 को रात्रि में खाना खाकर सोया था कि करीबन 11:05 बजें इनकी बहु आरोपिया जानकी मण्डावी आई और बतायी कि वह कुछ गलती की है, रात्रि में उसका पति राजकुमार के साथ लड़ाई-झगड़ा हुआ, उसी दौरान वह अपने गुस्सा में आकर घर में रखे कुल्हाड़ी से अपने पति राजकुमार के गले, बांह, सिर को मार दिया है, जिससे उसके पति राजकुमार की मौत हो गई है। इनके पुत्र राजकुमार मण्डावी को इनकी बहु जानकी मण्डावी द्वारा टंगिया से उसके गर्दन एवं सिर, बांह में मारकर जानलेवा वार किया जिससे राजकुमार के गर्दन में गहरा चोट आया है। थाना ताड़ोकी में धारा 302 भादवि. के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया, मामले की विवेचना निरीक्षक छत्रपाल सिंह कंवर थाना प्रभारी ताड़ोकी द्वारा किया गया।

## जिला पंचायत सीईओ ने सहित निर्माण कार्यो की ली समीक्षा बैठक

**दंतेवाड़ा।** विगत 12 दिसंबर को जिला पंचायत के सभागार में सी.ई.ओ. जिला पंचायत जयंत नाहटा द्वारा सभी सीईओ जनपद पंचायत, एपी.ओ. नरेगा, बीपीएम एनआरएलएम, बीसी आवास, सचिव एवं तकनीकी सहायकों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना, जल शक्ति अभियान, पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण, अपूर्ण आंगनबाड़ी, मनरेगा, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु अन्य विभिन्न एजेंडा की गहन समीक्षा की गई। बैठक में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में सीईओ ने स्वीकृत आवास के अनुसार प्रथम किस्त के अनुसार दूसरी किश्त प्रदाय हेतु अंतर पाए जाने पर कम करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने अपात्र हितग्राहियों को नस्ती प्रस्तुत करने के लिए भी कहा।

# किरन्दुल में जिला शिक्षा अधिकारी,सीएमओ समेत अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किया गया श्रमदान



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार दंतेवाड़ा जिला अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा के प्रत्येक शनिवार प्रातः स्वच्छता श्रमदान हेतु निर्देशित किया गया हैं। जिसके तहत शनिवार सुबह 9:30 बजे किरंदुल गांधीनगर स्थित मणिकंचन केंद्र में दंतेवाड़ा जिला शिक्षा अधिकारी एस के एमबस्ट तथा नगरपालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा श्रमदान कर साफ सफाई की गई।इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र,सफाई कर्मचारी स्वच्छता दीदी उपस्थित रहें।

# पुराने शिव मन्दिर के जीर्णोद्धार के लिए विधि विधान के साथ हुआ भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com




भानुप्रतापपुर के वार्ड 11 में पुराने शिव मन्दिर के जीर्णोद्धार के लिए विधायक सावित्री मंडावी की उपस्थिति में विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर सावित्री मण्डावी ने सभी को शुभकामनाएं दिए। बताते चलें कि इस वार्ड में वर्षों पूर्व निर्मित शिव मन्दिर है। जिसमें लोग प्रतिदिन पूजा पाठ करते हैं। मंदिर पुराना होने के कारण वार्ड पार्षद जया विजय धामेचा की पहल पर पूर्व विधायक स्वर्गीय मनोज सिंह मंडावी ने मंदिर के कायाकल्प करने के लिए घोषणा किए थे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की इच्छा से ही इस स्थान का विकास हो रहा है। यह हम सभी के लिये सौभाग्य की बात है। जीर्णोद्धार के पश्चात श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। महादेव मन्दिर के जीर्णोद्धार पर अत्यन्त प्रसन्नता हुई। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक स्वर्गीय मनोज सिंह मंडावी द्वारा इस मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए घोषणा किया गया था। किंतु इस बीच कोरोना काल एवं उसके बाद स्वर्गीय मंडावी जी का निधन हो गया उनके किए गए वादों को आज मेरे द्वारा पूर्ण किया जा रहा है।












जगतगुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी

कथा व्यास दाण्डी स्वामी श्रीमज्जयोतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज

जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी




विजय बघेल
सांसद दुर्ग




दीपेश साहू
विधायक बेमेतरा

पंच कुण्डली रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में पधारे समस्त अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक नमन... वंदन... अभिनंदन...


दिनांक 7 दिसंबर शनिवार से पूर्णिमा रविवार 15 दिसंबर तक श्रीमद्भागवत कथा
कथा समय दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक स्थान कृषि उपज मंडी परिसर बेमेतरा
7 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा, 15 दिसंबर को पूर्णाहुति
प्रतिदिन प्रात : 8 बजे से हवन पूजन



विजय सिन्हा
पूर्व अध्यक्ष,
बेमेतरा नगरपालिका, बेमेतरा




डॉ. सौरभ निर्वाणी
राष्ट्रीय सचिव, अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ( चतुः सम्प्रदाय)




प्रज्ञा निर्वाणी
सदस्य
जिला पंचायत बेमेतरा




पंचु साहू
उपाध्यक्ष
बेमेतरा नगरपालिका




नीलू राजपूत
पार्षद
नगर पालिका परिषद, बेमेतरा




प्रदीप सोनी
शीतला बर्तन दुकान
बाजार पारा बेमेतरा



शिवम तिवारी
जनसेवक, भाजपा नेता, बेमेतरा



संतोष पुरी गोस्वामी गुड्डा



गुरुभेज मुटरेजा
गुरुनानक टेंट हाउस बेमेतरा

समस्त क्षेत्रवासी बेमेतरा

# छत्तीसगढ़ में सुशासन का क्रम निरंतर रहेगा जारी : सोनी

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर सर्किट हॉउस बलौदाबाजार में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने सरकार की उपलब्धियों और कार्यों क़ी जानकारी मीडिया से साझा किया। उन्होंने बताया कि मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन साल भर चलता रहा जिससे खुशहाल छत्तीसगढ़ बना और यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। सोनी ने कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो गया है। हमारा यह पहला साल आप सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के अनेक नये आयाम स्थापित किए हैं। इस एक साल में हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गो के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की। हमारी प्राथमिकता में वें लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमने मोदी की अधिकांश गारंटी पूरी की। किसानों से किया वादा पूरा



करते हुए 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की रिकार्ड खरीदी की। हमारी सरकार ने अपने वादे के अनुसार किसान भाई- बहनो को दो साल का बकाया धान का बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपये का अंतरण भी किया जिसमें बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कृषक उन्नति योजना अंतर्गत जिले के 1 लाख 56 हजार 713 किसानों को 799 करोड़ 68 लाख रुपये का भुगतान किया गया। महतारी वन्दन योजना अंतर्गत अब तक इस योजना की 10 किश्तों में 6530 करोड़ रूपए अंतरित किए जा चुके हैं जिसमें बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 3 लाख 29 हजार महिलओं के 279.70 करोड़ रुपये शामिल है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 18 लाख आवास की मंजूरी कैबिनेट से दी गई और बड़ी राशि जारी की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिले में कुल 45 हजार 713 अवसों को स्वीकृति दी गई है जिसमें से 42 हजार से अधिक मकान पूर्ण हो चुका है। इसीप्रकार शहरी क्षेत्र में 5 हजार अवसों की स्वीकृति दी गई है जिसमें से 4 हजार 493 मकान पूर्ण हो गए हैं। हमारी सरकार ने प्रदेश के 68 लाख गरीब परिवारों को पांच साल तक मुफ्त राशन देने की योजना शुरू की। जिले में कुल 49 हजार 517 अंत्योदय, 1643 निराश्रित, 2 लाख 90 हजार 576 प्राथमिकता, 726 निःशक्त, 28 हजार 645 एपीराशन कार्ड जारी की गई है।तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रूपए मानक बोरा किया गया। जनजातीय क्षेत्रों में सड़क, रेल और हवाई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। अब बलौदाबाजार को भी रेल से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने युवाओ को रोजगार स्वरोजगार से जोड़ने के लिए रोजगारपरक नई उद्योग नीति बनाई है। राज्य में गुड़ गर्नेन्स स्थापित करने के लिए शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों कि रियल टाईम मॉनिटरिंग अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। राज्य में नई शिक्षा नीति लागू करके शिक्षा को रोजगापरक बनाया है। राज्य की प्रतिभाओं को निखारने के लिए रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश की 13 नगरीय निकायों में हाईटेक लाइब्रेरी के निर्माण का निर्णय लिया गया है। इसमें बलौदाबाजार भी शामिल है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सनम जांगड़े, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुदिव्या अग्रवाल सहित प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने गए मनोज दुबे

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा शुक्रवार को बलौदाबाजार-भाटापारा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से मनोज दुबे, को छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ बलौदाबाजार-भाटापारा जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस बाबत कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जी.आर.चन्द्रा ने आदेश जारी कर दिया है। साथ ही मनोज दुबे को जिला एवं तहसील शाखा की कार्यकारिणी के गठन के लिए अधिकृत किया गया है। प्रांताध्यक्ष जी.आर.चन्द्रा, महामंत्री उमेश मुदलियार, पूर्व जिलाध्यक्ष पी.के. हिरवानी, बिलासपुर जिलाध्यक्ष रामकुमार यादव, संरक्षक सीएल दुबे, महिला जिलाध्यक्ष सरोज बघमार, आनंद भारती, वाय.आर. सोनी, अश्वनी साहू, संतोष वैष्णव, टीआर नेताम, कार्तिकेश दुबे, राधा रानी ध्रुव, पार्वती वर्मा, नीरज तिवारी, सोनल केशरवानी की उपस्थिति में मनोज दुबे को निर्विरोध बलौदाबाजार-भाटापारा जिला कर्मचारी संघ का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान डॉ. एलएस ध्रुव, संदीप मिश्रा, नीरज बंजारे, गोपाल पटेल, हेमलता साहू, विजय साहू, जितेन्द्र वर्मा, राजकुमार वर्मा, सूघन साहू, वंदना वर्मा, एस द्विवेदी, सत्यनारायण अनंत, केदारनाथ वर्मा, गीता साहू, प्रेम प्रकाश केशरवानी, दीपक ठाकुर, दीपक पात्रे, पंकज घृतलहरे, राजेश नेताम, वीरेन्द्र ठाकुर, यशवंत वर्मा, विजय साहू, टीएस बेगम, संध्या, संध्या पवार, खेलावन विश्वकर्मा, चैतू साहू, दानेश्वरी वैष्णव, टीआर नेताम, रेणुका साहू, रशीदा खान, अहिल्या साहू, नीरा मंहव, कृष्णा कुमारी यादव, चोवा ध्रुव आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

## धमतरी में हुआ जिला स्तरीय युवा उत्सव का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब धमतरी में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया गया। साथ ही विधायक धमतरी ओकार साहू, विधायक सिहावा अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं कलेक्टर नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जी आर मरकाम सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, प्रतिभागी और जिलेवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद ने जिला स्तरीय युवा उत्सव के लिए चयनित प्रतिभागितयों को बधाई देते हुए कहा कि शासन गठन का एक वर्ष पूर्ण हो रहा है। इसके मद्देनजर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रदेश में किया जा रहा है। यह मंच प्रतिभाओं के प्रदर्शन का मंच है। सभी प्रतिभागी अलग.अलग विधाओं में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनौतियां आती हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि मेरा भारत युवा है। वर्ष 2047 तक भरत को विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मेरा भारत आगे बढ़ रहा है और अर्थव्यवस्था में मजबूत हो रहा है। उन्होंने युवाओं को हर क्षेत्र में आगे आने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक धमतरी ओंकार साहू ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवाओं को एक मंच पर लाने का अवसर है युवा उत्सव। उन्होंने प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। वहीं विधायक सिहावा अंबिका मरकाम ने विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव से चयनित होकर जिला स्तरीय युवा उत्सव में पहुंचने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी और आगे बढ़ने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे विभिन्न गतिविधियों में शामिल होकर अपने गांव, जिला और प्रदेश का नाम रोशन करें। पारम्परिक खेलों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अच्छा प्रदर्शन करें। पूर्व विधायक रंजना साहू ने विकासखण्ड स्तर पर चयनित होकर जिला स्तरीय युवा उत्सव में पहुंचे प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए पूरा-पूरा सहयोग कर रही है। इसके साथ ही महिला, युवाओं, विद्यार्थियों सहित सभी वर्ग के लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं को हमेशा जीवन में बेहतर कर आगे बढ़ने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अतिथियों ने विज्ञान मेला, कृषि उत्पाद, हस्तशिल्प, टेक्सटाईल्स के संबंध में लगे स्टॉलों का अवलोकन भी किया। जिला स्तरीय युवा उत्सव में सामूहिक लोकनृत्य में प्रथम स्थान वेदप्रकाश एवं साथी धमतरी और द्वितीय स्थान हेमंत एवं साथ नगरी रहे। इसी तरह सामूहिक लोकगीत में धनेन्द्र एवं साथी धमतरी प्रथम, देविका एवं साथ कुरूद द्वितीय, व्यक्तिगत लोकनृत्य में ऐश्वर्या एवं साथी मगरलोड प्रथम, कल्याणी एवं साथी नगरी द्वितीय, व्यक्तिगत लोकगीत में पूनम एवं साथी धमतरी प्रथम और लोकेश्वरी ध्रुव एवं साथी मगरलोड द्वितीय स्थान पर रहे। कहानी लेखन में योगिता साहू कुरूद प्रथम, मधुराज सिन्हा धमतरी द्वितीय, चित्रकला में परमेश्वर साहू नगरी प्रथम, अवधराम कुरूद द्वितीय, कविता में अंकिता ध्रुव धमतरी प्रथम, कुन्ती साहू मगरलोड द्वितीय, विज्ञान मेला में प्रिया ढीमर धमतरी प्रथम, ट्विंकल साहू मगरलोड द्वितीय, विज्ञान मेला सामुहिक में टीम टेसला धमतरी प्रथम, कुमकुम एंड ग्रुप द्वितीय, हस्तशिल्प में रेशमती निषाद धमतरी प्रथम, प्रियम यादव मगरलोड द्वितीय तथा कृषि उत्पाद में देवप्रसाद धमतरी प्रथम और सिया कृषि उत्पाद समिति कुरूद द्वितीय स्थान पर रहे। जिला स्तर पर आयोजित युवा उत्सव में चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे।

## पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के कार्यकारिणी की हुई बैठक



पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 दिसंबर दिन मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे कर्मचारी भवन तिल्दा में समस्त पेंशनर साथी एकत्रित होकर पेंशनर दिवस मनायेंगे। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष रामावतार पांडेय, महामंत्री अभिमन्यु वर्मा, सचिव सेवादास वैष्णव, कोषाध्यक्ष जवाहरलाल सिरमौर, संरक्षक लालूराम वर्मा, तुलसीराम वर्मा, एस.एन.गुप्ता सहित समस्त साथियों ने अपिल की है कि इस समारोह में पेंशनधारी कल्याण संघ के सभी साथी अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस दिन छत्तीसगढ़ शासन से धारा 49 को हटाकर छत्तीसगढ़ के पेंशनरों के हित में आदेश जारी किया जाना सुनिश्चित करें।ज्ञातव्य हो कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन होने के 24 साल गुजर जाने के बाद भी छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को मध्यप्रदेश शासन के निर्णय का इन्तजार करना होता है।अतः समस्त साथियों से अपील की जाती है कि वे सब 17 दिसम्बर को कर्मचारी भवन तिल्दा में एकत्रित होकर पेंशनर एकता का परिचय देवें।

## छत्तीसगढ़ को 1 साल में बेहाल करने वाली भाजपा सरकार के विरोध में महासमुंद कांग्रेस कमेटी ने किया मौन धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ को 1 साल में बेहाल करने वाली भाजपा सरकार के विरोध में महासमुंद कांग्रेस कमेटी द्वारा मौन धरना प्रदर्शन किया गया। लगातार छत्तीसगढ़ में लोग परेशान हैं बीजेपी ने वादा किया था युवाओं को लाखों नौकरी देने का, पर कर्मचारियों की नौकरी छीनने का काम बीजेपी सरकार ने किया है। पूरे प्रदेश में अपराध में बढ़ोतरी हुई है अपराधियों को कानून व्यवस्था की भय नहीं है। रायपुर राजधानी समेत हर क्षेत्र में गोलीबारी चाकू बाजी चल रही है। 1 साल में 6 बार गोलीबारी 80 हत्या एवं अनेकों लूट डकैती सामूहिक बलात्कार की घटना लगातार हो गई है। यहां तक की पुलिस परिवार भी सुरक्षित नहीं है सूरजपुर में पुलिस कर्मी की पत्नी व मासूम बच्चे की हत्या कर दी गई। प्रदेश सरकार पेड़ों के नाम पर भरपूर नौटंकी कर रही है। भाजपा नेता एक पौधा मां के नाम की नारा देकर हजारों लाखों पेड़ अदाणी के नाम पर कुर्बान करके हसदेव जंगल को बर्बाद कर दिया है। और लाखों पेड़ को कटवा डाला गया है और जंगल के पेड़ कटाई की विरोध करने पर आदिवासियों भाइयों बहनों को बेरहमी से पिटाई की गई है। किसानों का एक साल में हाल बेहाल करने वाली भाजपा सरकार ने धान के एक मुफ्त भुगतान की वादा करने वाली बीजेपी सरकार एक साल में ही किसानों को धोखा देकर दो किस्तों में राशि प्रदान कर रही है और 3100 का धान की राशि का भुगतान मात्र 2300 से कर रही है किसानों की राशि के भुगतान करने में पसीना निकल जा रहा है।भाजपा सरकार के खिलाफ में इन सभी मुद्दों को लेकर एक दिवसीय मौन प्रदर्शन किया गया। जिसमें खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, प्रभारी महामंत्री सुनील शर्मा,नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्ण चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, डॉ.तरुण साहू महामंत्री, पार्षद निखिलकांत साहू, राजेश नेताम, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, राजू साहू, निर्मल जैन, शाहबाज रजवानी, कविता तिवारी सेवादल, मोती साहू,छन्नू साहू, मनोहर ठाकुर, कपिल साहू तुमगांव, प्रकाश अजमानी, नितेंद्र बैनर्जी, सचिन गायकवाड, बसंत चंद्राकर टोमन सिंह कागजी, सुरेंद्र ठाकुर, सागर डोंगरे, शुभम चंद्राकर, होरीलाल साहू,पुरुषोत्तम यादव,मुन्ना ठाकुर,भानु सोनी, जोशी एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उक्त मौन प्रदर्शन में भाग लेकर छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के 1 साल पूरा होने का विरोध किया।

## पीएमश्री प्राथमिक शाला चनाट वाद-विवाद कार्यक्रम मे प्रथम



पायनियर संवाददाता ‹ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पीएमश्री विद्यालयों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता 2024-25 समग्र शिक्षा कार्यालय जिला महासमुंद मे -विद्या वैभव, डिजिटल क्वेस्ट, मंथन मण्डल, डिस्कवर एवं लर्न लोकल साइट्स उक्त चारों विधाओं मे आयोजित हुई, जिसमे मंथन मण्डल के तहत प्राथमिक स्तर पर विकसित भारत और इसकी रुपरेखा विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता मे कु. पूनम (पक्ष) तथा कु. सोनालिका (विपक्ष) ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले मे जिले मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हे प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान बनाने पर प्रधानपाठक नीलाम्बर नायक ने बधाई देकर बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं। साथ ही पदस्थ सहायक शिक्षक प्रभा जगत, ग्रामीण जन मे देवेश पटेल सरपंच प्रतिनिधि रमेश पटेल, नीलाम्बर चौहान, शाला विकास समिति के अध्यक्ष निलकुमार पटेल, संजय पटेल, महेन्द्र पटेल एवं समस्त ग्राम वासियो मे हर्ष ब्याप्त है।

## सुशासन से जनसेवा तक के सफर का सराबोर रहा मुख्यमंत्री का एक वर्षीय कार्यकाल : विजय मोटवानी

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रदेश की आम जनता का सेवा के संकल्प के साथ 1 वर्ष पूर्व राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश मे सरकार सत्तारूढ़ हुई थी जिसके कार्यकाल पर प्रतिक्रिया देते हुए युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने कहा है कि सेवा संकल्प तथा समाधान भाजपा का मूल मंत्र है जिस पर आगे बढ़ते हुए भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार ने किसान, युवा, महिला, बेरोजगार, गरीब सहित समाज के सर्वांगीण वर्ग की जीवन स्तर को ऊपर उठने के लिए अनेक योजनाएं बनाकर धरातल पर उतार कर फलीभूत करने का कार्य की है प्रधानमंत्री आवास लोगों के सर के ऊपर छत की परिकल्पना को साकार करती है तो कृषि को समृद्ध करने के लिए रमन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के 0 प्रतिशत ब्याज के अवधारणा को आगे बढ़कर 31 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करते हुए किसानों के जीवन को समृद्धशाली व खुशहाल बनाने के लिए एक कदम आगे बढ़ी है वहीं दूसरी ओर बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए हजारों की संख्या में पद सृजित किया जा रहा है तो दूसरी ओर युवाओं को फोकस रखते हुए सरकार कार्य कर रही है।

## श्रम पंजीयन शिविर 16 से 19 दिसम्बर तक

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में श्रमिकों के पंजीयन के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 16 दिसम्बर को धमतरी के ग्राम मुजगहन, 17 दिसम्बर को कम्पोजिट भवन के सामने धमतरी और 19 दिसम्बर को वैभव नगर रूद्री रोड, धमतरी में श्रम पंजीयन शिविर लगाया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने उक्त शिविर में संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को सुबह 10 बजे पहुंचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी

पायनियर संवाददाता ‹ कसडोल
www.dailypioneer.com

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा 13.12.2024 को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 16 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 16 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है। इस दौरान थाना गिधपुरी द्वारा 05 एवं थाना लवन द्वारा 11 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। आरोपियों के नाम डोमेश साहू उम्र 30 साल निवासी ग्राम गिधपुरी थाना गिधपुरी, संतोष केवट उम्र 38 साल निवासी ग्राम गिधपुरी थाना गिधपुरी, वीरेंद्र पाटले उम्र 30 साल निवासी ग्राम हरिनभट्ठा थाना गिधपुरी, भूपेंद्र साहू उम्र 34 साल निवासी ग्राम गिधपुरी थाना गिधपूरी, डेविड अनंत उम्र 30 साल निवासी ग्राम सूरजपुरा थाना मुंडा जिला कबीरधाम, अशोक धृतलहरे निवासी वार्ड क्रमांक 14 लवन थाना लवन, सुनील धृतलहरे उम्र 24 साल निवासी ग्राम डोंगरीडीह थाना लवन, अगस्त केवट उम्र 38 साल निवासी ग्राम डोंगरीडीह थाना लवन, डकेश्वर साहू उम्र 53 साल निवासी ग्राम सिंधारी थाना लवन, धरम चतुर्वेदी उम्र 40 साल निवासी ग्राम खम्हरिया थाना लवन, हेमलाल बंजारे उम्र 38 साल निवासी ग्राम खम्हरिया थाना लवन, लुखोराम तांती उम्र 35 साल निवासी ग्राम खम्हरिया थाना लवन, मुकेश बार्वे उम्र 26 साल निवासी वार्ड नंबर 03 लवन थाना लवन, मनोज साहू उम्र 38 साल वार्ड नंबर 02 लवन थाना लवन, मिथलेश साहू उम्र 34 साल निवासी वार्ड नंबर 14 लवन थाना लवन, सराधो बांधे उम्र 34 साल निवासी वार्ड नंबर 14 लवन थाना लवन।

# सिहावा, नगरी में पदस्थ एक थानेदार का आतंक, पनप रहा जनता में आक्रोश

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

आम नागरिकों के सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस विभाग की होती है, इसीलिये उसका नारा है परित्राणाय साधुनाम.. के रूप में चर्चित है। लेकिन देखा जा रहा है कि इस नारे के विपरीत कुछ अधिकारी अपने स्वार्थपूर्ति के लिये कार्य कर रहे हैं। लोगों की शिकायतों को नजरअंदाज कर रहे हैं। जिन शिकायतों में उन्हें आर्थिक लाभ पहुंचता है, उसे वे संज्ञान में लेते हैं। यही नहीं जुआ, सट्टा, शराब जैसे अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों को प्रश्रय दिया जाता है और इसके एवज में भेंट पूजा ली जाती है। यही कुछ हो रहा है, सिहावा नगरी क्षेत्र के एक थाने में। जहां पदस्थ एक अधिकारी द्वारा यह कृत्य किया जा रहा है। तुर्रा यह कि इसका दावा है कि मेरा कोई बाल बांका नहीं कर सकता क्योंकि उनका रिश्तेदार राजधानी के एक वरिष्ठ अधिकारी के कार्यालय में पदस्थ है। हद तो यह है कि उपरोक्त क्षेत्र के एक थानेदार को तत्काल हटाये जाने को लेकर यहां के अधिकारियों को गृहमंत्री तक ने फोन किया था। लेकिन प्रदेश के युवा, तेज तर्रार गृहमंत्री के भी कहने पर उक्त थानेदार के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं किया गया जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि यहां गृहमंत्री का नहीं बल्कि अधिकारीराज का बोलबाला है। यही कारण है कि सिहावा नगरी क्षेत्र में पदस्थ एक थानेदार के आतंक के साथ क्षेत्र की जनता में आक्रोश भी बढ़ रहा है। जबकि दूसरी ओर गृहमंत्री के आदेश को भी जिले के अधिकारी ठेंगा दिखाते नजर आ रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का एक वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न होने पर जनादेश परब के साथ साथ सुशासन का भी जश्न समूचे प्रदेश में चलाया जा रहा है और इसमें कोई संदेह भी नहीं है कि सर्वहारा वर्ग के उत्थान डबल इंजन की सरकार आम लोगों को न्याय, रोजगार दिलाने पूरी तरह कटिबद्ध है।



**गृहमंत्री के आदेश को भी जिले के अधिकारी दिखा रहे ठेंगा**

लेकिन वहीं दूसरी ओर प्रदेश के धमतरी जिले में अधिकारियों की तूती बोल रही है। यहां आम लोगों को चक्कर खिलाया जा रहा है। न उनकी शिकायतों पर ध्यान दिया जाता है, न ही उनकी कोई सुध लेने वाला है। और तो और पुलिस विभाग के सिहावा नगरी क्षेत्र में पदस्थ एक थानेदार द्वारा आम लोगों की शिकायतों को नजरअंदाज किया जाता है और जिन शिकायतों में उन्हें लाभ मिलना होता है, उसे वे संज्ञान में लेकर नियम विरूद्ध कार्य कर रहे हैं। वहां के कुछ पीड़ितों ने इस प्रतिनिधि को बताया कि जबसे उक्त थानेदार यहां पदस्थ हुए हैं, तबसे जुआ, सट्टा, शराब जैसे गैर कानूनी कार्य खुल्लमखुल्ला संचालित हो रहे हैं। इसका विरोध करने वालों को किसी न किसी बात पर थाने बुलाकर धौंसाया जाता है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर जब थाने पहुंचता है तो उक्त अधिकारी द्वारा बिना भेंट पूजा लिये शिकायत लेने से इनकार किया जाता है। इस मामले को लेकर कुछ लोगों ने प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा को भी शिकायत की थी जिन्होंने यहां के वरिष्ठ अधिकारी को निर्देशित किया था कि उन्हें वहां से हटा दिया जाये किंतु गृहमंत्री के कहने के बाद भी उक्त थानेदार को वहां यथावत रखा गया है। खबर है कि उक्त थानेदार कुछ माह में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। सिहावा नगरी क्षेत्र के अनेक लोगों ने अपनी पीड़ा पॉयनियर संवाददाता के समक्ष रखते हुए बताया कि उक्त थानेदार के पदभार ग्रहण करने के बाद से सिहावा नगरी क्षेत्र में पुलिस विभाग की छवि धूमिल हो रही है। साथ ही साथ प्रदेश में स्थापित सुशासन के ऊपर भी कलंक लग रहा है। यहां के पीड़ित लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर इस प्रतिनिधि को यह भी जानकारी दी कि स्वार्थपूर्ति के चलते इस क्षेत्र में पदस्थ इस थानेदार द्वारा लगातार वसूली की जा रही है। किसी भी व्यक्ति को झूठे केस में फंसाने के नाम पर उससे दबावपूर्वक मनमाफिक भेंट पूजा ली जाती है। कुछ लोग जब अपने समस्या और कठिनाईयों को लेकर उक्त थानेदार के पास पहुचते हैं तो उन्हें भगा दिया जाता है और यह कहा जाता है कि मेरे होते हुए यहां अपराध या रिपोर्ट कम दिखनी चाहिये। ऐसा कर वे सिहावा क्षेत्र में होने वाले बड़े-बड़े अपराधों को नजरअंदाज कर दबा देते हैं और जो अपराध में संलग्न रहता है उससे भारी भरकम राशि यह कहकर ली जाती है कि हमें भी उच्चाधिकारियों को खुश करना रहता है, इसलिये मजबूरी से यह कार्य करना पड़ता है। वैसे भी कुछ माह में मै सेवानिवृत्त हो जाऊंगा, उसके बाद जीविकोपार्जन के लिये कुछ न कुछ तो इंतजाम करना पड़ेगा। यह बातें खुलकर पीड़ित लोगों ने कही है। पुलिस के उक्त अधिकारी की कार्यशैली से सिहावा, नगरी क्षेत्र में भारी आक्रोश है और यहां के लोग उस वक्त हताश हो गये, जब उन्हें यह पता चला कि गृहमंत्री के निर्देश के बाद भी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। इससे उक्त थानेदार का हौसला बुलंद है और वे लोगों से अब खुलकर दुव्यर्वहार भी करने लगे हैं जिसे लेकर लोग उनके आतंक से बेहद परेशान हैं। समय रहते अगर इस पर त्वरित संज्ञान एवं कार्यवाही नहीं होती है तो क्षेत्र में कभी भी बड़ी अनहोनी घटना घटने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# संग्रहण केंद्र में भूसा की व्यवस्था नही होने से 2 दिन से खड़े है धान से लदे ट्रक

**जाम की स्तिथि को देखते हुए हथौद और जुंगेरा में खुलेगा नया संग्रहण केंद्र, 4 से हो जाएंगे 6**

## परिवहन की व्यवस्था लड़खड़ाई

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



पायनियर एक्सक्लुसिव

कछुआ से भी कम गति से धान का उठाव व परिवहन होने से जिले में परिवहन की व्यवस्था लड़खड़ा गई हैं। जहां एक ओर उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नही होने से जाम की स्तिथि बन गई है, कुछ दिनों में केंद्रों में खरीदी बंद करने की नौबत आन पड़ रही है। तो वही दूसरी ओर संग्रहण केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था नही होने से 2-3 दिन तक धान से लदे ट्रकों को खाली नही करवाया जा रहा है। जिस स्पीड से ट्रकों को खाली करना है, उस तेज गति से धान से लदी ट्रकों को खाली नबी करवाया जा रहा हैं। धोबनपुरी संग्रहण केंद्र में भूसे की कमी की वजह से गुरुवार शाम से 27 से अधिक धान से लदी ट्रके खड़ी हुई हैं। ट्रक मालिको की माने तो 2-3 ट्रक के खड़े रहने से उन्हें काफी नुकसान हो रहा है। इससे पूर्व भी मालीघोरी और जगतरा संग्रहण केंद्र में कैप कव्हर और भूसा की कमी की वजह से 3 दिन तक 120 से अधिक ट्रके खड़ी हुई थी। मामले को एमडी मार्कफेड ने संज्ञान में लिया था, फिर त्वरित कैप कव्हर की व्यवस्था के बाद ट्रकों को खाली करवाया गया था।

### 2 नए केंद्र खोलने की तैयारी

लड़खड़ाई धान खरीदी की व्यवस्था को देखते हुए जिले में 2 और नए संग्रहण केंद्र बनाने की तैयारी चल रही है। उपार्जन केंद्रों में धान का स्टॉक धीरे धीरे बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार तलक कुल 32 लाख 13 हजार 646 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। वही 10 राईस मिलर द्वारा 20 हजार 498 क्विंटल परिवहन तथा संग्रहण केंद्रों में 4 लाख 6 हजार 210 क्विंटल धान का भंडारण किया जा चूक है। यानी कि 27 लाख 84 हजार 938 क्विंटल धान उठाव हेतु शेष है। राइस मिलर 20 दिसंबर तक असहयोग हड़ताल पर है। तो उनके द्वारा डीओ रिक्रेस्ट डालना तथा उठाव सम्भव नही। तो ऐसे में अब उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी बंद न हो इसके लिए तेज गति से परिवहन कर संग्रहण केंद्रों में धान का भंडारण करना होगा। जिसके मद्देनजर जिले में 2 नए और संग्रहण केंद्र खोलने की तैयारी की जा रही है। जिला विपणन विभाग ने जुंगेरा और हथौद में जगह को चिन्हांकित किया है, जिसकी प्रक्रिया जारी है। जमीन का परीक्षण किया जा रहा है। तो ऐसे में अब जिले में कुल 6 संग्रहण केंद्र हो जाएंगे। अभी वर्तमान में जगतरा, फुण्डा, मालीघोरी और धोबनपुरी है। जिनकी कुल भंडारण क्षमता लगभग 22 लाख क्विंटल हैं।

### नही की जा रही भूसा सप्लाई

बता दे कि संग्रहण केंद्रों में अव्यवस्था का आलम व्याप्त है, धान के भंडारण हेतु जो व्यवस्था केंद्र में पूर्व से हो जानी चाहिए थी, आज तलक वो व्यवस्था मार्कफेड द्वारा नही की जा सकी है। कैप कव्हर की कमी है, तो स्टेक बनाने भूसा ही नही है। बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति के द्वारा भूसा सप्लाई का टेंडर लिया गया है, उसके द्वारा जरूरत के अनुसार भूसा सप्लाई नही किया जा रहा है। जिसकी वजह से संग्रहण केंद्रों में स्टेक नही बन पा रहा है। इसी वजह से ट्रके समय पर खाली नही हो पा रही है। धोबनपुरी में भी स्टेक नही बनाया गया है, जिसकी वजह से गाड़ियां खाली नही हो पा रही है। यहां यह कहना गलत नही होगा की जिला विपणन विभाग की बड़ी लापरवाही है, जिसकी वजह से ये सब स्तिथियाँ निर्मित हो रही है। अगर पूर्व में ही सभी पर्याप्त व्यवस्थाएं के ली जाती तो ये नौबत नही आन पड़ती।

*'जितनी मात्रा में गाड़ियां खाली होनी चाहिए, उतनी मात्रा में नही हो रही है, भूसा और सप्लाई हो रहा है, शुक्रवार को चारों संग्रहण केंद्र मिलाकर 127 ट्रक खाली हुई थी, शनिवार को भी केंद्रों में कुछ गाडियां खाली हुई है, फूल कैपिसिटी के हिसाब से गाड़ियां खाली नही हो पा रही है, 2 नए संग्रहण केंद्र जुंगेरा और हथौद में खोलने की तैयारी चल रही है, जमीन का परीक्षण चल रहा है।'*

**सौरभ भारद्वाज,**
**डीएमओ**

# जिला प्रशासन द्वारा पद्मविभूषण तीजन बाई को 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी अधिकारियों के साथ पंडवानी की लोक गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई की हालत जानने उनके निवास गांव गनियारी पहुंचे। उन्होंने पद्मविभूषण तीजन बाई और उनके परिजनों से मुलाकात कर हाल-चाल पूछा और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर चौधरी ने जिला प्रशासन की ओर से रेडक्रॉस मद से 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक पद्मविभूषण तीजन बाई को प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ बी.के. दुबे और सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी भी साथ मौजूद थे। चिकित्सों ने तीजन बाई जी के स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। कलेक्टर ने परिजनों से चर्चा के दौरान अवगत कराया कि तीजन बाई जी के फिजियोथेरेपी के लिए सितम्बर माह में शासकीय चिकित्सालय सुपेला के डॉ. दीपमाला (फिजियोथेपिस्ट), डॉ. शिखर अग्रवाल (मेडिकल अफसर) और एक स्टॉफ नर्स को निर्देशित किया गया है, इनके द्वारा नियमित देख-रेख एवं स्वास्थ्य परीक्षण करने की जानकारी मिली है। राजस्व अमले द्वारा आय प्रमाण पत्र पूर्व में प्रदान किया जा चुका है। निवास प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया है। सामान्य प्रशासन एवं कार्यालय आयुक्त दुर्ग संभाग से संपर्क करने पर मिली जानकारी अनुसार माह अप्रैल से सितम्बर 2024 तक कुल छः माह की पेंशन राशि 30 हजार रूपए 22 अक्टूबर 2024 को तीजन बाई के खाते में हस्तातंरित किया चुका है। संबंधित बैंक से संपर्क कर भुगतान हेतु निर्देशित किया गया है। कलाकार पेंशन हेतु प्राप्त आवेदन 26 सितम्बर 2024 को संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग को प्रेषित किया जा चुका है। स्मरण पत्र प्रेषित कर शीघ्र निराकरण हेतु राज्य शासन से अनुरोध किया गया है। शासन से राशि स्वीकृत होते ही भुगतान की जाएगी। ज्ञात हो कि पद्मविभूषण तीजन बाई की ओर से उनकी बहु रेणु देशमुख द्वारा आर्थिक सहायता एवं अन्य मुद्दों के संबंध में निवेदन करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही कर आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ ही उनके अन्य समस्याओं का भी समाधान किया गया है।

# सिंधिया नगर को मिली बैडमिंटन कोर्ट की सौगात, महापौर धीरज बाकलीवाल एवं पार्षद अरुण सिंह ने किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत वार्ड 21 सिंधिया नगर के समीप सर्वसुविधायुक्त बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल एवं स्थानीय पार्षद अरुण सिंह द्वारा किया गया। बता दे कि बैडमिंटन कोर्ट पार्षद निधि से 6 लाख और महापौर निधि से 4 लाख की लागत से निर्मित किया गया है। इस अवसर पर सिंधिया नगर के वरिष्ठजनों तथा वार्डवासियों द्वारा महापौर धीरज बाकलीवाल, एमआईसी दीपक साहू,भोला महोबिया का स्वागत किया गया।महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया की निगम के वार्ड 21 में युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने और खेल सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए ये पहल की गई है। उन्होंने वार्डवासियों को इस अवसर पर बधाई दी और खेल को प्रोत्साहन देने हेतु पार्षद अरुण सिंह के प्रयास की सराहना की। वार्ड 21 की पार्षद अरुण सिंह ने बताया की इस सर्वसुविधायुक्त बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण महापौर एवम पार्षद निधि को मिलाकर 10 लाख की लागत से किया गया है,जो सिंधिया नगर में खेल सुविधाओं के लिए किया गया है। पार्षद के प्रयास से पहले भी इंडोर स्टेडियम 60 लाख से निर्माण की लागत से बनाया जा चुका है। जिससे से सिंधिया नगर क्षेत्र वासियों को लाभ मिल रहा है। क्षेत्र वासियों द्वारा सिंधिया नगर ने एक ओपन डोर स्टेडियम की मांग थी। जिससे लोकार्पण कर उनकी मांग को पूरा किया गया है। खेल सुविधाओं के लिए कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया था। उन्होंने बताया जिससे वार्ड के बच्चे व युवा इस कोर्ट का भरपूर लाभ उठा सकते है। इस सर्वसुविधायुक्त बैडमिंटन कोर्ट में खिलाड़ी रात में भी खेल का अभ्यास कर पाएंगे, वार्ड पार्षद अरुण सिंह तथा वार्डवासियों ने महापौर धीरज बाकलीवाल को इस सौगात के लिए धन्यवाद दिया। खेल प्रेमियों के लिए बैडमिंटन कोर्ट से खेल और स्वास्थ्य को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही, इसे अन्य खेल गतिविधियों के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। महापौर धीरज बाकलीवाल और पार्षद अरुण सिंह ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में खेल और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए यह एक सकारात्मक कदम है। सिंधिया नगर के निवासियों में दिखा उत्साहःमहापौर कहा कि इस प्रकार की सुविधाएं बच्चों और युवाओं को खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगी। इस अवसर पर आयुष शर्मा,राकेश गोलू जैन राजेंद्र मालवीय, विनय कुमार गुप्ता, एसके जोशी, आर सी साहू, तिवारी, विश्वकर्मा, मनोज नायक, नायर, ललित देवांगन एल डी मित्तल, नरसिंह ठाकुर, राकेश श्रीवास्तव, बीपी चंद्राकर, पांडे, भाकरे, बड़ौडे, कुलदीप, वगमभरे, नाकतोड़े, प्रवीन सरकार असीम कुमार सरकार, प्रभु कुमार श्रीवास्तव, शिवकुमार निषाद तरुण नाग, झा के अलावा हिमांशु शुक्ला उपस्थित थे।

# राज्य में पांच शक्ति पीठों का किया जा रहा विकास, इसके लिए चार धाम की तर्ज पर एक हजार किलोमीटर की परियोजना की जा रही शुरू

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनादेश परब के अंतर्गत शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों के साथ ही बालोद जिले की एक वर्ष की उपलब्धियों को प्रेस वार्ता के माध्यम से साझा किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू, नगर पालिका परिषद बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे। विधायक राजेश मूणत ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का एक वर्ष का रिपोर्ट कार्ड लेकर मैं आपके बीच आया हूँ। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनादेश परब मनाए जाने की जानकारी दी। बताया कि राज्य में पिछले एक वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों को पूरा करने का कार्य किया गया है। जिसके तहत् किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 3 हजार 100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है। किसान भाई-बहनों को दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3 हजार 716 करोड़ रुपए का अंतरण भी किया गया।

प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते हुए तीन माह के भीतर ही महतारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है। अब तक इस योजना की 10 किश्तों में 6 हजार 530 करोड़ रुपए अंतरित किए जा चुके हैं।

### राज्य में पांच शक्ति पीठों का किया जा रहा विकास

उन्होंने कहा कि जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। इस निर्णय पर तेजी से अमल करते हुए आवासों के निर्माण के लिए बड़ी राशि भी जारी की गई। हमारी सरकार ने प्रदेश के 68 लाख गरीब परिवारों को पांच साल तक मुफ्त राशन देने की योजना शुरू की। लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन बहाल करने के साथ-साथ पांच साल के एरियर्स का भुगतान भी किया। इस तरह हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है। उन्होंने बताया कि तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा कर दी गई है। जनजातीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास करते हुए अम्बिकापुर के हवाई अड्डे से भी अब हवाई सेवा की शुरूआत की गई है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विभिन्न पदों के लिए आवेदन 24 दिसम्बर तक आमंत्रित

**दुर्ग।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के परिपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के अंतर्गत संचालित लीगल एंड डिफेंस कौंसिल कार्यालय हेतु डिप्टी चीफलीगल एंड डिफेंस कौंसिल के एक पद और असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस कौंसिल के 03 पदों के लिए संविदा भर्ती आमंत्रित किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त पदों के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन 24 दिसम्बर 2024 तक शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग में रखे ड्रॉप बॉक्स के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। संविदा पद पर नियुक्त कर्मचारी की सेवाएं नियुक्ति दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिए ही होगी। नियुक्त किए गए कौंसिल की उपस्थिति/कार्यप्रणाली संतोषप्रद व्यवहारिक एवं व्यवस्थित हाने तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा के निर्देशानुसार कार्यकाल आगे बढ़ाया जा सकता है। कार्य संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थी/कौंसिल की नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। विज्ञापन का विस्तृत अवलोकन जिला न्यायालय दुर्ग की वेबसाईट www.durg.gov.in अथवा जिला न्यायालय दुर्ग/कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नोटिस बोर्ड में किया जा सकता है। आवेदन का प्रारूप जिला न्यायालय दुर्ग की अधिकारिक वेबसाईट में उपलब्ध है।

# एफएलएन जोन स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन



**उतई।** शासकीय प्राथमिक शाला परिसर डेयरी फार्म अंजोरा में जोन अंजोरा ख के कक्षा 1 से 3 पढ़ाने वाले शिक्षकों हेतु एफएलएन के अंतर्गत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शिक्षकों से वर्तमान समय में समय सारिणी अनुसार भाषा एवं गणित विषयों में बच्चों का प्रदर्शन एवं शिक्षकों के द्वारा किये जा रहे प्रयासों के विषय पर चर्चा हुई। सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित एलएलएफके जिला समन्वयक रामरतन मीणा द्वारा उपचारात्मक स्तर के बच्चों के लिए किये जा रहे विशेष प्रयासों तथा उक्त कार्य में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। बी आर सी श्रवण कुमार सिन्हा द्वारा समूह 01 के छात्रों को किस प्रकार समूह 2 में लाया जा सकता है, इसके सम्बन्ध में शिक्षकों से चर्चा की गयी एवं उन्हें अधिक प्रयास करते हुए समूह 01 के बच्चों को समूह 02 में लाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। बैठक में एल एल एफ ब्लॉक समन्वयक दुर्ग ग्रामीण रूबी नाग, एल एल एफ ब्लॉक समन्वयक दुर्ग शहरी कमरुद्दीन डी आर जी एफ. एल. एन.अरविन्द बंजारे, संकुल समन्वयक अंजोरा ढाबा रमेश मढरिया, संकुल समन्वयक अंजोरा ख चंद्रहास, संकुल समन्वयक थानोद धनेश्वर सिंह ध्रुवे एवं जोन के सभी कक्षा 1 से 3 पढ़ाने वाले सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# 14 नगर निगमों में अव्वल रहा नगर निगम भिलाई, शहरी अजीविका मिशन के कार्य में मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर निगम भिलाई क्षेत्र में शहरी अजीविका मिशन के कार्यो को शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशो के अनुसार संपादित किया जा रहा है। जिसका मूल उददेश्य है, शहरी क्षेत्र के महिलाओ का समूह बनाकर उनको आत्मनिर्भर बनाना। जिससे उनका एवं उनके परिवार का जीवन स्तर बेहतर हो सके। वर्तमान में नगर निगम भिलाई में 3 मिशन मैनेजर, 23 सीओ, लगभग 4000 महिला समूह कार्यरत है। जिनके माध्यम से नगर निगम भिलाई क्षेत्र की 2011 की जनगणना के अनुसार 2,50,413 महिलाओ को प्रेरित कर जीवन स्तर को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। निगम भिलाई के द्वारा किए जा रहे कार्यों को शहरी आजीविका मिशन के मापदंडों के अनुरूप होने के कारण सभी नगर निगम से बेहतर पाए जाने में प्रथम पुरूस्कार से मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इसी तरह सामाजिक गतिशिलता एवं संस्थागत विकास के लिए द्वितीय स्थान मिला।

# आयुक्त ने देखा तालाब में कचरा डालते हुए लगवाया 500 रूपये का अर्थदण्ड

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ को लोगो तक पहुंचाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रतिदिन सुबह दौरा कर रहे है। नागरिको से सीधे वार्तालाप कर रहे है, उनके प्रश्नों का जवाब दे रहे है। यदि किसी प्रकार की कमी होने पर संबंधित अधिकारी को शीध्र निराकरण करने के लिए निर्देशित कर रहे है। सफाई व्यवस्था, निर्माण, उद्यान, तालाब का सौंदर्यीकरण, स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, पानी सप्लाई, सड़क निर्माण इत्यादि सभी विषयो पर सीधे नागरिको से संपर्क कर रहे है। नागरिको से जुड़कर कार्यो को संपादन करने निर्देश दे रहे है। इस दरमयान यदि कहीं पर नागरिको के तरफ से भी लापरवाही की जा रही है, तो उसके उपर कार्यवाही भी हो रही है। इसी तारतम्य में आयुक्त जोन क्रमांक 02 में ओम शांति ओम चैंक में 200 मीटर रोड़ चैड़ीकर का जायजा लिया। उसके बाद सियान सदन में बने निर्माण और बगल में बने खेल उद्यान को देखने के बाद हाउसिंग बोर्ड जवाहर नगर सूर्य कुण्ड तालाब के आस-पास का निरीक्षण किए। तालाब का उपयोग कर रहे नागरिको से आस-पास साफ-सफाई, गंदगी न फैलाने का समझाइस दे रहे थे। उसी समय जयंती जैना द्वारा सूर्य कुण्ड तालाब में घर से लाकर कचरा फेंका जा रहा था। आयुक्त पाण्डेय ने स्वयं देखा कि एक तरफ नगर निगम की टीम लोगो को समझाइस दे रही है कि तालाब को साफ-सुथरा रखा जाए। दुसरी तरफ महिला द्वारा घरो का कचरा तालाब में डाला जा रहा है।

# माता बहादुर कलारिन की प्रतिमा चौपाटी मार्ग में होगी स्थापित, एमआईसी से मिली मंजूरी

**शिवनाथ नदी को प्रदूषित होने से बचाने पुलगांव में 30 और उरला में 47 एमएलडी एसटीपी स्थापित किए जाएंगे**

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर निगम के डाटा सेंटर में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में विभिन्न एजेंडा पर चर्चा करते हुए विकास कार्य को स्वीकृति दी गई। डाटा सेंटर में मेयर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक शुरू हुई। इस बैठक में नगर निगम मेयर धीरज बाकलीवाल, कमिश्नर सुमित अग्रवाल सहित एमआईसी के सभी सदस्य निगम के अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहें। सबसे पहले वर्ष 2021 में प्रदूषित जल को शिवनाथ नदी में जाने से रोकने हेतु एसटीपी का निर्माण लगातार शहरी सरकार द्वारा प्रयासरत थे, जिसका एमआईसी की बैठक में सर्व सम्मति से निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया है। जिसकी निविदा प्रक्रिया हो चुकी है। बता दे कि शहर क्षेत्र अंतर्गत दो स्थानों पुलगांव में 30 एमएलडी एवं उरला में 47 एमएलडी का निर्माण जल्द किया जाएगा। जिसकी लागत 144 करोड़ की निविदा की जा चुकी है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ कलार समाज की ईष्ट देवी माता बहादुर कलारिन की मूर्ति स्थापना हेतु गौरव पथ मार्ग में उतई रोड सुराना कालेज के सामने, चौपाटी के पास, चर्च की ओर जाने वाली तिगड्डा के पास स्थल चयन किया गया हैं। जिसकी स्वीकृति महापौर परिषद की बैठक में दी गई। छत्तीसगढ़ कलार समाज की ईष्ट देवी माता बहादुर कलारिन की मूर्ति स्थापना राशि 19.50 लाख का प्राक्कलन को स्वीकृति मिली। वार्ड क्रमांक 1 गया नगर 33 केवी पावर स्टेशन के पास डॉ बीआर अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य विभाग वाहन/ उपकरण क्रय हेतु। कर्मशाला विभाग, वाहन/ उपकरण क्रय हेतु। लोक कर्म विभाग, अटल परिसर निर्माण हेतु प्रत्येक नगर निगम को राशि रु. 50.00 लाख की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति के परिपालन में नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्रांर्गत जेल तिराहा के समीप, ठगड़ा बांध के किनारे अटल परिसर निर्माण हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव तैयार किया गया हैं।पूर्व से स्थापित स्थानीय उद्योगों को रिसर्च एवं डेवलपमेंट की सुविधा प्राप्त होगी। नलघर शॉपिग काम्पलेक्स के प्रथम तल एवं द्वितीय तल रिक्त है। जिसे उपरोक्तानुसार स्थानीय लाभ को दृष्टिगत रखते हुए आई आई.टी पार्क स्थापना हेतु आई आई.टी भिलाई अस्थायी रूप से 3 वर्ष की अवधि के लिए आवंटन किये जाने की स्वीकृति एव किराया दर निर्धारण हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया हैं। राजस्व विभाग, नगर पालिक निगम, दुर्ग शहर क्षेत्रांतर्गत वार्डों से जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने आवेदको द्वारा 61 आवेदन जमा कराया गया, प्राप्त आवेदनों को वार्ड एआरआई को स्थल पंचनामा सत्यापन एवं दस्तावेजों की जांच हेतु दिया गया था। वार्ड एआरआई द्वारा 09 आवेदनों को पात्र किया गया हैं, जिसमें 52 आवेदन अपात्र किया गया। 10/08/1950 एवं अनुसूचित जाति की स्थिति में 06.09.1950 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग जाति की 26/12/1984 के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के सीमा क्षेत्र के अंतर्गत निवासरत् होने का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने के कारण जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु सूची को पात्र/अपात्र कर समस्त आवेदनों को एमआईसी में रखे जाने हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया हैं। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, भोला महोबिया, शंकर ठाकुर, हमीद खोखर, जमुना साहू, अनूप चंदानिया, सत्यवती वर्मा, मनदीप सिंह भाटिया, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, मोहन पुरी गोस्वामी, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, मोहित मरकाम, बाजार अधिकारी थानसिंह यादव सहित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे।

# मचान्दुर जनसमस्या निवारण शिविर में 177 आवेदनों का निराकरण





पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखण्ड दुर्ग अंतर्गत ग्राम मचान्दुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुनने-समझने और मौके पर निराकरण के लिए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में इस शिविर में सभी विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय विधायक ललित चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शिविर में सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी विभागों के स्टॉलों में जाकर ग्रामीणों की समस्या संबंधी आवेदनों की जानकारी ली और अधिकारियों को निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शिविर में विभिन्न विभागों को 218 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 177 आवेदन का मौके पर निराकरण किया गया। लंबित 41 आवेदन के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 42 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में शिक्षा, कृषि, आदिम जाति कल्याण, क्रेडा, श्रम, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, राजस्व, सहकारिता, पशुधन विकास, वन, मत्स्य पालन तथा पंचायत एवं ग्रामीण विभाग की अधिकारियों ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 05 नव वधुओं की गोदभराई और 05 नवनिहालों का अन्न प्रासन्न रश्म अदायगी की गई। विधायक चन्द्राकर ने अपने करकमलों से नव वधुओं को सुपोषण, आहार का पैकेट और नवनिहालों को खीर से मुंह मीठा करायें। शासन की महत्वकांक्षी योजना महतारी वंदन से लाभान्वित 05 हितग्राही महिलाओं को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जल जीवन मिशन अंतर्गत 50 बच्चों को पानी बॉटल वितरण किया गया। शिविर के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि विधायक चन्द्राकर ने कहा कि जिला के सभी विभाग के प्रमुख अधिकारी शिविर में पहुंचे हैं, आम जनता अधिकारियों से रू-ब-रू चर्चा कर अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सरकार की योजनाओं से जनता को लाभान्वित करने ऐसे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता जनार्दन है और जनता की सेवा करना सरकार का दायित्व है। सरकार अपनी दायित्व विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निर्वहन कर रहा है। सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में काम कर रही है। ऐसे में जनता की समस्याओं का तत्परतापूर्वक समय पर निराकरण किया जाए। विधायक चन्द्राकर ने कहा कि सरकार पारदर्शिता के साथ काम कर रही है, ऐसे में अधिकारियों में पारदर्शिता झलकनी चाहिए।

## संपादकीय

### दिल्ली में चुनाव लड़ाई तेज

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने दुनिया की चुनौतियों से निपटने में रचनात्मकता एवं तकनीक के साथ युवाओं की भूमिका पर जोर दिया है। एलेन की ने कहा है कि भविष्य के अनुमान का सर्वोत्तम तरीका उसे खोजना है और यह बात राष्ट्र के लिए भी सही है। खोजने तथा अपनी समस्याओं के समाधान तलाशने वाला देश प्रगति की राह पर आगे बढ़ता है। इसी भावना को अभिव्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र-निर्माण में खोज की केन्द्रीय भूमिका पर जोर दिया है। 'स्मार्ट इंडिया हैकेथान'-एसआईएच, 2024 में अपने संवाद के दौरान उन्होंने जोर दिया कि युवा मस्तिष्क खोजी ढंग से रचनात्मकता एवं तकनीक का प्रयोग कर भविष्य को स्वरूप दे रहे हैं। इस आयोजन में पूरे भारत की 1300 से अधिक टीमों ने भाग लिया और इसमें असली दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए महत्वपूर्ण विचार प्रदर्शित किए गए। एसआईएच आत्मनिर्भर भारत बनाने में शिक्षा और खोज की परिवर्तनकारी शक्ति प्रदर्शित का माध्यम है। इस आयोजन ने न केवल अकादमिक व उद्योग क्षेत्र के बीच खाई पाटने का प्रयास किया, बल्कि समस्या-समाधान के लिए सहयोगी संस्कृति को भी बढ़ावा दिया। पहली बार साफ्टवेयर संस्करण के फाइनल का आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी-एनआईटी श्रीनगर ने किया। यह 21 राज्यों की 25 उल्लेखनीय टीमों ने अपने खोजी समाधान प्रस्तुत किए।

इस हैकेथान में 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों-पीएसयू तथा उद्योगों द्वारा प्रस्तुत 250 समस्याओं के समाधान पेश



किए गए जिनमें स्वास्थ्यरक्षा, टिकाऊ विकास, शिक्षा, आपदा प्रबंधन व कृषि जैसे क्षेत्र शामिल थे। पिछले साल की तुलना में प्रतिभागियों में 240 प्रतिशत वृद्धि के साथ एसआईएच, 2024 अब तक का सबसे बड़ा आयोजन सिद्ध हुआ है। इसमें संस्थागत स्तर पर 86,000 से अधिक टीमों ने तथा राष्ट्रीय स्तर पर 49,000 टीमों ने भाग लिया। उल्लेखनीय प्रतिभागियों में एनआईटी श्रीनगर की 'बिग ब्रेन्स टीम' शामिल थी जिसका नेतृत्व सईदा अलेमिन डी. सलीम ने किया। इस टीम ने एआई-संचालित 'वर्चुअल रियलिटी फ्रेंड' का विकास किया। यह टूल आटिज्म-प्रभावित विकृतियों तथा बौद्धिक दिव्यांगताओं से प्रभावित बच्चों की सहायता करेगा। सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण मंत्रालय के तत्वावधान में विकसित इस परियोजना का उद्देश्य उत्प्रेरित परिवेश में बच्चों के सामाजिक व संवादात्मक कौशल को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री मोदी ने टीम के दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए जोर दिया कि ऐसे समाधानों की वैश्विक प्रासंगिकता है और वे लोगों के जीवन में परिवर्तन कर सकते हैं। सहभागियों से प्रधानमंत्री मोदी के संवाद में 'वैश्विक चुनौतियों के समाधान में स्थानीय खोज' का दृष्टिकोण स्पष्ट हुआ। उन्होंने जोर दिया कि भारत की विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए खोजे समाधानों का वैश्विक महत्व हो सकता है और इससे दुनिया की प्रगति सुनिश्चित होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, 'हर बच्चे को प्रगति करने और समृद्ध बनने का अधिकार है। ऐसे खोजी समाधान यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई पीछे न छूटने पाए।' युवा मस्तिष्कों को खोजने, सहयोग करने तथा आविष्कार करने का मंच प्रदान करने वाला 'स्मार्ट इंडिया हैकेथान' अगली पीढ़ी के नेताओं तथा समस्याओं के समाधानकर्ताओं को स्वरूप दे रहा है। वर्तमान समय में भारत स्वयं को वैश्विक खोज केन्द्र के रूप में विकसित कर रहा है। ऐसे में 'स्मार्ट इंडिया हैकेथान'-एसआईएच जैसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। श्रीनगर, एनआईटी की इस आयोजन में महत्वपूर्ण सहभागिता से जम्मू कश्मीर की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय छवि बदलने में भी योगदान मिलेगा। इस आयोजन से जहां शिक्षा और तकनीक की राष्ट्र-निर्माण में परिवर्तनकारी शक्ति प्रदर्शित होती है, वहीं यह भी स्पष्ट होता है कि अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद लोकतांत्रिक जम्मू कश्मीर पूरे देश के साथ कंधे से कंधा मिला कर प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है।

# सेवा भावना में एआई का योगदान

प्रयासों को सहज बनाने तथा समावेशन में वृद्धि से एआई स्वयंसेवकों को जोड़ने तथा उनका प्रभाव बढ़ाने में अपना योगदान कर रहा है।




राजदीप पाठक
(लेखक, गांधी दर्शन एवं स्मृति समिति से संबंधित हैं)





स्वयंसेवक लंबे समय से सामुदायिक विकास, सामाजिक परिवर्तन तथा वैश्विक एकजुटता का महत्वपूर्ण स्तंभ रहे हैं। इस प्रकार उन्होंने समाज में महत्वपूर्ण व्यक्तिगत योगदान दिया है तथा व्यक्तिगत विकास को भी बढ़ावा दिया है। वर्तमान परस्पर जुड़ी तथा तेजी से बदल रही दुनिया में स्वयंसेवा की अवधारणा में भी व्यापक परिवर्तन हो रहा है जिसमें तकनीकी प्रगति अपनी उल्लेखनीय भूमिका अदा कर रही है। विश्व स्तर पर 5 दिसंबर, 2024 को मनाए गए 'अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस'-आईवीडी की थीम 'आर्थिक एवं सामाजिक विकास' थी। इसने बेहतर दुनिया बनाने में स्वयंसेवकों की केन्द्रीय भूमिका पर जोर दिया।

इसके अंतर्गत विचार-विमर्श के विभिन्न क्षेत्रों में संकटों से निपटने में योगदान तथा प्राकृतिक विभीषिकाओं, मानव-निर्मित संकटों या सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों से प्रभावित गरीब व हाशियाकृत समुदाय के संकट दूर करने को शामिल किया गया। स्वयंसेवकों ने लगातार आपदा प्रबंधन में अग्रणी भूमिका निभाते हुए उन क्षेत्रों में योगदान किया है जहां अक्सर सरकारें तथा संगठन अपनी सीमाओं से मुकाबला करते दिखते हैं। वैश्विक महामारी, प्राकृतिक विभीषिकाओं, मानवीय आपातकाल आदि स्थितियों में उनकी भूमिका अपरिहार्य रही है और खासकर वे संकटग्रस्त जनसंख्या की सहायता करने में सफल हुए हैं। उत्कृष्ट तकनीकों, खासकर 'आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस'-एआई इस स्वयंसेवा क्षेत्र को उल्लेखनीय रूप से नया स्वरूप प्रदान कर रही है। एआई से स्वयंसेवी पहलों की प्रभावशीलता, समावेशन व पहुंच में बढ़ावा मिलता है और इनका दूरगामी प्रभाव होता है। एआई-संचालित टूलों के प्रयोग से संगठन ऐसे प्लेटफार्म बना रहे हैं जो स्वयंसेवकों के कौशल को जोड़ कर उनके लिए अवसर बढ़ाते हैं, विसंगतियों को दूर करते हैं तथा प्रयासों को अधिकतम स्तर तक ले जाते हैं। इस परिवर्तन से न केवल स्वयंसेवकों का अनुभव समृद्ध होता है, बल्कि जरूरतमंद समुदायों को अधिकाधिक सकारात्मक लाभ भी मिलता है। एआई-संचालित प्लेटफार्म, जैसे 'हेल्पफाइंडर' संगठनों और स्वयंसेवकों के बीच तालमेल बिठाने में क्रांतिकारी भूमिका अदा कर रहे हैं। व्यक्तिगत कौशलों, दिलचस्पियों तथा स्थितियों के डेटा का विश्लेषण कर ये प्लेटफार्म यह सुनिश्चित करते हैं कि स्वयंसेवक अपना अधिकतम सार्थक योगदान कैसे दे सकते हैं। इस सटीकता से विसंगतियां कम होती हैं, स्वयंसेवकों को बनाए रखने में सहायता मिलती है तथा उनके भीतर संतुष्टि की भावना मजबूत होती है। संकट के समय एआई-संचालित व्यवस्थायें तेजी से डेटा का विश्लेषण कर प्रभावित क्षेत्रों और उपलब्ध स्वयंसेवकों का पता लगा सकती हैं। इससे प्रभावित क्षेत्रों में स्वयंसेवकों की तेजी से तैनाती सुनिश्चित होती है। उदाहरण के लिए, कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय एआई-संचालित प्लेटफार्म 'वनरेस्क्यू' ने प्रभावितों का पता लगाने, उनको मानसिक सहायता देने तथा वितरण में सहायता कर स्वयंसेवकों के प्रयासों में महत्वपूर्ण समन्वय किया था। इससे संकट को दूर करने में अमूल्य सहायता मिली थी।

कार्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी पहलों को भी एआई से लाभ मिलता है। 'बेनिविटी' जैसे टूल कर्मचारियों को एकसाथ जोड़ कर उनको प्रोत्साहित कर स्वयंसेवी गतिविधियों में शामिल करते हैं। इससे संगठनात्मक लक्ष्यों की भी प्राप्ति होती है। इन समाधानों से

> एआई-संचालित प्लेटफार्म, जैसे 'हेल्पफाइंडर' संगठनों और स्वयंसेवकों के बीच तालमेल बिठाने में क्रांतिकारी भूमिका अदा कर रहे हैं। व्यक्तिगत कौशलों, दिलचस्पियों तथा स्थितियों के डेटा का विश्लेषण कर ये प्लेटफार्म यह सुनिश्चित करते हैं कि स्वयंसेवक अपना अधिकतम सार्थक योगदान कैसे दे सकते हैं।

समन्वय सहज बनाना सुनिश्चित होता है, स्वयंसेविता का प्रभाव बढ़ता है तथा सहभागियों में टिकाऊ रूप से जोश बना रहता है। एआई-संचालित चैटबोट ने लगातार समर्थन, सवालों के जवाब देने तथा प्रशिक्षण में सहायता से स्वयंसेवकों के अनुभव में योगदान किया है। 1.45 बिलियन जनसंख्या वाले देश भारत में सेवा की भावना संस्कृति में गहराई तक व्याप्त है। परिवार के मूल्यों, धार्मिक शिक्षाओं और सामुदायिक परंपराओं में दूसरों की सहायता पर जोर दिया जाता है।

आज एआई इन प्रयासों में योगदान कर रहा है। चैटबोट का प्रयोग टीकाकरण अभियानों, मातृ स्वास्थ्य, महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा तथा अनेक अन्य विषयों पर स्वयंसेवकों के सवालों का जवाब देने में होता है। ब्रिटेन में एआई-संचालित व्यवस्थाओं ने फूड बैंक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में योगदान कर संकटग्रस्त लोगों को किराने का सामान पहुंचाने में सहायता की है। इससे स्पष्ट होता है कि महत्वपूर्ण परिवर्तन करने में तकनीक स्वयंसेवकों का कैसे सशक्तीकरण करती है। 'बी माई आईज़' जैसी उल्लेखनीय पहलों से स्वयंसेवकों को दृष्टि विकलांग लोगों को सहायता करने में मदद मिलती है। 'गुडसैम' जैसे प्लेटफार्म प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को फौरन आपातकालीन सेवाओं से जुड़ने में सहायता करते हैं। उदाहरण के लिए 'गुडसैम' से सतर्क किए गए स्वयंसेवक सीपीआर देने में सहायता कर सकते हैं या आटोमेटेड एक्सटर्नल डिफैब्रिबिलेटर-एएफडी का प्रयोग विशेषज्ञ चिकित्सकों के पहुंचने से पहले कर सकते हैं। 'वर्चअल स्वयंसेवा' ने उन पेशेवरों का और क्षमता विस्तार किया है जो सुदूर क्षेत्रों से सलाह दे सकते हैं। 'कैचफायर' व संरा. की आनलाइन वालंटियर सेवा ने निगरानी, कानूनी सलाह, भाषा अनुवाद तथा अनेक अन्य क्षेत्रों में सहायता कर भौगोलिक सीमायें तोड़ी हैं तथा स्वयंसेवकों को ज्यादा समावेशी बनाया है। डिजिटल टूल्स ने स्वयंसेवा के क्षेत्र में आने वाली परंपरागत बाधायें तोड़ी हैं जिनमें भौतिक दूरी, समय की कमी तथा पहुंच जैसे मुद्दे शामिल हैं।

दिव्यांग लोगों, देखभाल करने वालों या दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले अब अपने घर से स्वयंसेवक की तरह काम कर सकते हैं। इस समावेशन से 2024 'आईवीडी थीम' का जन्म हुआ है जिसने विभिन्न समुदायों के बीच सहयोग सुनिश्चित करते हुए आर्थिक व सामाजिक विकास के साझा लक्ष्यों को मजबूत किया है। सही तकनीक और संसाधनों के प्रयोग से स्वयंसेवक एकसाथ काम कर अनेक वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। समुद्री तूफान, भूकंप व बाढ़ जैसी प्राकृतिक विभीषिकाओं में ड्रोन व एआई टूल्स से लैस स्वयंसेवक प्रभावित क्षेत्रों की मैपिंग कर प्रभावी रूप से सामग्री पहुंचा सकते हैं। 'जेलो' जैसे एप आपातकाल के दौरान सहज संप्रेषण सुनिश्चित कर समन्वय के लिए स्मार्टफोन को वाकी-टाकी में बदल देते हैं।

गरीबी और भूख जैसी समस्याओं का मुकाबला करने में स्वयंसेवक फूड बैंक, सामुदायिक किचन, आदि तरीकों से सहायता कर संसाधन प्रदान कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र वर्ड फूड प्रोग्राम क्राउडफंडिंग द्वारा तैयार 'शेयर द मील' जैसे डिजिटल टूल व्यक्तियों को एक सरल टैप के माध्यम से भोजन दान करने में सक्षम बनाते हैं। इससे वैश्विक भूख का मुकाबला करने में सहायता मिलती है। शिक्षा एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र है जहां तकनीक के समर्थन से स्वयंसेवकों ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

आनलाइन प्लेटफार्मों ने शिक्षा तक पहुंच का लोकतांत्रीकरण किया है और इसे दुर्गम तथा असेवित समुदायों तक पहुंचाया है। 'कोड आर्ग' जैसी पहलों ने स्वयंसेवकों को कोडिंग कौशलों में सक्षम बनाया है जिससे वे छात्रों को उपयुक्त टूल्स से लैस कर सकते हैं। इससे तकनीक-संचालित भविष्य सुनिश्चित होता है। जेंडर केन्द्रित स्वयंसेवक कार्यक्रम कानूनी सहायता के माध्यम से असमानता दूर करने का प्रयास करते हैं, महिला अधिकारों पर कौंसिलिंग व एडवोकेसी करते हैं तथा स्वयंसेवा भावना की परिवर्तनकारी शक्ति का और बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

# पश्चिम एशिया के लिए भारत का दृष्टिकोण

> मनामा वार्ता ने भारत को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित करने हेतु एक मंच प्रदान किया।



कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




जबकि सीरिया में बहुत बड़ा शासन परिवर्तन हो रहा था, जिससे पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक मिश्रण पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ने की संभावना थी, भारत के विदेश मंत्री मनामा वार्ता में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की बदलती गतिशीलता पर व्याख्यान दे रहे थे। मनामा वार्ता नीति निर्माताओं और मंत्रियों को पश्चिम एशिया की रणनीतिक रक्षा, सुरक्षा और विदेशी चुनौतियों पर चर्चा और बहस करने के लिए एक मंच प्रदान करती है।

सीरिया में तेजी से बदलते कथानक की पृष्ठभूमि में हो रहे संवाद ने भारत को इस क्षेत्र में और इसके लिए अपनी सबसे महत्वपूर्ण चिंताओं पर विचार करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। सीरिया पर लगभग 50 वर्षों तक असद वंश का शासन रहा है। हालाँकि, इस वंशवादी शासन ने तुर्की और जॉर्डन की सीमा पर स्थित देश को एक क्रूर पुलिस राज्य में बदल दिया। रूस और ईरान रणनीतिक कारणों से असद वंश का समर्थन करते रहे हैं। ईरान ने इजरायल के खिलाफ प्रतिरोध की अपनी धुरी बनाने के लिए शासन का समर्थन किया, जबकि रूस के पास सीरिया में वायु सेना और नौसेना के अड्डे हैं।

वैश्विक नेता सीरिया के हालात पर करीब से नज़र रख रहे हैं, जबकि इज़राइल पड़ोस में अपना युद्ध जारी रखे हुए है। गाजा और यूक्रेन में इज़राइली सैनिकों के हमले ने ईरान और रूस को विचलित कर दिया, जिसके कारण पिछले हफ्ते बशर अल असद को सत्ता से बाहर होना पड़ा। हालाँकि, कई लोगों के लिए चिंता की बात यह है कि विद्रोही नेता अबू मोहम्मद अल-जवलानी का उदय हो रहा है, जो अल कायदा का पूर्व सदस्य है। वंशवादी शासन के बावजूद सीरिया ने




एक धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दृष्टिकोण बनाए रखा, जहाँ अल्पसंख्यकों और विविध समूहों को कोई भेदभाव महसूस नहीं हुआ। कई लोगों को डर है कि अल कायदा की साख वाले विद्रोही नेता राज्य को एक कट्टरपंथी इस्लामवादी राष्ट्र में बदल सकते हैं। इज़राइल सहित पड़ोस के लगभग हर देश इस स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। दिल्ली शासन परिवर्तन के प्रति उदासीन रही है, भले ही असद वंश कश्मीर पर भारत की स्थिति और इस्लामाबाद के साथ उसके रुख का समर्थन करता रहा हो। क्षेत्र में कोई भी अमित्र शासन भारत की स्थिति को कमज़ोर करेगा और सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय हो सकता है। इस पृष्ठभूमि में, पश्चिम एशिया और हिंद-प्रशांत के कई नेताओं के साथ मनामा वार्ता ने जुड़ाव के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। क्षेत्र को प्रभावित करने वाले चल रहे संघर्षों का उल्लेख करते हुए एस जयशंकर ने कहा, और यह आज गाजा से लेबनान और अब सीरिया तक भी फैल जाएगा।

लेकिन साथ ही, हमें इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी हितों के बारे में यथार्थवादी होना होगा... दूसरा राजनीतिक-कूटनीतिक सहयोग जिसके बारे में हम सोच सकते हैं, वह वास्तव में ऐसे समय में है जब दुनिया ध्रुवीकृत है, अगर पूरी तरह हिंसक नहीं है, तो आप तनाव को बढ़ने से कैसे रोक सकते हैं, आप संघर्ष को और फैलने से कैसे रोक सकते हैं। हाल के दिनों में, हम सभी के लिए, इज़राइल और ईरान के बीच संबंध या इसकी अनुपस्थिति विशेष रूप से चिंता का विषय रही है, इसलिए हमारे कुछ कूटनीतिक प्रयास उस विशेष पहलू पर केंद्रित रहे हैं। लाल सागर में भी स्थिति रही है।

हम अब्राहम समझौते के समर्थक रहे हैं और कुछ साल पहले हमने आई2यू2 नामक एक समूह शुरू किया था, जिसमें भारत, इजरायल, अमेरिका और यूएई शामिल हैं। यह अभी भी अपेक्षाकृत शुरुआती चरण में है और हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में यह एक ऐसा समूह होगा जो आगे बढ़ेगा। पिछले दशक में भारत ने व्यापार-उन्मुख विदेश नीति का दृष्टिकोण अपनाया है, जहां, यह जानता है कि आर्थिक साझेदारी से अधिक कुछ भी देशों को बांधता नहीं है।

श्री जयशंकर ने उल्लेख किया कि भारत के पास दस सदस्यीय खाड़ी सहयोग परिषद के साथ लगभग 170-180 बिलियन डॉलर हैं और भूमध्य सागर के देशों के साथ महत्वपूर्ण आर्थिक संबंध हैं। जनवरी से एक नया अमेरिकी राष्ट्रपति भी आने वाले दिनों के लिए एक महत्वपूर्ण बेंचमार्क होगा। रिश्ते सबसे अधिक आर्थिक और आपसी हितों पर आधारित होने की संभावना है।

## आप की बात

### डगमगा रही नाव

**इन** दिनों लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद राहुल गांधी के पास है एवं वही इंडिया गठबंधन के मुख्य नेता भी है। मगर कहां जा रहा है कि इन दिनों अब उनका दोनों ही जगह का नेता पद डगमगा रहा है। एक समय था जब राहुल गांधी एवं अखिलेश यादव के बीच में काफी गहरी दोस्ती बताई जाती थी मगर अब लगता है कि दोनों के बीच में एक बड़ी लंबी कहासुनी चलने के बाद आपस में एक दरार बन गई है। इसका सबसे बड़ा कारण कहा जा रहा है कांग्रेस पार्टी द्वारा होने वाले चुनावों में समाजवादी पार्टी के वोट बैंक पर डाका डालना। एक समय विधानसभा और लोकसभा का चुनाव दोनों ने मिलजुल कर साझेदारी में लड़ा था मगर इसमें कांग्रेस को कोई बड़ी सफलता नहीं मिल पाई थी एवं यहां समाजवादी पार्टी का हि अधिक नुकसान हुआ था। फिर आज के समय में कांग्रेस की हालत इतनी अधिक खराब हो चुकी है कि वह अपने दम पर भी चुनाव नहीं जीत पा रही है। अतः अखिलेश यादव को अब यह बात समझ में आने लगी है एवं वह स्वयं ही आज काग्रेस एवं राहुल गांधी से दूरी बनाने लगे हैं एवं इन दिनों जब से ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन के संयोजक का पद स्वीकार करने की बात कही है तब से अखिलेश यादव ने भी उनके समर्थन का मन बना लिया है। आज लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद एवं इंडिया गठबंधन के नेता का पद राहुल गांधी से अब छिन सकता है।

– **एमएम राजावत**, शाजापुर

### ब्रायन जॉनसन का दावा

**अमेरिकी** बिजनेस टायकून ब्रायन जॉनसन का मानना है कि बढ़ती उम्र को रोका जा सकता है। उन्होंने रिवर्स एजिंग नामक एक तकनीक का विकास किया है, जिसका उद्देश्य उम्र को बढ़ाने के बजाय उसे कम करना है। ब्रायन जॉनसन का मानना है कि उम्र को बढ़ाने के लिए हमें अपने शरीर की कोशिकाओं को युवा बनाए रखना होगा। इसके लिए उन्होंने एक विशेष प्रकार की दवा का विकास किया है, जो कोशिकाओं को युवा बनाए रखने में मदद करती है। रिवर्स एजिंग तकनीक के अलावा, ब्रायन जॉनसन ने एक विशेष प्रकार के आहार का भी विकास किया है, जो उम्र को बढ़ाने में मदद करता है। इस आहार में विशेष प्रकार के फल, सब्जियां और अनाज शामिल हैं, जो कोशिकाओं को युवा बनाए रखने में मदद करते हैं। ब्रायन जॉनसन की रिवर्स एजिंग तकनीक के बारे में वैज्ञानिक समुदाय में बहुत उत्साह है। कई वैज्ञानिकों का मानना है कि यह तकनीक उम्र को बढ़ाने के लिए एक नई दिशा प्रदान कर सकती है। हालांकि, रिवर्स एजिंग तकनीक के बारे में कुछ चिंताएं भी हैं। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि यह तकनीक अभी भी अपने प्रारंभिक चरण में है और इसके दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में अभी भी बहुत कुछ अज्ञात है। इसके अलावा, रिवर्स एजिंग तकनीक के बारे में नैतिक चिंताएं भी हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यह तकनीक उम्र को बढ़ाने के लिए एक अनुचित तरीका है।

–**सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### पक्षपाती व्यवहार

**इसमें** कोई सन्देश नहीं है ना ही किसी की इस पर दो राय है की उपराष्ट्रपति एवं राजयसभा का सभापति श्री जगदीप धनकड़ का संबंध सत्तारूढ़ दल के साथ है। उसी पार्टी के बदौलत ही ये साहब इस मकाम पर पहुंचे हैं। लेकिन इस पद को पाने के बाद जिसे, लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में सभी ने निष्पक्ष रखा है या रखने की कोशिश की है। मगर धनकड़ साहब पहले दिन से ही खुद को सत्ताधारी मान रहे हैं और विपक्षी राज्यसभा सांसदों को अपना दुशमन मान रहे हैं। यही वजह है की इतिहास में पहली बार राज्यसभा के सभापति के खिलाफ, इस देश का विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव लाने को मजबूर होना पड़ा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विस्तार के साथ बताया की कैसे खुल्लमखुल्ला पक्षपात के मसीहा हैं जगदीप धनकड़ जी। उपराष्ट्रपति राज्यसभा में विपक्ष को लगातार टोकते हैं और अपनी बात पूरी करने का मौक़ा नहीं देते हैं। वह सत्ता पक्ष के सांसदों, मंत्रियों और प्रधानमंत्री को कुछ भी कहने देते हैं,. जबकि विपक्ष पर अपनी बात को सुबूतों के आधार पर प्रमाणित करने को कहा जाता है और ऐसा नहीं करने पर कार्यवाही करने की धमकी दी जाती है। सभापति अपने अधिकारों का ग़लत इस्तेमाल कर रहे हैं ,और कई बार बड़ी संख्या में विपक्षी सांसदों को सस्पेंड किया है. साथ ही वो सदन के बाहर भी विपक्षी नेताओं की आलोचना कर चुके हैं।

– **जंगबहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### ठंड से बचाव

**मालवा**-निमाड़ अंचल में सुबह-शाम ठंड का असर खबर पढ़ी। मप्र के कई पहाड़ी क्षेत्रों में पारा कॉफी नीचे तथा कई जगहों पर ओस की बूंदें जमी। पाला पड़ने की संभावना हो सकती है जिससे फसलों को नुकसान हो सकता है। तेज ठंड का असर सामान्य जनजीवन पर हुआ है। मौसम में आए बदलाव और तापमान में भारी गिरावट के कारण चिंता बढ़ गई ।कई लोग छोटे बच्चों को कड़ाके की ठंड में मोटरसाइकिल पर बैठा कर घुमाने ले जाते है ।ऐसे में छोटे बच्चों को ठंड लग कर वे बीमार हो जाते है ।छोटे बच्चों के शरीर की मालिश ,गर्म कपड़ों को पहनाए जाने पर ज्यादा ध्यान देना होगा। घरों मे बुजुर्गों के लिए गर्म कपड़े, अलाव आदि की और ध्यान देना चाहिए ।घर मे पशु पक्षियों के लिए भी ठंड से बचाव के उपाए, व्यवस्था की जाना चाहिए। इसके अलावा सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी गरीब ,मानसिक रोग से पीड़ित लोगों, की सहायता गर्म, कपड़े, कम्बल, एवं ठंड से बचाव हेतु अलाव ,बेसहारा लोगों के लिए रहने हेतु उचित व्यवस्था की जाना चाहिए।

– **संजय वर्मा**, मनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# समिति प्रबंधकों का प्रशासन को अल्टीमेटम, 17 तक नही हुआ धान का उठाव, तो 18 से सभी केंद्रों में खरीदी होगी बंद

## 139 केंद्रों में बफर लिमिट से दुगुना तिगुना धान का स्टॉक





पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

धान खरीदी का उठाव तेज गति से नही किए जाने से नाराज़ समिति प्रबंधकों ने प्रशासन को 17 दिसंबर तक धान का पूर्णतः उठाव करने की मांग की है, अन्यथा 18 से सभी केंद्रों में धान खरीदी बंद करने का अल्टीमेटम दिया हैं। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा केंद्रों में पड़े बफर लिमिट के ऊपर दुगुना तिगुना हुए धान की वजह से बन रही जाम की स्थिति को देखते हुए धान का उठाव व परिवहन और धान खरीदी वर्ष 2023-24 का कमीशन प्रदान करने कलेक्टर, खाद्य अधिकारी, डीएमओ, डीआरसीएस एवं सीसीबी नोडल को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए कहा है कि शासन के योजना अनुसार समर्थन मूल्य पर 14 नवंबर 2024 से धान खरीदी प्रारंभ हुई है, जिसमें अब तक कुल 32 लाख 13 हजार 646 क्विंटल खरीदी हुआ है, परंतु धान का उठाव औपचारिकता मात्र 4 लाख 28 हजार 708 क्विंटल किया गया है, आज की स्थिति पर खरीदी केंद्रों में शेष मात्रा 27 लाख 84 हजार 938 क्विंटल है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 143 उपार्जन केन्द्र में बफर लिमिट से बहुत अधिक धान खरीदी हो चुका है जिससे धान उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी करने हेतू जगह नही है। धान उपार्जन अधिक होने से धान के रखरखाव में असुविधा हो रही है। वही संघ ने ज्ञापन के माध्यम से अल्टीमेटम देते हुए कहा कि मंगलवार 17 दिसंबर तक उठाव संतोषप्रद नही होता है तो धान खरीदी 18 दिसंबर बुधवार से सभी उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी का कार्य बंद किया जाएगा। वही समिति प्रबंधकों ने वर्ष 2023-24 के धान का कमीशन भी शीघ्र प्रदान करने की मांग की हैं। इस दौरान संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र देशमुख, सचिव बहादुर पिपरिया, सहसचिव खेमराज साहू, कोषाध्यक्ष, यशवंत साहू, मीडिया प्रभारी हुकुमचंद साहू, दीनदयाल साहू, नितेश सिन्हा, कमलेश सिन्हा उपस्थित रहे।

### कछुआ गति से भी धीमा परिवहन कार्य

उल्लेखनीय हो कि जिले धान खरीदी की शुरुआत से ही कुछ ठीक नही चल रहा है, पहले समितियों के प्रबंधक अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर गए, फिर मिलर्स ने कस्टम मिलिंग की नई नीति के खिलाफ असहयोग हड़ताल किया, जिसकी वजह से उठाव नही होने से केंद्र में जाम की स्तिथि निर्मित होने लगीं है, फिर मुख्यमंत्री से चर्चा और कैबिनेट की बैठक से मिलरों को निराशा हाथ लगी है। जिसकी वजह से मिलरों ने 20 दिसंबर तक कार्य नही करने का निर्णय लिया है। इधर समिति प्रबंधकों ने भी 17 तक धान उठाव नही किये जाने पर 18 दिसंबर से केंद्रों में खरीदी बंद करने की चेतावनी दी है। जिसके चलते आने वाले दिनों में खरीदी पूर्ण रूप से बंद होने के आसार नजर आ रहे है। क्योंकि संग्रहण केंद्रों में भी कछुआ गति से धीमा धान परिवहन किया जा रहा है। उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव तेज गति से नही होने के कारण जाम की स्तिथि बन गई है। हालात यह है कि 139 केंद्रों में बफर लिमिट के ऊपर धान है, जबकि जिले में कुल 143 केंद्र है। इन 139 केंद्रों में 23 लाख 51 हजार 946 क्विंटल धान की मात्रा है, रविवार को अवकाश के चलते खरीदी नही होगी। सोमवार के लिए 143 केंद्रों में धान खरीदी हेतु 4 हजार 849 टोकन दो लाख 5 हजार 904 क्विंटल के जारी किए गए हैं।

### 7 केंद्रों में सवा 2 लाख क्विंटल से अधिक धान

139 केंद्रों में 7 ऐसे है, जहां 30-30 हजार क्विंटल से अधिक धान का स्टॉक है, गैंजी में 34 हजार 21, गुजरा में 35 हजार 62, कुसुमकसा में 34 हजार 212, सुरेगांव में 30 हजार 54, पलारी में 38 हजार 284, धनोरा में 30 हजार 822 और गुरुर में 31 हजार 926 क्विंटल धान की मात्रा है। जो कि केंद्र की क्षमता यानी बफर लिमिट से चार गुना है। उक्त 7 केंद्र में कुल 2 लाख 34 हजार 381 क्विंटल धान की मात्रा है।

# युवा कांग्रेस का हल्ला बोल, कलेक्ट्रेट घेरने निकले प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोका

## बैरिकेड पर चढ़े कांग्रेसी, 7 मुद्दों को लेकर एसडीएम को सौपा ज्ञापन





पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



जिला युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता राज्य सरकार के 1 साल के कार्यकाल के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर कलेक्टोरेट का घेराव किया। वही बड़ी संख्या में पहुचे युवाओ ने कलेक्टोरेट में के बाहर लगे बैरिकेट्स को तोड़ कर कलेक्टोरेट में जाने की कोशिश की। मगर पहले से ही मौजूद भारी तादात में पुलिस बल ने उन्हें रोक दिया। इस बीच युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। वही युवा कांग्रेस ने 7 प्रमुख मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन भी दिया। जिसमे 31 सौ रुपए में धान का भुगतान, बढ़ते अपराध नशे पर अंकुश लगाने की मांग, बेरोजगारी भत्ता, पीएम आवास की मांग, स्थानीय लोगो को बीएसपी तथा अन्य फैक्टरी में रोजगार उपलब्धता, राजीव मितान क्लब को पुनः प्रारंभ तथा अवैध शराब और नशीली दवाइयों पर अंकुश लगाने की मांग रही। इस दौरान विधायक अनिला भेड़िया, संगीता सिन्हा, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव कोको पाढ़ी, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रशान्त बाला बोकडे, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, प्रदेश युवा कांग्रेस के महामंत्री अनुपम संदीप वोरा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय चंद्राकर, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्णा दुबे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिल यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रत्तीराम कोसमा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री शंभू साहू, सतीश यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलैश नुरेटी, गुंडरदेही जनपद पंचायत अध्यक्ष सुचित्रा साहू और पुरुषोत्तम पटेल, यज्ञदेव पटेल, जिला पंचायत सभापति केदार देवांगन, आदित्य दुबे, साजन पटेल, गुलशन चंद्राकर, कान्हा टांक, पार्षदगण संदीप साहू, अनुभव शर्मा, भरत देवांगन, प्रेमचंद शीरसागर, सहित सभी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### किसानों के साथ किया जा रहा छलावा

विधायक अनिला भेड़िया ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए भाजपा की कथनी व करनी में फर्क बताते हुए भाजपा को किसान विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरे छत्तीसगढ़ में धान खरीदी हो रही है। जिन वादों को लेकर भाजपा सत्ता में आई है, अब उन्हीं के खिलाफ वादाखिलाफी कर रही है। कई धान खरीद केंद्रों में अनियमितता पाई गई है। भाजपा ने सरकार में आने से पहले 3 हजार 100 रुपये एकमुश्त देने का वादा किया था, लेकिन अभी मात्र 2 हजार 320 रुपये ही दे रही है। शेष सम्मान राशि किसानों के पास कब पहुंचेगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है। संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा की भाजपा सरकार की गलत नीतियों से किसान परेशान है। भाजपा 21 क्विंटल धान खरीद का वादा कर सत्ता में आई, लेकिन किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। तौल में भी धान ज्यादा लिया जा रहा है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव कोको पाढ़ी ने कहा की कहा कि भाजपा किसानों के साथ छलावा कर रही है। वादे के मुताबिक किसानों को एकमुश्त राशि नहीं दे रहा है, जो भाजपा सरकार की नाकामी है।

### महिलाएं सुरक्षित नही, चाकूबाजी मारपीट आम बात

प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि कम से कम धान खरीदी की जाये। सोसायटियों में बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने कहा है कि 50 प्रतिशत नए, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाए। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं हैं, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। इसी तरह पुराने बारदाने फटे हुए हैं। जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता। टोकन की व्यवस्था भी काफी अव्यवहारिक है। डौंडीलोहारा के पूर्व विधायक डोमेंद्र भेड़िया ने कहा की भाजपा सरकार से सभी वर्ग परेशान है। किसानों को सम्मान राशि समय पर नहीं मिल रही है। साथ ही टोकन कटने के बाद भी धान खरीद में समस्या, बिजली बिल भी अनियंत्रित रूप से आ रही है, शहर में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। चाकूबाजी, मारपीट की घटना आम बात हो गई है। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रशांत बोकड़े ने कहा कि प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था। जिसकी राशि ग्राम पंचायत स्तर पर एकमुश्त देने की भी बात कही गई थी। परंतु छत्तीसगढ़ सरकार इसके ठीक विपरीत 2 हजार 300 रुपए प्रति क्विंटल के दर पर धान खरीदी कर रही है।

# सेलूद के 24 कुंडीय महायज्ञ के तृतीय दिवस के अतिथि होंगी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



ग्राम सेलूद में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विराट महिला सम्मेलन और श्रीमद प्रज्ञा महापुराण कथा 02 जनवरी 2025 से 5 जनवरी 2025 तक के आयोजन के तृतीय दिवस 04 जनवरी को केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े महिला बाल विकास विभाग शामिल होंगी। उन्होंने महायज्ञ में आने की स्वीकृति प्रदान किया है। ग्राम सेलूद में सनातन पर्व के अवसर पर भव्य महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। जिसकी व्यापक तैयारी चल रही है। सेलूद ग्राम में पहली बार 24 कुण्डीय महायज्ञ होने जा रहा है जिसमे शामिल होने के लिए पूरे क्षेत्र की जनता के साथ साथ राजनेताओ का भी आगमन होने जा रहा है। चारो दिवस में अलग अलग धार्मिक मूर्धन्य के साथ साथ दोनो ही पार्टी के नेता गन पहुंचने वाले है। तृतीय दिवस के दिन महायज्ञ के साथ साथ विराट महिला सम्मेलन का कार्यक्रम होगा। राजवाड़े को आमंत्रित करने के लिए पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, समन्वयक अशोक सिंग, सह संयोजक संजय यदु, अजय सिंग ठाकुर, खेमलाल साहू उपस्थित थे।

# चुनकटटा स्कूल के बच्चो को फरमानिया ट्रस्ट ने किया गर्म कपड़ों का वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला चुनकट्टा के 70 बच्चों को सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेश फरमानिया के द्वारा बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल में बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अपने उदबोधन में सुरेश फरमानिया ने सभी बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए बगैर नकल किए अपने मेहनत से आगे बढ़ने की बात कहीं और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के मंत्र को सार्थक करने के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही भगवान का रूप है और उनकी मुस्कुराहट ही असली धन है। प्रधान पाठक धनेश्वरी बंजारे ने सुरेश फरमानिया को साल श्रीफल व पौधा देकर सम्मानित किया। शिक्षक गिरीश साहू ने बताया कि सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट विगत 10 वर्षों से छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में बच्चो को पचास हजार स्वेटर का वितरण छात्रहित में निस्वार्थ भाव से कर रहे हैं। कार्यक्रम में नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू, ब्लॉक अध्यक्ष मनीष साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरसिंह साहू, विधायक प्रतिनिधि राधेलाल सोनवानी, सांसद प्रतिनिधि छत्रपाल राजपूत, प्रधान पाठक धनेश्वरी बंजारे, शिक्षिका सरस्वती वर्मा, कविता देवांगन और कुमारी निधि कुर्रे सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### आमसभा में शामिल हुए हरप्रसाद

**उतई।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के मुख्य आतिथ्य में रायपुर में आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम ढौर निवासी जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री हरप्रसाद आडिल सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसमें काशीराम साहू, सालिक राम साहू, स्थानीय साहू समाज के कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू, राम भगत साहू, कांति निर्मलकर, मीणा निर्मलकर, नेमा साहू, सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# यात्री बस, ई रिक्शा अन्य स्थानो में पोस्टर चस्पा पाम्पलेट वितरण कर किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में यातायात बेमेतरा पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति आमजनों को जागरूक करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत यातायात बेमेतरा पुलिस द्वारा सडक दुर्घटना मे कमी लाने के लिए यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु यात्री बसों व बेमेतरा शहर में चलने वाली ई रिक्शा एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में पोस्टर चस्पाकर एवं पाम्पलेट वितरण कर आम जनमानस को जागरूक किया। पोस्टर चस्पा एवं पाम्पलेट वितरण अभियान के माध्यम रक्षित केन्द्र बेमेतरा में उडान एकाडमी के युवाओं को जो पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे एवं सिग्नल चौक बेमेतरा में आमजनों को बताया गया कि दो पहिया वाहन हो या चारपहिया वाहन या उससे बडी वाहन हो कोई भी गाडी को सीमित गति से चलाया जाय ताकि कोई घटना घटने के पहले ही वाहन को नियंत्रित किया जा सके और घटना को टाला जाये, साथ ही नशे की हालत में वाहन न चलाने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न चलने और हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने की अपील किया गया।

### बेमेतरा पुलिस की अपील

यातायात नियमों का पालन करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मोटर सायकल में मोडिफाइड साइलेंसर न लगाये, अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोंग न करें। पीकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है।

# कांग्रेस ने भाजपा सरकार के एक वर्ष विफलताओं का ठहराया, किया मौन प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के आह्वान पर जिला कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर विफलताओं का वर्ष मानते हुए सरकार के खिलाफ मौन प्रदर्शन करते हुए विफलताओं एवं नाकामी पर पोस्टर प्रदर्शित किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल की अगुवाई में जिले के पदाधिकारी व सीनियर नेताओं, कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय स्थित पुराना बस स्टेंड सिग्नल चौक पर एकत्रित हुए जहां पर विष्णु देव सरकार के नाकामियों एवं विफलताओं वाला वर्ष निरोपित करार देते हुए कांग्रेस नेताओं ने कानून व्यवस्था पर उंगली उठाते ही कहा कि प्रदेश में जंगल राज स्थापित हो गया है । इस एक वर्ष में छत्तीसगढ़ प्रदेश अपराधगढ़ की ओर बढ़ते जा रहा है। हर जिले व ब्लाक में अपराध चरम सीमा से बाहर होते जा रहा है। भाजपा सरकार की नाकामी के चलते प्रदेश में लुट, चाकूबाजी, बलात्कार, गुंडागर्दी जैसे अपराध बेधड़क हो रहे हैं। प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था बेलगाम हो चुकी है और सरकार संभालने में नाकाम साबित हो चुकी है। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल ने कहा कि प्रदेश की सत्ता में बैठे भाजपा नेताओं को पूरे एक वर्ष बीत गया पर इनके पास इस एक साल में प्रदेश हित किए गए कार्य बताने के लिए कुछ भी नहीं है।इसके उल्ट भाजपा सरकार एक साल में प्रदेश में शर्मनाक घटनाएं सामने आई जिसमें विभिन्न विफलताओं में बलोदा बाजार अग्निकांड, लोहड़ीडीह हत्याकांड, बलरामपुर में खुलेंआम पुलिस जवान के परिवार की हत्या, पुलिस अभिरक्षा में मौत, आदिवासीयों की फर्जी मूठभेड़, हसदेव जंगल कटाई, महिलाओं के साथ लगातार अनाचार होने की घटनाएं सामने आ रही है। यह दर्शाता है कि भाजपा नेताओं से प्रदेश संभल नहीं रहा है। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता सुरेन्द्र तिवारी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवदत्त वर्मा, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष सनत दीवान, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गौसेवक, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लुकेश वर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नवागढ़ रामेश्वर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगल साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बहल सिंह वर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष अयोध्या चंद्राकर, जावेद खान, किशोर शर्मा, ऋषि वर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि। मिथिलेश वर्मा, विजेंद्र वर्मा, भीकम साहू, भोला वर्मा, नेमीचंद वर्मा, दया सिंह वर्मा, खेमराज वर्मा, मोहित वर्मा, रवींद्र वर्मा, शिशिर शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धर्म के प्रति आस्था और भगवान के प्रति विश्वास होना ही चाहिए : स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती

## स्वामी मज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती द्वारा पंच कुण्डीय रूद्र यज्ञ एवं भागवत ज्ञान कथा का आज आठवां दिन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





पंच कुण्डीय रूद्र यज्ञ एवं भागवत ज्ञान कथा का आठवां दिन कथा स्वामी मज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती द्वारा में उपस्थित भक्त धर्म प्रेमियों से कहा आदि जगतगुरु शंकराचार्य ने भारत देश के चार दिशाओं में चार मठ बना हिंदू धर्म को जागृत रखा इसलिए पूरे राष्ट्र में हिंदू धर्म मजबूती के साथ खड़ा है। भागवत कथा का समापन होना है श्री रुद्र यज्ञ का समापन होगा। मर जाऊं मांगू नहीं आपन तन के काज, परमारथ के काज में मोहि ना आवे लाज। पंच कुण्डीय रूद्र यज्ञ एवं श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ बेमेतरा नगर के धर्म प्रेमी सज्जनों के सहयोग से सफलता पूर्वक संचालित हो रहा है। नगर में सबका सहयोग मिल रहा कोई अन्न से कोई धन से कोई तन से कोई मन से जुड़ा है। रविवार को रुद्र यज्ञ समापन है। कहा गया है संत मिलन को जाइए तज माया अभिमान ज्यों ज्यों पग आगे धरे कोटिन यज्ञ समान। जब भी समय मिले भगवत भक्ति कर लेना चाहिए जब तक धरा है तब तक धर्म भी रहेगा जब जीवन का मरण होना ही है तब जिंदा रहते क्यों न धर्म को धारण कर लें। स्वामी ने कथा सुनाते कहा कि कैसे शुकदेव मुनि राजा परीक्षित के हर संशय को भागवत कथा के माध्यम से दूर कर रहे है एक दृष्टांत सुनाते कहा एक बड़ा सुन्दर नगर था जिसकी सुंदर एक राजधानी थी लेकिन वहां रिवाज कुछ अलग था राजा पांच साल के लिए ही बनाया जाता था क्योंकि जैसे ही पांच साल पूरा होता पास बहती नदी में उस पार छोड़ दिया जाता जहां उसका पता नहीं चलता था। संयोगवश एक संत भिक्षाटन करते नगर में आ गया देखा शाम होते ही नगर में सन्नाटा छा गया। जानकारी मिली सुबह एक हाथी को फूलमाला लिए खड़ा किया जाता था जिसके गले में डालता था वही राजा बनता था। रात बीती सुबह हुई देखा हाथी आगे आगे पीछे बाजे गाजे के साथ नगरवासी क्योंकि राज्य के लिए एक राजा चुनना था। हाथी को क्या सुझा महात्मा के गले में ही माला डाल दिया आश्चर्य बहुत आश्चर्य महात्मा पांच साल के लिए राजा बना दिया गया। महाराज की जयजयकार होने लगी महात्मा को हाथी के ऊपर बिठाया गया महात्मा महावत से पूछा बताओ हमें क्यों बिठाया गया बोले आप राजा बन गए हाथी जिसे माला पहनाए यहां उसी को राजा मान लिया जाता है। मंत्रियों से पूछा कहे आप ही राजा बन गए हो आपको पांच साल तक के लिए राजा बना दिया गया है। महात्मा तो महात्मा था राजा तो बना दिए जो कहूंगा मानोगे तो एक साल की घोषणा है कि कुछ आदमियों को नियुक्त करो दूसरे तरफ के जंगल काट डाले। दूसरे साल की व्यवस्था है इधर जैसे माहल उधर बनाया जाय तीसरे साल अच्छी सड़क बाग बगीचे सुंदर सुंदर महकते फूल लगाओ चौथा साल का आदेश है अच्छे लोग जो धर्म प्रेमी है सज्जन है उधर भेजे जाए। पांच साल पूरा होने को आया तो नगरवासी से कहा आदेश करता अब नदी में सुंदर पुल बनाओ। अंतिम आखिर दिन महात्मा ने कहा अब मै किधर रहूं आप बताइए नगरवासी बोले महाराज आपके लिए तो इधर भी वाह वाह है उधर भी वाह है। स्वामी ने व्याख्या करते कहा भक्तों इस जीवन में जितने साल मिले है फिर तो उस पार जाना ही है तो ऐसी व्यस्था करो कि उधर का जीवन भी अच्छा हो। वैतरणी का भी डर जाता रहेगा पार कर जाओगे घबराने की जरूरत नहीं ।समय रहते सब कार्य कर लेना चाहिए वृद्धा अवस्था आने से कमर झुक जाती है कदम लड़खड़ा जाते है आदमी लाचार हो जाता है उससे पहले जीवन में मोक्ष पाने का साधन कर लेना चाहिए। आगे कहा रुक्मणि विवाह पर सारे देवता सारी जनता भारी उत्सव मना द्वार द्वार सुन्दर मंगल गीत गाए। राजा परीक्षित ने पूछा शुकदेव जी से अब विवाह हो गया, प्रभु भगवान के बच्चे भी हुए होंगे, बताइए मुनि, शुकदेव ने कहा राजन सुनो कौन भगवान का पुत्र नहीं होना चाहता, यह सौभाग्य मिला कामदेव को। राजा बोले आश्चर्य है मुनि राम ही कृष्ण है बताइए जहां राम है वहां काम का क्या काम। मुनि शुकदेव ने कहा भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न पूर्व जन्म में कामदेव थे। द्वापर काल में कामदेव ने ही भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में जन्म लिया है। भगवान शंकर के शाप से जब कामदेव भस्म हो गया तो उसकी पत्नी रति अति व्याकुल होकर पति वियोग में उन्मत्त सी हो गई।उसने अपने पति की पुनः प्राप्ति के लिये देवी पार्वती और भगवान शंकर को तपस्या करके प्रसन्न किया। पार्वती जी ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि तेरा पति यदुकुल में भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र के रूप में जन्म लेगा। आगे स्वामी ने कथा प्रारंभ रखे। गुरुदेव के माल्यार्पण स्वागत में रामाधार पाण्डेय मुख्य यजमान भूपेंद्र गौतम दौलत सिंह राजपूत सुनना गोस्वामी निवास द्विवेदी सतीश शर्मा बसंत साहू हीरालाल साहू हितेंद्र साहू राजकुमार चौहान शत्रुघन सिंह साहू लेखमणि पाण्डेय जितेंद्र शुक्ला नंदकिशोर पाण्डेय मनोज शर्मा सतीश कसार ललित विश्वकर्मा सुरेश पटेल महेंद्र गुप्ता दीपक पाण्डेय रोशन दत्ता प्रांजल गौतम हितेंद्र साहू प्रहलाद मिश्रा धनेश्वर पाण्डेय महेश शर्मा लोकेश्वर शुक्ला नीतू कोठारी सीमा साहू वर्षा गौतम ज्योती सिंघानिया रश्मि शर्मा माधवी शर्मा नीति अग्रवाल ममता साहू शामिल रहे।

# वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ली पत्रकार वार्ता, एक वर्ष की गिनाई उपलब्धियां

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जिले के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली मे पत्रकारों संग प्रेसवार्ता ली। उन्होंने प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को साझा किया और बताया कि कैसे एक साल में राज्य ने विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वित्त मंत्री ने सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि शासन ने विभिन्न योजनाओं और नीतियों के माध्यम से देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कई सख्त कदम उठाए गए हैं, जिनमें डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना, सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाना, और भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े कानून लागू करना शामिल हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि इन सुधारों से राज्य की जनता को सीधा लाभ हो रहा है और विकास की गति तेज हुई है। सुशासन की स्थापना के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, बेमेतरा, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। मंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार कि अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रमुख उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यो और सुधारों पर जोर दिया जैसे उन्होंने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया, जैसे फसल बीमा योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार। सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया गया, जिसमें मुफ्त दवा और उपचार की सेवाएँ शामिल हैं। शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार और छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार किया गया। महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजनाओं और लघु उद्योगों को प्रोत्साहित किया गया, साथ ही सुरक्षित मातृत्व के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। गरीबों और वंचित वर्गो को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए आवास योजनाओं को प्राथमिकता दी गई। इसके साथ ही, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास किया गया। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दिया और सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित की। युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) कार्यक्रम चलाए गए, जिनसे उन्हें नौकरी के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने यह भी दावा किया कि इन योजनाओं ने समाज के सभी वर्गो को लाभ पहुँचाया और राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सुधार करते हुए इसे पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया है। सरकार ने पुराने शासन के दौरान अपनाई गई भ्रष्ट नीतियों को समाप्त करने के लिए कड़े कदम उठाए, ताकि योग्य उम्मीदवारों को निष्पक्षता से नौकरी के अवसर प्राप्त हो सकें। परीक्षा और मूल्यांकन के लिए एक पारदर्शी और विश्वसनीय प्रणाली लागू की गई है, जिसमें कोई पक्षपात नहीं हो सके। भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया है, जिससे चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उम्मीदवारों के चयन को पूरी तरह से मेरिट आधारित बनाया गया है, ताकि केवल सबसे योग्य और मेहनती उम्मीदवारों को ही सरकारी नौकरियों में स्थान मिले।

# शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद में 17 दिसम्बर को होगा भव्य रोजगार मेले का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




जांजगीर चाम्पा जिले के शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविघालय खरौद में शुभम ग्रुप एण्ड़ कम्पनी पुणे के द्वारा 17 दिसम्बर को महाविघालय के प्राचार्य डॉ. जीसी भारद्वाज की अध्यक्षता में भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। शुभम ग्रुप एण्ड़ कम्पनी के सी.ई.ओ. एण्ड़ डायरेक्टर बसंत राव पाटिल एवं रिक्युटमेन्ट मैनेजर रघुराज गायकवाड़ ने बताया की उनकी कम्पनी का उद्देश्य सुशिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराना है । सी ईओ राव ने कहा कि 17 दिसम्बर को महाविघालय परिसर खरौद में लगने वाले रोजगार मेला भव्य होगा इस रोजगार मेला में 5 वी पास से लेकर स्नातकोत्तर एवं तकनिकी शिक्षा प्राप्त बेरोजगार युवक युवतियों को आमंत्रित किया गया है इस मेले में 5000+ युवक युवतियों का चयन किया जाना है जिन्हे उनकी योग्यता अनुसार विभिन्न पदों पर भर्ती किया जायेगा। राव ने यह भी बताय कि उनकी कम्पनी का सम्बन्ध अन्य दस प्रतिष्ठित कम्पनियों से है और उन्हीं कम्पनियों में विभिन्न नौकरियो के लिए योग्य युवक युवतियों का चयन किया जाना है जो मजदूर से लेकर अधिकारी एवं तकनिकी पद के लिए भर्ती होगा। महाविघालय के प्राचार्य भारद्वाज ने कहा कि महाविघालय परिसर में इस तरह का यह पहला आयोजन है। यह आयोजन महाविघालय के छात्र-छात्राओं सहित अंचल व क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध कराना है।

# बैंकों व एटीएम एवं बैंको के आस-पास की जा रही चेंकिंग पेट्रोलिंग

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों को बैंको व एटीएम की सुरक्षा को दृष्टि गत रखते हुए चेकिंग एवं लगातार पेट्रोलिंग करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं स्टाफ के द्वारा जिले के बैंको व एटीएम एवं बैंको के आस-पास की जा रही लगातार चेंकिंग एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा है जिसमें बैंक के अंदर प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्तियों की जानकारी रखने, बैंके अंदर और बाहर लगे कैमरे चालू स्थिति में हो, बैंक का खुलने और बंद होने का निर्धारित समय हो, बैंक का सायरन चालू अवस्था में हो, बैंक अधिकारियों के पास निकटतम थाना/पुलिस कंट्रोल रूम/आपातकालीन नंबर मौजूद हो तथा बैंक पटल पर लिखे हो, बैंक में प्रवेश करने वाले व्यक्ति चेहरा ढककर/हेलमेट पहन कर अथवा स्कार्फ पहन कर न आये, इस पर विशेष ध्यान देने एवं आवश्यक रूप से बैंक के बाहर नोटिश बोर्ड चश्पा किया जाए। रात्रि में बैंक परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो।

## सुशासन का 01 वर्ष पूरा होने पर श्रमिकों का सम्मान एवं श्रमिक सम्मेलन आयोजित



**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार में सुशासन के 01 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में विभागवार होने वाली गतिविधियों के अनुसार लोरमी विकासखण्ड के ग्राम साल्हेघोरी में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों का सम्मान एवं श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्रम पदाधिकारी अभिषेक सिंह ठाकुर ने बताया कि सम्मेलन में 23 श्रमिकों का पंजीयन कर श्रमिक पंजीयन कार्ड का तत्काल वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त 04 श्रमिकों को नवीनीकृत श्रमिक कार्ड प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में उपस्थित श्रमिकों के साथ-साथ बुजुर्ग श्रमिकों का भी सम्मान किया गया और श्रम विभाग में संचालित योजनाओं, श्रमेव जयते एप के माध्यम से पंजीयन, नवीनीकरण तथा योजना के लिए आवेदन करने के संबंध में जानकारी दी गयी। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस की अवैध रूप से डीजल की खरीदी बिक्री करने वालों पर बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस की अवैध रूप से डीज़ल की खरीदी बिक्री करने वालों पर बड़ी कार्यवाही सामने आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सरगांव क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाईवे मे ढाबा संचालकों के द्वारा अवैध रूप से अत्यधिक मात्रा मे ज्वलनशील पदार्थ डीजल भंडारण कर रखा गया है, सूचना पर पुलिस अधीक्षक मुंगेली के द्वारा डीजल भंडारण का पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशत करने व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पथरिया के मार्गदर्शन पर साइबर सेल व थाना सरगांव पुलिस स्टॉफ के द्वारा संयुक्त रूप से मुखबीर व साइबर सेल की तकनीकी सहायता लेकर नेशनल हाईवे 30 पर मेन रोड वर्मा ढाबा व महावीर ढाबा मे घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, जिस पर वर्मा ढाबा संचालक शिवप्रसाद वर्मा पिता छेदीलाल वर्मा उम्र 40 वर्ष साकिन मोहभट्ठा थाना सरगांव जिला मुंगेली छ.ग. के कब्जे से अत्यधिक मात्रा मे ज्वलनशील पदार्थ डीजल 150 लीटर एवं महावीर ढाबा के संचालक ईश्वर गुप्ता पिता राजकुमार गुप्ता उम्र 23 वर्ष साकिन भरारी से 200 लीटर ज्वलनशील पदार्थ डीजल मिला, दोनो व्यक्तियो को अत्यधिक मात्रा मे ज्वलनशील पदार्थ डीजल रखने के संबंध व खरीदी बिक्री करने के सम्बन्ध मे वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया गया, जो दस्तावेज नही होना बताये जिस पर आरोपी शिवप्रसाद वर्मा व ईश्वर गुप्ता से कुल 350 लीटर डीजल जप्त कर आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर का पाये जाने से अपराध क्रमांक 96/24, 97/24 धारा 287 बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया और आगे की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक संजय सिंह राजपूत प्रभारी सायबर सेल मुंगेली, सरगाँव थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संतोष शर्मा, सायबर सेल से प्र.आर. दयाल गवास्कर, यशवंत डाहिरे, लोकेश राजपूत आर. गिरीराज सिंह, अतुल ठाकुर, भेषज पाण्डेकर, महेन्द्र ठाकुर, राजु साहू, राकेश बंजारे, हेमसिंह ठाकुर की अहम भुमिका रही।

# आयुष ताम्रकार का व्यवहार न्यायाधीश प्रदेश स्तर की परीक्षा में 28वां रैंक

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली के आयुष ताम्रकार लोक सेवा आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा जारी व्यवहार न्यायाधीश प्रदेश स्तर की परीक्षा में 28वाँ रैंक में चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया। आयुष ताम्रकार पढ़ाई के अलावा भी एनएसएस एवं खेल में सॉफ्ट बेसबाल के नेशनल खिलाड़ी रहे है। नगर के आयुष ताम्रकार लोक सेवा आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा जारी व्यवहार न्यायाधीश प्रदेश स्तर की परीक्षा में 28वाँ रैंक में चयनित हुए है। आयुष ताम्रकार बड़ा बाजार निवासी कन्हैया ताम्रकार के सुपुत्र है। उनकी 8वीं तक की पढ़ाई नगर के रेम्बो स्कूल एवं 12वीं तक की पढ़ाई सेंट जेवियर्स स्कूल में हुई। गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में एलएलबी की पढ़ाई कर विधि में स्नातक की उपाधि ली। पढ़ाई के अलावा एनएसएस, सॉफ्ट बेसबाल के नेशनल खिलाड़ी रहे। भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा समाज सेवक के रूप में भी प्रशस्ति पत्र मिला। केंद्रीय विश्वविद्यालय के वर्ष 2022 के चांसलर गोल्ड मेडलिस्ट के रूप में भी आयुष ताम्रकार का चयन किया गया था। सितंबर 2023 को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दसवां दीक्षांत समारोह में उन्हे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों से चांसलर गोल्ड मेडल और 25000 रूपयो की राशि प्रदान की गई। वे शुरू से ही यूनिवर्सिटी में होने वाले सभी एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज के साथ पढ़ाई में भी काफी रुचि रखते थे जिसके फलस्वरूप उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई। रविशंकर विश्वविद्यालय से विधि में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करते हुए व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा की तैयारी में जुट गए थे। विगत दिवस 11 दिसंबर को लोक सेवा आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा जारी व्यवहार न्यायाधीश प्रदेश स्तर की परीक्षा में 28वाँ रैंक के साथ चयनित होकर उन्होंने जिले का नाम रोशन किया है।

## बेमेतरा जिले के थाना चौकी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किया श्रमदान



**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान किया जा रहा है जिसके तहत बेमेतरा जिले के थाना परपोडी, दाढी, नवागढ, खम्हरिया एवं पुलिस चौकी देवकर, संबलपुर, कंडरका स्टाफके द्वारा थाना/चौकी परिसर एवं आस-पास का साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। स्वच्छता अभियान का प्रमुख उद्देश्य लोगों को स्वच्छता से जोड़ना है और अपने आस-पास को स्वच्छ रखना है। इसके अलावा पुलिस चौकी कंडरका स्टाफ उप सवास्थ्य केन्द्र गुधेली परिसर एवं आस-पास को महिला समूह गुधेली व ग्रामीणो के साथ मिलकर साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। थाना परपोडी स्टाफद्वारा थाना परिसर में पौधा रोपण किया गया।

# ड्रोन दीदी बनी किसानों की मददगार

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कृषि सेवाएँ प्रदान करने के लिए ड्रोन तकनीक से लैस करके उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से नमो ड्रोन दीदी योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत महिलाओं को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण देकर कृषि में ड्रोन का इस्तेमाल करने में सक्षम बनाया जा रहा है। योजनांतर्गत चयनित महिला या समूह को ड्रोन और सहायक उपकरण दिए जाते हैं। साथ ही ड्रोन से जुड़े खर्चो को कम करने के लिए वित्तीय सहायता भी दी जाती है। नगर पंचायत सरगांव की नमो ड्रोन दीदी गोदावरी साहू ने बताया कि वे विहान अंतर्गत जय माता दी महिला स्व सहायता समूह की सदस्य है। नमो ड्रोन योजना अंतर्गत इफको के माध्यम उन्हें ग्वालियर में 15 दिन का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें थ्योरी व प्रेक्टिकल के साथ ग्राउंड लेवल पर ड्रोन को चलाने के संबंध में जानकारी दी गई। इसके बाद फूलपूर में 05 दिवसीय ड्रोन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। वह अब ड्रोन के माध्यम से किसानों के खेतों में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और कीटनाशक का छिड़काव करती है। इससे किसानों के पैसे और समय की बचत हो रही है। इसके साथ ड्रोन से वायु प्रदूषण भी नहीं होता। उन्होंने बताया कि ड्रोन के माध्यम से एक ही दिन में 20 से 25 एकड़ खेत में कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव हो जाता है, जिससे किसानों द्वारा श्रमिकों को देने वाले पैसे की बचत तो हो ही रही है। साथ ही किसानों का समय भी बच रहा है। वहीं ग्राम के किसान ने बताया कि पहले कृषि यंत्र स्प्रेयर के माध्यम से अपने गन्ने की फसल में दवाई का छिड़काव करते थे। जहॉ गन्ने की फसल की उँचाई ज्यादा होने से उन्हें फसल के बीच जाकर दवाई छिड़काव करने में काफी समय लगता था और समस्याएं भी काफी बनी रहती थी। लेकिन अब उन्हें कम समय व कम खर्च में ही अपने फसलों में कीटनाशक दवाई के छिड़काव के लिए एक अच्छा मददगार ड्रोन दीदी के रूप में मिल गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किसानों के हित में काफी अच्छी योजनाएं संचालित की जा रही है। इसके लिए उसने खुशी-खुशी शासन को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

## सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

# जनसंपर्क की छायाचित्र प्रदर्शनी का नागरिकों ने किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग बेमेतरा द्वारा कलेक्टरेट परिसर मे राज्य शासन के एक वर्ष कि उपलब्धयों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए लागू की गई योजनाओं, कार्यक्रमों और इनसे लाभान्वित लोगों की जानकारी दी गई। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन के अंतर्गत सबके घर नल सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की जमकर सराहना की। उन्होंने सरकार के प्रयासों की तारीफकरते हुए कहा कि इन योजनाओं ने आम जनता, विशेष रूप से ग्रामीण और पिछड़े वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। प्रदर्शनी में योजनाओं के प्रभाव को देखते हुए लोगों ने राज्य शासन के एक साल के कार्यकाल को सफल बताया और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी इसी तरह जनहित में काम होते रहेंगे। जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी में आम नागरिकों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से राज्य शासन के एक वर्ष के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों को उजागर किया गया। इस छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार द्वारा पिछले एक साल में जनकल्याण के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यो और योजनाओं का विस्तार से प्रदर्शन किया गया। योजनाओं की सफलता, जैसे महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नत योजना, पीएम आवास योजना आदि के सकारात्मक प्रभाव को छायाचित्रों और जानकारी के माध्यम से दर्शाया गया। नागरिकों को सरकार की नीतियों और उनके फायदों से अवगत कराने के उद्देश्य से यह प्रदर्शनी विशेष रूप से आकर्षक और सूचनाप्रद रही, जिससे लोगों को शासन की उपलब्धियों का सीधा अनुभव मिला। प्रदर्शनी देखने आये नर्मदा महिला स्व सहायता समूह कि महिलाओं ने साय सरकार की महतारी वंदन योजना की विशेष रूप से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस योजना के तहत महिलाओं को अपने घरेलू खर्चे मे वित्तीय सहायता मिली है, जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिली है 7 महिलाओं ने यह भी कहा कि साय सरकार का यह कदम उनके जीवन स्तर को सुधारने और उनकी सामाजिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक साबित हुआ है। प्रदर्शनी देखने आए किसानों ने साय सरकार की कृषक उन्नति योजना की सराहना की और कहा कि इस योजना से उन्हें समर्थन मूल्य के आलावा अतिरिक्त राशि प्राप्त हो रही है । किसानों ने बताया कि इस योजना के माध्यम से उन्हें नई कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, और सिंचाई सुविधाओं के लिए पर्याप्त आय मिल जाती है 7 उन्होंने कहा कि इस योजना ने न केवल कृषि उत्पादन को बढ़ाया, बल्कि फसलों के विविधीकरण और बाजार तक पहुंच में भी मदद की है, जिससे वे आर्थिक रूप से अधिक सशक्त हो सके हैं। प्रदर्शनी मे नागरिकों ने पीएम आवास योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस योजना के तहत आवासहीन लोगों को पक्का घर मिलना उनके जीवन में बड़ा बदलाव लेकर आया है। उन्होंने बताया कि सरकार की इस पहल से गरीब और वंचित परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास मिला है, जिससे उनका जीवन स्तर सुधरा है।

## भारतीय जनता पार्टी जिला मुंगेली के समन्वय समिति की बैठक




पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जिला मुंगेली के समन्वय समिति की बैठक प्रभारी निरंजन सिन्हा ने मण्डल व जिला चुनाव को लेकर जिला भाजपा कार्यालय मुंगेली में ली। जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं मुंगेली जिला समन्वय प्रभारी निरंजन सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी जिले के सभी 9 मंडलों में मण्डल अध्यक्ष निर्वाचन की दृष्टि से जिला एवं मण्डल पदाधिकारियों व मण्डल चुनाव अधिकारियों की बैठक लेकर सर्व सम्मति से एक नाम अथवा किसी विशेष परिस्थिति में 3 नामों का पैनल जिले से प्रदेश को भेजने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक, जिला निर्वाचन सह अधिकारी पूर्व विधायक ठाकुर भूपेंद्र सिंह,गिरीश शुक्ला, द्वारिका जायसवाल, मोहन भोजवानी, प्रेम आर्य, धनीराम यादव, गुरमीत सलूजा, लोकनाथ सिंह, दीनानाथ केशरवानी निश्चल गुप्ता सहित जिले के पदाधिकारी व सभी 9 मंडलों के अध्यक्ष व पूर्व अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

## रूखमणी देवी लूनिया का निधन



**मुंगेली।** जैन समाज की धर्मनिष्ठ रूखमणी देवी लूनिया पति शांतिलाल लूनिया का 84 वर्ष की आयु में 13 दिसम्बर को दोपहर में निधन हो गया है। आप नगर पालिका परिषद मुंगेली के पूर्व उपाध्यक्ष नरेंद्र लुनिया की माता थी।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन ने किया एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित






पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं पार्षद निशा देवेंद्र यादव के तत्वधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शनिवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक पार्षद कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की, जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति बंसोड, जनरल मेडिसिन डॉ. धनेंद्र साहू, नेत्र रोग से डॉ.वेद, हड्डी रोग से डॉ.संतोष सिंह अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा, राजीव श्रीवास्तव एवं नर्सिंग स्टाफ, ज्योति चंद्रा, सोरेन एवं पार्षद प्रतिनिधि डॉ.भागवत लाल यादव, एवं पार्षद और यहा के कर्मचारी एवं वार्ड निवासीगण उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, हडडी रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना की विशेष सराहना की एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# नगर निगम रायपुर द्वारा चालू वित्त वर्ष में म्युनिसिपल ग्रीन ब्रांड जारी किये जाने की तैयारी

## आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मुम्बई, इन्दौर के फर्मों के चार्टर्ड अकाउंटेट गौरव कुटे, संतोष मुच्छाल से तैयारी को लेकर चर्चा की एवं कार्य को गति देने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन में मुम्बई के पीआरपी प्रोफेशनल एज प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष गौरव कुटे एवं इन्दौर के मुकुल एंड गुप्ता चार्टर्ड अकाउंटेट्स के संतोष मुच्छाल के साथ रायपुर नगर पालिक निगम की ओर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान म्युनिसिपल ग्रीन ब्रांड जारी किये जाने की तैयारी पर चर्चा एवं विचार विमर्श करते हुए आवश्यक जानकारी ली एवं कार्य को गतिमान करने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ह्ने अपर आयुक्त यू. एस. अग्रवाल, कृष्णा खटीक, संयुक्त संचालक वित्त डी. के. निर्मलकर, जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा की उपस्थिति में चार्टर्ड अकाउंटेट गौरव कुटे, संतोष मुच्छाल से चर्चा की एवं रायपुर नगर निगम की ओर से म्युनिसिपल ग्रीन ब्रांड जारी किये जाने की तैयारी को गति प्रदान करने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। नगर निगम रायपुर द्वारा केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए इस वित्त वर्ष म्युनिसिपल ग्रीन ब्रांड जारी करने की तैयारी कर रहा है.इसे शीघ्र गति देने के निर्देश दिए गए है।

# एमजीएम नेत्रालय के द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में निःशुल्क नेत्र शिविर दुर्गा मैदान के सामुदायिक भवन में लगाया गया। वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने बताया कि यह नेत्र शिविर एमजीएम नेत्रालय के द्वारा लगाया गया था जिसमें लगभग 150 लोगों ने आंखों की जांच कराई इसमें मोतियाबिंद का ऑपरेशन के लिए विशेष रियायत दरों में पैकज भी उपलब्ध कराया गया शिविर के माध्यम से आम जानता के लिए बीपी और शुगर की भी जाँच कराया गया वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने बताया कि उनके द्वारा प्रतिवर्ष स्वस्थ शिविर लगाया जाता है। जिसमे वार्ड वासियो को स्वस्थ लाभ मिलता रहता है। शिविर में आए सभी डॉक्टर और सहयोगी को आभार प्रकट किया।

# श्री बालाजी इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस के फैमिली एडाप्सन प्रोग्राम (एफएपी) अंतर्गत ग्राम चटौद में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी इस्टीट्यूट ऑफ मेडीकल साइंस, मोवा रायपुर के मेडीकल कॉलेज के छात्रों व हॉस्पीटल के सहयोग से 11 दिसंबर को ग्राम चटौद में सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। श्री बालाजी मेडीकल कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा यह शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें लाभार्थियो को निःशुल्क सामान्य जांच बी.पी. डायबिटिक वजन तथा नेत्र जांच व परामर्श दिया गया। मेडीकल कालेज के बैच 2023 के छात्रों द्वारा लोगो को घर-घर जाकर स्वास्थ्य शिविर की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य जांच शिविर में जनरल मेडीसीन व नेत्र जांच विभाग के फिजिशियन उपस्थित थे। ग्राम पंचायत चटौद के सरपंच ने इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के लिए बालाजी मेडीकल कॉलेज की सराहना की




उन्होने यह भी बताया कि बालाजी मेडीकल कॉलेज के छात्रो द्वारा गांव में स्वास्थ्यगत सर्वे किया जाता है तथा उन्हे परामर्श भी दिया जाता है।

# स्विगी ने रायपुर में की 'बोल्ट' सर्विस की शुरुआत, मात्र 10 मिनट में होगी पसंदीदा डिशेज की डिलीवरी

Swiggy

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी लिमिटेड ने रायपुर में अपनी सर्विस बोल्ट के विस्तार का एलान किया है, जिसके माध्यम से 10 मिनट में फूड डिलीवर किया जाता है। बोल्ट सर्विस लोकप्रिय रेस्टोरेंट एवं क्यूएसआर से मात्र 10 मिनट में डिलीवर करते हुए फ्रेश एवं क्विक-टु-प्रिपेयर फूड्स की डिलीवरी को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। स्विगी ने देशभर में 400 से ज्यादा शहरों में बोल्ट सर्विस का विस्तार किया है और 40,000 से ज्यादा रेस्टोरेंट्स के माध्यम से 10 लाख से ज्यादा फूड आइटम्स डिलीवर कर रही है। रायपुर के ग्राहक शहर के 193 रेस्टोरेंट्स के 13 क्यूजिन्स की 4.3 हजार डिशेज में से अपनी पसंदीदा डिश ऑर्डर कर सकेंगे।

बोल्ट सर्विस के अंतर्गत यूजर्स को बर्गर, स्नैक्स, बेकरी आइटम्स, बेवरेज, मिठाई, आइस क्रीम, ब्रेकफास्ट आइटम्स और बिरयानी जैसे बेहद लोकप्रिय क्यूजिन्स में से चुनने का मौका मिलता है। इन्हें तैयार करने में न्यूनतम समय लगता है या इनकी डिशेज रेडी टु पैक होती हैं। इन श्रेणियों में ग्राहकों को थियोब्रोमा, केएफसी, सबवे, फासोस, क्योरफूड्स और मैकडॉनल्ड्स जैसे राष्ट्रीय और हल्दीराम रेस्टोरेंट, द बर्गर कंपनी एवं इंडियन कॉफी हाउस जैसे क्षेत्रीय ब्रांड्स से ऑर्डर करने का विकल्प मिलेगा। रायपुर के ग्राहक कारम पोडी, अशोका बिरयानी, यारां दा अड्डा, इंडियन चिली स्क्वायर, होटल हैदराबादी एवं रामदेव खाना खजाना जैसे शीर्ष रेस्टोरेंट्स से ऑर्डर कर सकेंगे।

# छत्तीसगढ़ न्यायिक लघु वेतन कमर्चारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

रविवार 8 दिसम्बर को जिला मुख्यालय के जिला न्यायालय बलौदा बाजार में छत्तीसगढ़ न्यायिक लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा बलौदा बाजार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण तथा सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि राजेश कुमार निषाद प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ न्यायिक लघु वेतन कर्मचारी संघ, विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार पाण्डेय प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय बलौदा बाजार,अध्यक्षता आशुतोष शर्मा अध्यक्ष न्यायिक कर्मचारी संघ रायपुर एवं समस्त प्रांतीय बॉडी के सदस्य ने उपस्थित हो कर जिला न्यायालय बलौदा बाजार के निर्वाचित न्यायिक चतुर्थ श्रेणी संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष गौरीशंकर सिंह, सचिव शेख जुनैद, सह सचिव तिजेन्द्र बाघ, शिव कुमार साहू, उपाध्यक्ष सतीश कुमार साहू,कोषाध्यक्ष रामेश्वर सिंह संरक्षक कमल नारायण ध्रुव, संतोष यादव एवं सभी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें बलौदा बाजार जिले के समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अलावा महासमुंद, कोरबा, अंबिकापुर, जांजगीर चांपा, धमतरी, रायपुर, रामानुजगंज,के अध्यक्ष /प्रतिनिधि ने उपस्थित हो कर शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मान समारोह को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

# शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल एवं महाविद्यालय में आनंद मेला विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल एवं महाविद्यालय चंगोराभाठा रायपुर में स्कूल कैंपस में आनंद मेला एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में अच्छा खासा उत्साह था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के संचालक मुकेश गुप्ता एवं संचालिका ज्योति गुप्ता शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ऋषभ गुप्ता, स्कूल के प्राचार्य बंशीलाल सुर्गे, बोरियाकला स्कूल के डायरेक्टर नितिन गुप्ता एवं सौम्या गुप्ता एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ देवहूंती तिवारी ने रीबन काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। आनंद मेले के आयोजन हेतु कैंपस को बड़े ही कलात्मक तरीके से सजाया गया था। स्कूली एवं महाविद्यालययीन छात्र-छात्राओं के द्वारा गुपचुप, मंचूरियन, वेज पुलाव, पेस्ट्री, काफी, खस्ता चार्ट, ढोकला, भेल, चटपटी ग्रीन चार्ट, दही भल्ले लड्डा चाट, कप केक, चाय-काफी, दही, चीइनीज, मसाला पापड़, फ्रुट सलाद, कुरकुरे चाट, वेज रोल गुपचुप, मोमोज, चाइनीस पकोड़ा, फ्रेंच फ्राइज, वेज बिरियानी, गेम्स के स्ट्रॉल, पापड़ी चाट इत्यादि के स्टॉल लगाए गए थे। चटपटे एवं रसीले व्यंजन की खुशबू से सारा कैंपस महक रहा था। वहीं इनकी खुशबुओं से सभी के मुंह में पानी आ रहा था। इसके साथ ही मेहंदी एवं टैटू लगाने के स्टाल भी उपस्थित थे। विद्यार्थियों एवं छोटे बच्चों के मनोरंजन के लिए गेम्स जोन में मिकी माउस जंपिंग रनिंग झूले की व्यवस्था स्कूल की ओर से की गई थी स्कूल कैंपस में ही अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के लिए फ्री डेंटल हेल्थ चेकअप का स्टॉल लगाया गया था। अभिभावकों ने इस स्टॉल का उपयोग करते हुए अपने दांतों का फ्री चैकअप कर कर डॉक्टर से एडवाइस ली। सेल्फी जोन में विभिन्न प्रकार के इमोजीस की व्यवस्था की गई थी, जिसका उपयोग कर विद्यार्थी अभिभावक एवं गढ़ मान्य नागरिक अलग-अलग पोज में फोटो खिंचवाते नजर आए। आनंद मेले में बड़ी संख्या में अभिभावकों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में खरीदारी कर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11:00 बजे से लेकर 4:00 बजे तक था। पूरे समय तक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की अच्छी खासी भीड़ कैंपस में उपस्थित थी। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य बंशीलाल सुर्गे, महाविद्यालय के वाइस प्रिंसिपल अनिरुद्ध तिवारी, डॉ.अलका मिश्रा, दीक्षा ठाकुर, प्रदीप घोष, सुरभि शर्मा, पूर्णिमा पटेल, अजय पटेल, योगेश साहू, संजू साहू कार्यालय से पूजा हरिहरन एवं पूर्णिमा के साथ स्कूल की प्रभारी शिक्षिका अनामिका साहू अन्य सभी कार्यकर्ता व प्रभारी शिक्षकगण अनामिका साहू माया शुक्ला, प्रभा यादव, ममता रेड्डी, दिव्या साहू, मोनिसा दुबे प्रिती वर्मा प्रिती रानी भट्ट कु तुनिका वर्मा दिपीका सूर प्रिया साहू राजन शर्मा सरस्वती पूजा हरिहारनो पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे एवम विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते रहे।

# अपने शौक को ही आप कैरियर बना लें तो जीवन आनंदमय में हो जाता है : प्रोफेसर डॉ. राजीव रंजन




पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरुजी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय कुरडेग पहुंचे। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य तिर्की अन्य स्टाफ तथा बच्चों ने हृदय से स्वागत किया। स्कूल के मिश्रा सर के द्वारा डॉक्टर तिग्गा का संक्षिप्त परिचय दिया गया तथा उदबोधन हेतु आमंत्रित किया गया। डॉक्टर तिग्गा ने अपने उदबोधन में कई अहम बातें कही तथा छात्र-छात्राओं को अपने करियर के प्रति सजग रहने की बात कही। डॉक्टर तिग्गा ने मुख्यतः तीन गंभीर विषयों पर छात्र-छात्राओं को मनन चिंतन करने की सलाह दी।

### दबाव में चुनाव ना करें

पहला यह कि हम अपने करियर के लिए सही समय पर सही विषय का चुनाव करें जो खुद की रुचि का हो किसी को देखकर या दबाव में विषय का चुनाव न करें. दूसरी बात उन्होंने कहीं कि समय का सदुपयोग करें। समय का ध्यान रखकर काम किया जाएगा तो आपकी पढ़ाई के प्रति गंभीरता बनी रहेगी और शीघ्र ही आपको अपनी मंजिल मिल जाएगी. तीसरी महत्वपूर्ण बात उन्होंने कहीं कि करियर ऐसा चुनें कि नौकरी नौकरी जैसा ना लगे बल्कि उसे काम करने में सुख की अनुभूति हो। आनंद के साथ सुखद जीवन का आनंद लें इस एक दिवसीय विद्यालय संपर्क अभियान में बच्चों तथा स्टाफ की सहभागिता सराहनीय रही। स्कूल के स्टाफ ने छात्र-छात्राओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में तिर्की सर जायसवाल मिश्रा तथा समूचे स्टाफ की विशेष भूमिका रही।

## यासमीन कराचीवाला ने दुल्हनों के लिए बताये खूबसूरत दिखने के 5 टिप्स



**रायपुर।** हर दुल्हन की ख्वाहिश होती है कि वह अपनी शादी के दिन सबसे खूबसूरत और आत्मविश्वास से भरी नजर आए, और यह पूरी तरह से सही है। हालांकि, शादी की तैयारियों में ढेर सारे कामों के बीच खुद की सेहत और फिटनेस अक्सर पीछे रह जाती है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि थोड़ा सा ध्यान और सही दिशा में किया गया प्रयास आपको न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी तैयार कर सकता है? फिटनेस कोच और पिलेट्स एक्सपर्ट यासमीन कराचीवाला अपनी कुछ खास टिप्स शेयर कर रही हैं, जिनकी मदद से हर दुल्हन खुद को आत्मविश्वास से भरपूर और दमकता हुआ महसूस कर सकती है। समझदारी से खाने का मतलब यह बिल्कुल भी नहीं कि आप भोजन करना छोड़ दें या क्रैश डाइटिंग करें। बल्कि, आपको एक संतुलित आहार अपनाना चाहिये।


## सूचना

प्रमाणित किया जाता है कि श्री फूलसिंह वटटी पित्ता गोपी राम वटटी जाति गोण्ड ग्राम उडिदगांव (भटटी पारा) ग्राम पंचायत उड़िदगांद तहसील माकड़ी जिला कोण्डागांव (छ.ग.) निवासी है जो कि दिनांक 20/08/2024 को अपने स्वयं के खेत में खाद छिड़कने गया हुआ था किसी कारण वश बेहोश होने से उपस्वास्थय केन्द्र माकड़ी में भर्ती किया गया था। स्वास्थय ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 21/08/2024 के डिमरापाल रिफर किया गया और दिनांक 29/8/2024 को आकस्मिक निधन हो गया।

यह मेरे जानकारी के अनुसार सत्य है।

सरपंच
ग्राम पंचायत-उड़िदगांव
जनपद पंचायत-माकड़ी

## शपथ पत्र

मैं भगवती बाई उम्र 35 वर्ष पति आनंद ताम्रे जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम मुड़पार तह. सारागांव जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की हूं जो निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ-

1. यह कि मैं ग्राम सारागांव की मूल निवासी हूँ तथा वर्तमान में मुड़पार में रहती हूं। मेरे पुत्र के अंकसूची में उसका नाम रोशन ताम्रे माता भगवती बाई दर्ज है जो सत्य एवं सही है परन्तु जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम रोशन कुमार ताम्रकर पिता आनंद कुमार ताम्रकर माता भगवती दर्ज है जो त्रुटि पूर्ण है। मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र को अंकसूची के अनुसार सुधरवाकर नया जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहती हूँ।
2. यह कि रोशन ताम्रे एवं रोशन कुमार ताम्रकर ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात् मेरे पुत्र का ही है। मैंने जन्म प्रमाण पत्र का उपयोग नहीं किया है तथा मूल जन्म प्रमाण पत्र को विभाग में जमा करने के लिए तैयार हूँ।
3. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में अंकसूची के अनुसार नाम रोशन ताम्रे पिता आनंद ताम्रे माता भगवती बाई दर्ज कर प्रदान किया जावे। इस संबंध में मैंने किसी भी तथ्य को नहीं छुपाया है गलत जानकारी होने पर मेरी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।
4. यह कि उपरोक्त के समर्थन में यह शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

**सत्यापन**

मैं भगवती बाई उम्र 35 वर्ष पति आनंद ताम्रे जाति सूर्यवंशी ग्राम मुड़पार तह. सारागांव यह सत्यापित करती हूँ कि कण्डिका 01 से 04 तक की लिखि समस्त बातें सत्य एवं सही है जिसे पढ़, सुन, समझकर हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ती

## न्यायालय तहसीलदार भोथिया जिला-सक्ती (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./बी-121/2023-24
साकिन-भोथिया, तहसील-भोथिया

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रितेश चंद्रा पति देवनारायण चंद्रा साकिन जाटापारा भोथिया तहसील भोथिया के द्वारा उनके नाम पर ग्राम भोथिया में स्थित भूमि खसरा नंबर 1107/1, 1106/2, 1109/1, 1109/2, 1109/3, 1170/7, 1107/2, 1108/1, 1106/3, 1107/3, 1108/2, 1108/3, 1108/4, 1109/5 हे. भूमि अवस्थित है। हिन्दूस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड रिटेल आउटलेट स्थापित कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी(रा.) सक्ती से मूल प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 19/12/2024 के पूर्व अपनी दावा/आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 10/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
भोथिया

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

Email ID :- tribalmahasamund@gmail.com, Phon/Fax No - 07723-223912

### // मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना पत्र //

क्रमांक/1902/आदि.वि./ निर्माण/2024-25 — महासमुन्द, दिनांक 11/12/2024

छत्तीसगढ़ राज्यपाल के नाम से जिले में संचालित विभागीय छात्रावास/आश्रम एवं अन्य भवनों का विभिन्न मदांतर्गत स्वीकृत/स्वीकृत किये जाने वाले लघु निर्माण/अनुरक्षण/ जीर्णोद्वार कार्यों के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर छ.ग. शासन रायपुर द्वारा जारी भवन दर अनुसूची जो कि दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील है पर प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग (भ/स) में पंजीकृत निविदाकारों से प्रचलित दर पर मोहरबंद निविदा दो लिफाफा पद्धति जिसमें एक अमानती राशि एवं दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, स्पीड पोस्ट के माध्यम से सहायक आयुक्त आदिवासी विकास महासमुन्द के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। डाक से विलंब/विलंब से प्राप्त निविदा मान्य नहीं की जावेगी जिसके लिये विभाग जिम्मेदार नहीं होगा :-

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि — 23-12-2024 — सांय 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय/निविदा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि — 24-12-2024 — सांय 5.00 बजे तक
3. निविदा जमा/प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 30-12-2024 — स्पीड पोस्ट से सांय 5.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि — 31-12-2024 — 3.00 बजे दोपहर

(राशि लाख में)

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 04 छात्रावास / आश्रमों में जीर्णोद्धार / अनुरक्षण / लघु मरम्मत कार्य | 3700000/- | प्रति कार्य नियमानुसार राशि जमा करना होगा |

टीपः- उपरोक्त कार्यों के लिये निविदा की नियम व शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास महासमुन्द

G-242504554/2

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, मरवाही जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

### // ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 02.01.2015, 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

| सिस्टम निविदा क्र./ निविदा सूचना क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सि.नि.क्र. 162659<br>नि.सू.क्र. 07/वलेलि/2024-25<br>दिनांक 12.12.2024 | परासी उद्वहन सिंचाई योजना के मुख्य नहर का जीर्णोद्धार एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य। | रू. 271.42 लाख |
| सि.नि.क्र. 162660<br>नि.सू.क्र. 08/वलेलि/2024-25<br>दिनांक 12.12.2024 | कुम्हारी व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर का सी.सी. लाईनिंग कार्य। | रू. 513.32 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 19.12.2024 समय 17.31 बजे से देखें तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोटः-
1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 22.08.2022) के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग
मरवाही (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता
हसदेव कछार जल संसाधन विभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

G-242504542/8

# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय प्रवास पर

प्रथम पृष्ठ का शेष

**रायपुर।** केन्द्रीय मंत्री अमित शाह बस्तर ओलंपिक के समापन में शामिल होंगे। बस्तर ओलंपिक का आयोजन कई मायनों में अहम है। इसके लिए राज्य सरकार ने बड़े ही खूबसूरत तरीके से तैयारी की है। प्रतीक चिन्ह के बायीं और दायीं ओर बस्तर क्षेत्र के ख्याति प्राप्त परम्परागत वाद्य यंत्र 'तुरही' को दर्शाया गया है। तुरही बस्तर क्षेत्र में मड़ई मेलों में देवी देवताओं के सम्मान में बजाई जाती है। गांव में सभी को सूचना देने के लिए भी इसका उपयोग किया जाता है। लोगो के मध्य में हिन्दी में 'बस्तर ओलम्पिक 2024' लिखा हुआ है, साथ में इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को ओलम्पिक खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए ओलम्पिक खेल विधा खेल तीरंदाजी, हॉकी, भारोत्तोलन, फुटबॉल एवं वालीबॉल के लघु चिन्ह को दर्शाया गया है। लोगो के नीचे की ओर बस्तर क्षेत्र में प्रलचित स्थानीय भाषा- बोली 'गोंडी' में 'करसाय ता बस्तर बरसाय ता बस्तर' का स्लोगन वाक्य लिखा गया है, जिसका हिन्दी में अनुवाद 'खेलेगा बस्तर, बढ़ेगा बस्तर' होता है।

## 2900 खिलाड़ी ले रहे भाग

संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक के विभिन्न प्रतियोगिताओं में तकरीबन 2900 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। वहीं तकरीबन 100 निर्णायकों ने भी हिस्सा लेकर नया कीर्तिमान रचा है।

## 'नुआ बाट'

बदलते बस्तर और सुशासन वाली सरकार में एक आत्मसमर्पित नक्सलियों की भी टीम है, जिसका नाम 'नुआ बाट' है। जो कि नक्सल हिंसा के पीड़ित हैं। नुआ बाट का अर्थ होता है नया रास्ता। इस टीम ने समूचे राज्य को ओलंपिक के माध्यम से यह संदेश दिया है कि अब रास्ता बदल चुका है, हमारा बस्तर बदल चुका है, बस्तर के विकास में सभी सहभागी हो रहे हैं।

# पुलिस ने 8 नक्सलियों को विस्फोटक सामग्री के साथ किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

सुरक्षा बल के जवानों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। जगरगुण्डा पुलिस एवं 201 कोबरा, 150 वाहिनी सीआरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जगरगुण्डा क्षेत्र से 7 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। सभी नक्सली थाना जगरगुण्डा और चिंतलनार क्षेत्र के रहने वाले हैं। नक्सलियों के पास से विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है। वहीं बीजापुर में अन्य कार्रवाई में फोर्स ने तर्रेम थाने से एक नक्सली को अरेस्ट किया है। नक्सली रवि ऊर्फ संतोष जन मिलिशिया सदस्य है। तर्रेम थाने में नक्सली रवि के विरुद्ध चार मामले दर्ज हैं। नक्सली रवि ने पूर्व सरपंच सुखराम अवलम की हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में फोर्स को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है।

# बढ़ती ठंड को लेकर निगम प्रशासन अलर्ट : शहर के चौक चौराहों पर लगातार अलाव जलाने के निर्देश



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। रात के समय ठंड और कोहरा काफी बढ़ जा रहा है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर शहर के चौक चौराहों पर लगातार अलाव जलाने के लिए अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग अमला द्वारा अलाव जलाया जा रहा है। नगर पालिक निगम अतिक्रमण विभाग अमला द्वारा शहर के सभी चौक चौराहों, रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में लगातार अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने बताया कि बदलते मौसम और ठंड के कहर से लोगों की जान तक चली जाती है। सबसे अधिक खतरा घुमंतू और फुटपाथ पर सोने वालों को रहता है। साथ देर रात रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में यात्रियों को ठंड के चलते काफी परेशानी होती है। इसी को देखते हुए सभी सार्वजनिक जगह में निरंतर अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा करने से फुटपाथ पर सोने वाले और देर रात आने जाने वाले यात्री अलाव का उपयोग कर सकेंगे। मुख्य जगहों में निरंतर अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं। कमिश्नर के निर्देश पर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, फुटपाथ जहां लोग सोते हैं, शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, चौक-चौराहा सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है । इसके लिए निगम ने लकड़ी की व्यवस्था की गई है। बढ़ती ठंड के कारण चौक चौराहों पर रात के समय अलाव जलाना बहुत जरूरी है, जिससे ये लोग अलाव ताप कर ठंड दूर कर सकें।

# राजेन्द्र पार्क चौक का बदल जाएगा नक्शा आम लोगों को ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के चर्चित स्थान राजेन्द्र पार्क चौक का कायाकल्प किया जाएगा। दुर्ग जिला प्रशासन व निगम प्रशासन ने इसका पूरा खाका तैयार कर लिया है। इसमें करीब 84 लाख की लागत आएगी। इससे ट्रैफिक जाम से जूझ रहे आम लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। राजेन्द्र पार्क में ट्रैफिक जाम एक बड़ी समस्या है। इसी के मद्देनजर शहर के राजेन्द्र पार्क चौक की री-मॉडलिंग कराई जाएगी। इससे दुर्गवासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी। इसमें राजेन्द्र पार्क चौक की रोटरी और आइलैंड को री-डिजाइन करने के साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था में अवरोध बने बिजली के खम्भे, डिवाइडर और ट्रैफिक सिग्नल को शिफ्ट किया जाएगा।







Samvad-42449/60

# मुख्यमंत्री विष्णु देव ने किया ऐलान महेन्द्र कुमार कुरेटी के परिजनों को मिलेगी 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



वन रक्षक भर्ती परीक्षा के फिजिकल टेस्ट के दौरान कांकेर जिला में महेन्द्र कुमार कुरेटी की मृत्यु हो गई थी। महेन्द्र असामायिक मृत्यु पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के इस घड़ी में हमारी सरकार मृतक के परिजनों के साथ है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से मृतक के परिवार जनों को 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर संभव मदद के लिए तत्पर है।

# सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनसंपर्क विभाग दंतेवाड़ा के द्वारा उपलब्धियों पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गठित राज्य सरकार का एक साल उपलब्धियों से भरा रहा। इसी उपलक्ष्य में आज जनादेश परब मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जनसंपर्क विभाग द्वारा राज्य सरकार के द्वारा एक साल में जनकल्याण के लिए लागू की गई योजनाओं, कार्यक्रमों और इससे लाभान्वित लोगों से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन नगर पालिका परिषद के परिसर में लगाई गई। इस मौके पर कार्यक्रम के अतिथि नगरपालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने ने जनसंपर्क स्टॉल का रिबन काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सिंह ने विष्णुदेव के नेतृत्व में बनी सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में राज्य, विशेष रूप से दंतेवाड़ा क्षेत्र, में उल्लेखनीय विकास कार्य किये गए है। साथ ही उन्होंने प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए इसे आमजनों को योजनाओं की जानकारी देने में लाभकारी बताया, जिससे आमजन उन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। अन्य अतिथियों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोग सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी लेकर इससे लाभान्वित हो सकते हैं।

# अम्बिकापुर : वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही 19 दिसम्बर को होगी आयोजित

**अम्बिकापुर।** वार्डों का आरक्षण छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) 1994 के प्रावधानों के तहत 19 दिसम्बर 2024 को स्थान जिला कार्यालय सभाकक्ष में नगर पालिका निगम अम्बिकापुर हेतु 11.00 बजे से 01.00 बजे तक, नगर पंचायत लखनपुर हेतु 01.00 से 02.00 बजे तथा नगर पंचायत सीतापुर हेतु समय 02.00 बजे से 03.00 बजे तक संपन्न किया जावेगा। इसमें जो नागरिक उपस्थित रहना चाहें, वे उपस्थित रह सकते हैं।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवा-युवतियां का हो रहा विकास

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



एसएसबी द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवा युवतियां को छत्तीसगढ़ में हो रहे विकास कार्यो को दिखाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के बड़े शहरों को दिखाया गया। यहां के कारखाने समेत विभिन्न गतिविधियों के बारे में संबंधित तथ्यों की जानकारी देने हुए अलग अलग स्थानों का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवा युवतियां में लीडरशिप भावना को विकसित करना मुख्य उद्देश्य है। इन्हे शहर का भ्रमण कराया जा रहा है ताकि उनके अंदर की झिझक समाप्त हो सके और आत्मविश्वास जागृत हो। आपको बता दें कि 33वीं वाहिनी केवटी द्वारा एसएसबी ने अपने खर्चे से नक्सल प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों से 19 बच्चे (13 लड़के एवं 06 लड़कियों) को रेल यात्रा एवं भिलाई भ्रमण के लिए भेजा। वहां पर उनको भिलाई स्टील प्लांट की क ा य ॅ प्रणाली को दिखाया जाएगा और अन्य दार्शनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। भिलाई भ्रमण का उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को ग्रामीण परिवेश से बाहर लाकर आधुनिक भारत को दिखाना ओर उनके मानसिकता को बदलना है साथ ही युवाओं को विकाश की धारा से जोड़ने, उनमें सुरक्षा एवं देश भक्ति की भावना पैदा करना हैद्य एसएसबी इस तरह के कार्यक्रम समय समय पर आयोजित करती रहती हैं। एसएसबी के कमांडेंट महेंद्र ठाकुर नें बताया इस तरह के कार्यक्रम ल उद्देश्य आम जनमानस में सुरक्षा बलों के प्रति भरोसा पैदा करना तथा युवा पीढ़ी के मन के देश भक्ति की अलख जगाना है। एसएसबी द्वारा पहले भी तरह तरह के कार्य किए गए हैं और आगे भी किए जाते रहेंगे। इस मौके पर एसएसबी कैम्प केवटी के अधिकारी उपस्थित थे।

# पीएम आवास आबंटन के लिए 26 तक मंगाई दावा-आपत्ति

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान मोर आस के घटक में नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्रांतर्गत निर्मित आवासों में विभिन्न परियोजना स्थल सरस्वती नगर, गणपति विहार बोरसी, गोकुल नगर, माँ कर्मा बोरसी अंतर्गत निर्मित/निर्माणाधीन आवासों के आबंटन के लिए किराए पर रहने वाले परिवारों और वरिष्ठ नागरिकों से आवेदन मंगाए गए।जानकारी में बताया कि उक्त स्थलों पर आवास के लिए आवेदन आए हैं। आवेदनों की सूची दावा-आपत्ति के लिए नगर निगम मुख्यालय एवं डाटा सेंटर के प्रधानमंत्री आवास कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। इस पर 12 से 26 दिसंबर तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस अंतर्गत अंतिम पात्र/अपात्र की सूची।मोर मकान-मोर आस अंतर्गत आपत्ति दावा की प्रक्रिया के संपादन पश्चात अंतिम पात्र/अपात्र की सूची प्रकाशित की जा रही है।

# कबीरधाम में जल जीवन मिशन योजना सिर्फ आकड़ों पर, धरातल पर मिशन का हो गया है कमीशन

## विभाग कागजों में ही जनता को पिला रहे जल

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला में जल जीवन मिशन केवल फर्जी आंकड़ा प्रस्तुत कर अपनी पीठ थपथपा रहा है। केंद्रीय योजनाओं के उद्देश्य पर पानी फेर रहा है। जल जीवन मिशन भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए एक पहल है। इसका उद्देश्य हर ग्रामीण परिवार को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराना है। मिशन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्थायी जल प्रबंधन, सामुदायिक भागीदारी और बुनियादी ढाँचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। जेजेएम को विकेंद्रीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से लागू किया जाता है, जिसमें राज्य और स्थानीय सरकारें योजना और क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वित्तीय सहायता केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाती है, और राज्यों को निधियों का एक हिस्सा देना आवश्यक है। मिशन अपने उद्देश्यों का समर्थन करने के लिए गैर-सरकारी संगठनों, निजी क्षेत्र की संस्थाओं और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ साझेदारी का भी लाभ उठाता है।





### जेजेएम योजना में 959 ग्राम शामिल



सरकार के एक साल की सफलता को लेकर जिला मुख्यालय में जनादेश परब पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार की उपलब्धियों की जानकारी को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और वर्तमान बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रेस वार्ता में राज्य के साथ साथ कबीरधाम जिला के विभागवार जानकारी दी गई। जल जीवन मिशन योजना में जिले के 959 गांवों को शामिल किया है। जिसमें रेट्रोफिटिंग की 231, सिंगल विलेज की 542 और सोलर आधारित 210 गांव शामिल है। योजना में 163478 ग्रामीण परिवार को शामिल किया है। जिसके लिए 1062.18 करोड़ रुपए व्यय करने का प्रावधान किया गया है।

### जल प्रदाय का आंकड़ा फर्जी होने की संभावना

एक साल विष्णु देव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास और नए आयाम स्थापित किए जाने संबंधी जनादेश परब पर प्रेस वार्ता को राज्य सरकार द्वारा मनोनीत अतिथि कबीरधाम जिला कलेक्ट्रेट में पत्रकारों को संबोधित किया साथ ही पत्रकार वार्ता में जो विज्ञप्ति जारी किया गया है। जिसमें 959 गांवों में से 506 ग्रामों में जल प्रदाय प्रारंभ कर दिए जाने का उल्लेख है। योजना अंतर्गत कुल 163478 ग्रामीण परिवार को घरेलू नल कनेक्शन कराया जा चुका हैं। जो लगभग 82.03 प्रतिशत है, उल्लेख किया गया है। जबकि जिले के आधा से ज्यादा गांवों में जल जीवन योजना अंतर्गत बनाए गए नल, टंकी, पाइप लाइन बंद और अधूरा पड़ा हुआ है। फर्जी आंकड़ा लोगों के समझ से परे है।

### जांच में गड़बड़ियां उजागर होने की संभावना

राज्य सरकार की उपलब्धियों से भरा हुआ प्रेस नोट में जल जीवन मिशन योजना के आंकड़ों और उसमें किए गए व्यय, निर्माण की यदि जांच की जाए तो आधा से ज्यादा गड़बड़ी उजागर होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। सरकार के समक्ष फर्जी आंकड़ा प्रस्तुत करने वाले अधिकारी को आखिर किसका संरक्षण प्राप्त है। इसलिए अंत में जल जीवन मिशन योजना की क्रियान्वयन और धरातल पर एक साल सुशासन के बेमिसाल में यही कहा जा सकता है कि नल बना तो जल नहीं, जल है वहां नल नहीं, कैसी बुझेगी गरीबों की प्यास, विभाग कागजों में ही जनता को पिला रहे पानी। विभाग अपने ही सरकार के लिए झूठे और फर्जी आंकड़ों को सजाने के बदले धरातल पर क्रियान्वयन में मुस्तैदी दिखाते तो शायद हालत और स्वास्थ्य दोनों बेहतर होते।

## पुलिस ने नौ संदिग्धों पर की कानूनी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



सरहदी क्षेत्र रामानुजगंज के नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में रह रहे संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए नौ लोगों पर कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में संदिग्ध लोगों के खिलाफ चलाई गई अभियान में पुलिस को नौ लोग ऐसे मिले जिनके पास निवास से संबंधित किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं मिला। तत्पश्चात पुलिस ने उन पर कानूनी कार्रवाई करते हुए बीएनएसएस कि धारा 128 के तहत दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस विभाग द्वारा इस बात को स्पष्ट नहीं किया गया है कि किन-किन वार्डों से उनका चयन किया गया और किनके मकान में किराए से रह रहे थे क्योंकि किसी भी वार्ड में यदि ऐसे लोग निवास कर रहे हैं तो उस वार्ड पार्षद की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह कानून को इस बात की जानकारी दें की किनके मकान में संदिग्ध लोग रह रहे हैं यदि निर्वाचित जनप्रतिनिधि कानून व्यवस्था में सहयोग नहीं करेंगे तो अपराधों को रोका जाना किसी भी सूरत में संभव नहीं है प्रायः रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र में निवास रत मकान मालिक बाहरी व्यक्तियों को किराए में मकान तो उपलब्ध करा देते हैं लेकिन उनसे संबंधित दस्तावेज कभी भी पुलिस विभाग को उपलब्ध नहीं करा पाते शासन प्रशासन द्वारा यदि समय-समय पर कड़ी कार्रवाई की जाए तो नगर में किराए के दुकान एवं मकान चलने वाले पहले संबंधित विभाग को जानकारी उपलब्ध कराने के बाद ही उनको मकान या दुकान उपलब्ध कराते लेकिन यहां सब भौसा पूरी कारोबार चल रहा है इसी का परिणाम है कि रामानुजगंज में कई नए चेहरे दुकानों एवं मकान में नजर आते हैं। वैसे पुलिस विभाग के द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि दुकान एवं मकान किराए में लगाने से पहले उनसे संपूर्ण दस्तावेज प्राप्त कर पुलिस विभाग को भी उपलब्ध कराया जाए ताकि कभी भी घटना दुर्घटना होने पर जांच पड़ताल करने में आसान हो।

## प्रतिबंधित नशीली दवा टेबलेट के साथ एक आरोपी गिरफ्तार कब्जे से 407 नग प्रतिबंधित दवा बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



एसपी शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में जशपुर जिले में नशे के विरूद्व अभियान के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है।सभी थाना प्रभारियों को टीम लगाकर नशीले पदार्थो के बिकी परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए लगातार निर्देशित किया जा रहा है कि मुखबीर से जानकारी मिली कि मकसुद आलम उर्फ मिस्टर 13 दिसंबर को मस्जिद मोहल्ला कुनकुरी का जो कि अवैध नशीली प्रतिबंधित दवाओं का अवैध रूप से कहीं से लाकर लुक छिप कर बिकी करता है तथा अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवा टेबलेट बिकी करने के लिए कुनकुरी टाउन में घूम घूम कर ग्राहक तलाश कर रहा है कि पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा थाना प्रमारी कुनकुरी को तत्काल तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किये कि कनकुरी थाना से एक टीम बनाकर तत्काल सूचना की तस्दीक की गई तो मकसुद आलम एर्फ मिस्टर निवासी मस्जिद मोहल्ला कुनकुरी का पंजाब नेशनल बैंक के पास कुनकुरी के पास दिखा जो जो बिना नम्बर की प्लेटिना मोटर सायकल में अपने पास प्लास्टिक थैलानुमा पन्नी रखा था कि घेराबंदी कर उसे पकडा गया तथा उसके द्वारा रखे गये प्लास्टिक थैली व बदन की तलाशी में उसक कब्जे से अवैध रूप से नशीला टेबलेट स्पॉजमो पॉक्सीवान(ट्रामाडोल) नशीला प्रतिबंधित दवा कैप्सुल कुल 407 नग बरामद हुआ जो बिकी करने हेतु अपने कब्जे मे रखना बताया कि नारकोटिक्स एक्ट के वैधानिक प्रावधानों का पालन करते हुये मकसुद आलम उर्फ मिस्टर पिता महमूद आलम ड्ढ35 वर्ष साकिन मस्जिद मोहल्ला कुनकुरी के कब्जे से अदैध रूप से रखा हुआ प्रतिबंधित दवा नशीली टेबलेट 407नग स्पॉजमो पॉक्सीवान, परिवहन में उपयोग किया बिना नम्बर प्लेटिना मोटर सायकल एवं एक विवो कम्पनी का मोबाईल कुल कीमती 30000 करीब का बरामद कर जप्त कर कार्यवाही की गई आरोपी को धारा 21(बी) नारकोटिक्स एक्ट के अंतगत गिरपतार किया गया है। पूर्व में इसके साथी दिवाकर ताम्रकार एवं ताराबाबा निवासी कुनकुरी को नशीली प्रतिबंधित दवा के साथ पकड़ा गया था जिन पर 'कार्यवाही की गई थी तब पुलिस को जानकारी मिली थी मकस्द आलम उर्फ मिस्टर नशीली दवालाने का मास्टर माईड है और लगातार इसके गतिविधि पर निगाह रखी जा रही थी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा - सम्पूर्ण कार्यवाही में वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक संतोष तिवारी सहायक उप निरीक्षक ईश्वर प्रसाद बारले प्रधान आर ढलेश्वर यादव, आर0 नन्दलाल यादव, आर चन्द्रशेखर बंजार थाना कुनकुरी आर0 सुरेश एक्का के अवाला औषधि निरीक्षक योगेश परस्ते जशपुर की सराहनीय भूमिका रही। जशपुर पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने कहा समाज को नशा मुक्त बनाने हेतु जशपुर पुलिस का अगला अमियान प्रतिबंधित नशीली दवा सीरप आदि के अवैध रूप से नशे के रूप में उपयोग पर रोक लगाने हेतु एक कार्य योजना बनाई गई है जो शीघ्र अमल में लाया जायेगा।

## 19 दिसम्बर को होगा नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के वार्डों का आरक्षण

**बलरामपुर।** नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत निर्वाचन 2024 के लिए वार्डों का आरक्षण किया जाना है। जिसके तहत



कलेक्टर एवं आरक्षण विहित प्राधिकारी राजेन्द्र कटारा द्वारा जिले के नगर पालिका परिषद बलरामपुर एवं नगर पंचायत रामानुजगंज, राजपुर, कुसमी तथा वाड्रफनगर के लिए आरक्षण तिथि एवं समय निर्धारित किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी सूचना के तहत नगर पालिका बलरामपुर के 15 वार्डों एवं चारों नगर पंचायतों के 60 वार्डों के लिए आरक्षण 19 दिसम्बर 2024 को प्रातः 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में किया जाएगा। उक्त आरक्षण की प्रक्रिया में जो नागरिक उपस्थित रहना चाहते हैं वे निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित रह सकते हैं।

## सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर विकास प्रदर्शनी को मिला अच्छा प्रतिसाद

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जनसम्पर्क विभाग द्वारा दो दिवसीय विकास प्रदर्शनी लगाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, मीडियाकर्मी, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, आमजन, महिलाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए गरियाबंद जिले की विकास मूलक झलकियों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव की एक वर्ष की सुशासन में अंत्योदय की परिकल्पना साकार हो रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा एक वर्ष में किये गये उपलब्धियों पर आधारित यह प्रदर्शनी काफी सराहनीय है। विकास प्रदर्शनी में सरकार की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यक्रमों की तस्वीरें और जानकारी प्रदर्शित की गई थी। इसमें प्रमुख योजनाओं में पीएम जनमन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के हितग्राहियों को दी जाने वाली सेवाएं, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, महिला सशक्तिकरण, कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के आत्मविश्वास में वृद्धि, और ग्रामीण विकास और आधारभूत संरचनाओं से जुड़ी परियोजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया। जनता के बीच सरकार की पारदर्शिता और उपलब्धियों को प्रदर्शनी के माध्यम से साझा करने के इस प्रयास को अच्छा प्रतिसाद मिला। विकास प्रदर्शनी में जनसम्पर्क संचालनालय द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन एवं अन्य प्रचार सामग्रियों का भी निःशुल्क वितरण किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों ने सरकार के प्रयासों की सराहना की। ग्राम भोरिंग के गौरव दीवान, तुमगांव के छबि निषाद ने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण इलाकों में भी कार्य मिला है। गौरव दीवान ने कहा कि पीएम जनमन और जनजाति गौरव को ऊंचा उठाने के लिए सरकार बेहतर कार्य कर रही है। वहीं शहर के सावंत यादव, हीरा बाई और गोलू ने सरकार की योजनाओं को कारगार बताया। हीरा बाई ने कहा कि वे महतारी वंदन योजना की हितग्राही है और उन्हें हर माह राशि प्राप्त हो रही है। इससे वे बहुत खुश है। गोलू ने कहा कि सरकार की उपलब्धियों को जनसम्पर्क विभाग द्वारा बेहतर तरीके से पहुंचाई जा रही है।

## विकास कार्यों की उपलब्धियों सहित मासिक पत्रिका का किया वितरण

## जनसम्पर्क विभाग ने किया छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनसंपर्क विभाग द्वारा उपलब्धियों को छायाचित्र के माध्यम से साझा की गई। यह दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी चांदो चौक स्थित शहीद पार्क में लगाया गया है। प्रदर्शनी का शुभारंभ जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भानूप्रकाश दीक्षित ने किया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक ओम प्रकाश सोनी,दिलीप सोनी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष में किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया गया है। इन योजनाओं के तहत ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सृजन जैसी महत्वपूर्ण शामिल हैं,जो राज्य की सामाजिक और आर्थिक प्रगति में योगदान दे रही हैं। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सुधार और विकास देखा गया है,जो नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। इस दौरान विभाग द्वारा मासिक पत्रिका जनमन एवं विभिन्न योजनाओं पर आधारित ब्रोसर व पम्पलेट का वितरण भी किया गया। आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने आई छात्रा रोजी खातून और अन्य छात्राओं ने इस प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से उन्हें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी मिली। छात्राओं ने कहा कि सरकार ने हर वर्ग के लिए विकास कार्य किए हैं छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण,उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहन राशि भी दिया जा रही है बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं कुछ विभागों में भर्ती प्रक्रिया जारी है,इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्के घर दिए जा रहे हैं,आयुष्मान योजना से निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है किसानों के हित में बेहतर निर्णय लिए गए है जिसके अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को बकाया बोनस राशि भी दी गई। वहीं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हर माह एक हजार रुपये दिए जा रहे हैं। बिनोद सोनी ने कहा कि इस छायाचित्र प्रदर्शनी में शासन द्वारा किए गए विकास कार्यों की झलकियाँ दिखाई गई हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार सभी वर्गों के लिए बेहतर कार्य कर रही है और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।बलरामपुर निवासी मरियम और बरियों की चन्द्र प्रभा ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मुख्यमंत्री की महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने की बात कही। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस योजना को लागू करने के लिए धन्यवाद भी दिया।



## सैंड आर्ट के माध्यम से दिखी विष्णु सरकार के सुशासन और विकास की झलक

सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर राजधानी रायपुर स्थित साइंस कॉलेज में आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने अपनी कला के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन और विकास को अभिव्यक्त किया। उन्होंने रेत की अद्भुत कृति तैयार कर छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों को दर्शाया। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सहित मंत्रीगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सुदर्शन पटनायक ने अपनी कला से सबका ध्यान आकर्षित किया। उनकी रेत की अद्भुत कृति ने सभी का मन मोह लिया। इस कृति में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन और विकास की झलक दिखाई दी। उन्होने सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।



# खेलों के जरिए सुखद भविष्य की ओर बढ़ता बस्तर

## डबल इंजन की सरकार में विकास की रफ्तार भी डबल

**रायपुर।** केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ की जनता को दोहरा लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने जिस संकल्प के साथ विकसित भारत की प्रतिबद्धता जाहिर की उसी लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ में भी जनहित कार्यों का सिलसिला लगातार आगे बढ़ रहा है। साय सरकार में गुणवत्ता, जवाबदेही और पारदर्शिता के तीन कार्यस्तम्भ के जरिए लोगों तक सुशासन का संदेश जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संचालित योजनाओं का छत्तीसगढ़ को भरपूर लाभ मिल रहा है। केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन और उनका लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने में छत्तीसगढ़ लगातार अग्रणी भूमिका की ओर बढ़ रहा है। जिनमें पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जैसी योजनाएं शामिल हैं।

## जनादेश परब के अवसर पर लुण्ड्रा विधायक ने ली प्रेस वार्ता

**अम्बिकापुर।** राज्य सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम अंतर्गत जिले में शनिवार को प्रेस वार्ता का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य सरकार के पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने जनादेश परब के अवसर पर राज्य एवं जिले के विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में नवीन कंपोजिट बिल्डिंग में लगाई गई फोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।



खेलेगा बस्तर बढ़ेगा बस्तर

हमने बनाया है हम ही सँवारेंगे

## धान उठाव में कोरबा जिला प्रदेश में पहले स्थान पर, दस हजार 303 मीट्रिक टन का हुआ उठाव

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 55 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है।

बस्तर ओलंपिक 2024

करसाय ता बस्तर बरसाय ता बस्तर

# बस्तर ओलंपिक 2024



श्री अमित शाह
माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## श्रीरामलला दर्शन योजना से लोगों का सपना हो रहा साकार

**रायपुर।** राज्य शासन की श्रीरामलला दर्शन योजना से प्रदेश के हजारों लोगों का सपना पूरा हो रहा है। इस योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेशवासियों को निःशुल्क अयोध्या धाम की यात्रा करवा रही है। विशेष ट्रेनों से श्रद्धालुओं को अयोध्या ले जाकर श्रीरामलला और काशी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन कराया जा रहा है। दोनों जगहों की यात्रा से लौटे प्रदेशभर के श्रद्धालु इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य शासन के प्रति आभार जता रहे हैं। यात्रा के अपने सुखद अनुभवों को साझा करते हुए वे कहते हैं कि रामलला के दर्शन सौभाग्य की बात है। हमें वहां भेजकर मुख्यमंत्री ने अपना वादा निभाया है। श्रीरामलला के दर्शन और यात्रा के दौरान अच्छी व्यवस्थाओं के लिए हम उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। विशेष ट्रेन से अयोध्या से दर्शन कर लौटे बिलासपुर शहर के कोनी निवासी संतोष कोरी ने कहा कि सरकार की इस योजना से हम जैसे गरीबों को भी श्रीरामलला के दर्शन का सुअवसर मिल रहा है। अयोध्या धाम का दर्शन सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि यात्रा में सभी की सुविधा का ख्याल रखा गया, किसी भी तरह की समस्या नहीं हुई। सभी यात्रियों की सुविधाओं के लिए सरकार ने बेहतर इंतजाम किए थे। उनकी पत्नी गायत्री कोरी ने बताया कि यात्रा के दौरान उनकी तबीयत खराब होने पर डॉक्टरों ने उन्हें अपनी निगरानी में लिया और विशेष देखभाल की, जिससे उसके स्वास्थ्य में सुधार हुआ।

## नेशनल लोक अदालत में 22 लाख 59 हजार से अधिक प्रकरणों का हुआ रिकार्ड निराकरण

**रायपुर।** नेशनल लोक अदालत के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य में 22 लाख 59 हजार से अधिक प्रकरणों का रिकार्ड निराकरण हुआ। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कुल 842 करोड़ रूपए से अधिक का अवार्ड पारित किया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि आज 14 दिसम्बर को उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर न्यायालयों के साथ-साथ राजस्व न्यायालयों में लोक अदालतों का आयोजन हुआ। हाईकोर्ट बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत के तहत खण्डपीठों का वर्चुअल निरीक्षण किया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि यह इस वर्ष की चतुर्थ एवं अंतिम नेशलन लोक अदालत थी। मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा द्वारा रायपुर व दुर्ग के लोक अदालत की कार्यवाहियों का निरीक्षण कर वहां के प्रधान जिला न्यायाधीशों से चर्चा की गई।

हमसे जुड़ने के लिए

Q.R.स्कैन करें

ChhattisgarhCMO

Visit us : DPRChhattisgarh

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

www.dprcg.gov.in

Samvad-42449/60

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403